SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, ● www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 140 | गुवाहाटी | रविवार, 11 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कछार में 50 करोड़ की नशीली दवा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार पेज 3
प्रधानमंत्री मोदी आज महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे पेज 4
वाराणसी जंक्शन को बनाएंगे वर्ल्ड क्लास का स्टेशन : रेलमंत्री पेज 5
सांप निकलने पर लाठी पीटती है कांग्रेस : पूनिया पेज 8

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## चेन्नई में मैंडूस ने मचाई तबाही, चार लोगों की मौत, 400 से ज्यादा पेड़ उखड़े



**चेन्नई।** चेन्नई के मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मैंडूस ने तबाही मचा दी है। मामल्लपुरम तट से गुजरने के बाद चक्रवाती तूफान ने शहर और आसपास के इलाकों को प्रभावित किया और यहां तक की 400 से ज्यादा पेड़ जड़ से उखड़ गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बताया कि 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात 70 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ तूफान तट से टकराया। सीएम ने बताया कि तूफान के चलते चार लोगों की मौत भी हो गई। मरीना बीच के पास भी जलभराव देखने को मिला और खाने-पीने के स्टॉल क्षतिग्रस्त हो गए। स्टालिन ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सरकार ने स्थिति का अनुमान लगा लिया है और सभी निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि बड़े नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि वृहद चेन्नई निगम समेत विभिन्न निकाय एजेंसी गिरे हुए पेड़ों को हटाने में लगी रहीं, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। स्टालिन ने कहा कि उन्नत योजना के साथ, इस सरकार ने साबित कर दिया कि किसी भी आपदा का प्रबंधन किया जा सकता है। तेज हवा चलने के चलते लगभग 400 पेड़ गिर गए हैं। कई पेड़ बिजली के खंभों पर गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। चक्रवात के कारण बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है और 600 जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है। सरकार के अनुसार सफाई का काम तेजी से चल रहा है और लगभग 25,000 लोग आपदा प्रबंधन कार्यों में लगे हैं। हालांकि, आईएमडी चेन्नई ने एक ट्वीट में कहा कि चक्रवाती तूफान मैंडूस उत्तरी तमिलनाडु तट पर टकराने के बाद अब कमजोर हो गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर केंद्रीय सहायता मांगी जा सकती है। -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान सीमा पर भारत-पाक सैनिकों के बीच गोलीबारी



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के अनूपगढ़ सेक्टर में शुक्रवार की देर शाम को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाक रेंजर्स के बीच लंबे समय के बाद गोलीबारी हुई है। भारत की ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दोनों ओर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर फायरिंग होने के बाद बीएसएफ ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों के साथ एक फ्लैग मीटिंग बुलाई है, जो 10 दिसंबर को होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने अपने सीमा पार समकक्षों के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## हिमाचल की कमान सुक्खू के हाथ मुकेश डिप्टी सीएम, शपथ ग्रहण आज


**शिमला।** कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगे और मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम की जिम्मदारी मिली है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह कल सुबह 11 बजे होगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सुखविंदर सिंह सुक्खू को सीएम बनाने का निर्णय लिया गया। बता दें कि राज्य में पहली बार डिप्टी सीएम बनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और प्रदेश की जनता का शुक्रगुजार हूं। हमने हिमाचल प्रदेश की जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करना मेरी जिम्मेदारी है। राज्य के विकास के लिए हमें काम करना है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम के रूप में चुने गए मुकेश अग्निहोत्री और मैं एक टीम के रूप में काम करेंगे। मैंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 17 साल की उम्र में की थी। कांग्रेस पार्टी ने मेरे लिए जो किया है उसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। भूपेश बघेल ने बताया कि हाईकमान ने आज सुखविंदर सिंह सुक्खू को कांग्रेस विधायक दल के नेता यानी मुख्यमंत्री के रूप में चयन किया है और उपमुख्यमंत्री के रूप में मुकेश अग्निहोत्री को चुना है। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि सर्वसम्मति से सारे विधायकों ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को विधायक दल का नेता चुना है। कल उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री के -शेष पृष्ठ दो पर



## प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने की हाईकमान के खिलाफ नारेबाजी

**शिमला ( हि.स. )।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान जारी है। मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए शनिवार को विधानसभा परिसर में बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले फिर हंगामा हुआ। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के समर्थक उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर सिसिल ओबराय होटल से विधानसभा तक नारेबाजी कर रहे हैं। उनके समर्थकों ने पार्टी हाईकमान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने पहले सिसिल ओबराय हॉटल के बाहर नारेबाजी की, जहां कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों- भूपेश -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री हिमंत ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि जाति के अस्तित्व की रक्षा के लिए महान संघर्ष में आज के दिन शहीद हुए खर्गेश्वर तालुकदार के साथ-साथ छह वर्षों तक चले असम आंदोलन के हर शहीद का बलिदान हमें युगों तक अपनी माताओं के प्रति जवाबदेह रहने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं असम आंदोलन के उन अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने असमिया की पहचान की रक्षा के लिए निडर होकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के द्वारा आज केंद्रीय रूप से नलबाड़ी जिले के बेलशर हाईस्कूल खेल मैदान में शहीद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता समेत अन्य वरिष्ठ नेता हिस्सा लेंगे। असम आंदोलन की कोख से जन्मी असम गण परिषद (अगप) आज राज्यव्यापी शहीद दिवस मना रही है।

## पूर्व उग्रवादी नेता डेनियल बोरक हुए भाजपा में शामिल



**अगरतला।** पूर्व उग्रवादी नेता डेनियल बोरक अपने समूह के 29 अन्य सदस्यों के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा की आदिवासी शाखा जनजाति मोर्चा में शामिल होने के मौके पर त्रिपुरा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य भी उपस्थित रहे। उनके अलावा भाजपा की आदिवासी शाखा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिकास देबबर्मा और उपाध्यक्ष पाताल कन्या जमातिया भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि डेनियल बोरक भाजपा में तब शामिल हुए हैं, जब जल्दी ही राज्य में विधानसभा -शेष पृष्ठ दो पर

## मिजोरम विस : 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी आप

**एजल।** आम आदमी पार्टी (आप) आगामी वर्ष होने वाले मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसना शुरू दिया है। आप ने घोषणा की है कि वह मिजोरम में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में 40 में से 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। मिजोरम आप के वरिष्ठ नेता एंड्रयू लालरेमकिमा ने यह जानकारी दी। एंड्रयू लालरेमकिमा ने कहा कि हम कम से कम 25 सीटों पर चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*आलसी का ना वर्तमान होता है, ना भविष्य।*

\- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## मिड डे मील खाने से 45 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सरकारी विद्यालय में मिड डे मील का खाना खाने से तकरीबन 45 बच्चों की हालत बिगड़ गई। बच्चों की हालत बिगड़ने की सूचना पर स्कूल में परिजन पहुंच गए। बच्चों के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिरोजाबाद जिले में सिरसागंज के प्राथमिक विद्यालय किसरांव का मामला है। यहां के प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ गई। करीब 45 बच्चे अस्पताल पहुंचे हैं।

## दरवाजे पर दस्तक दे रहा है जलवायु परिवर्तन समाज को करना होगा विचार : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन दरवाजे पर दस्तक दे रहा है और गरीब देशों के लोग पर्यावरण के क्षरण के लिए *भारी कीमत* चुकाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को अब न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर भी विचार करना चाहिए। मानवाधिकार दिवस के मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने ये भी अपील की कि मनुष्यों को प्रकृति और जैव विविधता के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना भी सीखना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं पूछती हूं कि अगर हमारे आसपास के जानवर और पेड़ बोल सकते तो वो हमें क्या बताते। हमारी नदियां मानव इतिहास के बारे में क्या कहतीं और हमारे -शेष पृष्ठ दो पर

## समान नागरिक संहिता विधेयक का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने किया कड़ा विरोध




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता विधेयक को एक प्राइवेट बिल के तौर पर राज्यसभा में पेश किए जाने को निराशाजनक कदम बताया है। बोर्ड ने इस कदम को देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश बताया है। बोर्ड के महासचिव खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा है कि देश के संविधान का निर्माण करने वालों ने बहुत ही सोच समझ कर संविधान बनाया था। संविधान में हर वर्ग को अपने धर्म और अपनी संस्कृति के अनुसार जिंदगी गुजारने की इजाजत दी गई है। इसी सिद्धांत पर केंद्र सरकार ने -शेष पृष्ठ दो पर

## आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करेगी मध्यप्रदेश की बदलती तस्वीर : गडकरी




**भोपाल ( हि.स. )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश की बदलती तस्वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत के सपने को पूरा करेगी। आने वाले समय में मध्यप्रदेश देश के विकसित प्रदेशों में अग्रणी होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सुपर इकोनॉमिक पावर बनेगा और उसमें मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान होगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी शनिवार को बरसैता रीवा में आयोजित सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 2443.89 करोड़ की लागत की कुल 204.81 किलोमीटर लंबी 7 सड़क परियोजनाओं का -शेष पृष्ठ दो पर

## बच्चों का यौन शोषण छिपी हुई समस्या : सीजेआई



**नई दिल्ली।** बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे यौन अपराधों को लेकर एक बार फिर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई हैं। उन्होंने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि बच्चों का यौन शोषण एक छिपी हुई समस्या है, पता चलने के बाद भी लोग इस पर चुप्पी साध लेते हैं। इसलिए अब राज्यों को आगे आना चाहिए और परिवारों को दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, भले ही अपराधी परिवार का सदस्य ही क्यों न हो। सीजेआई ने कहा कि बाल यौन शोषण की रोकथाम और इसकी समय पर पहचान और इसके रोकथाम से जुड़े कानून बारे में जागरूकता पैदा करना अनिवार्य है। बच्चों को सुरक्षित -शेष पृष्ठ दो पर

## शेख हसीना के खिलाफ सड़क पर उतरे हजारों लोग



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतरे हैं। वहां विपक्ष की बुलाई गई रैली में पहुंचे इन लोगों ने शेख हसीना से इस्तीफे की मांग की है। लोकल मीडिया के मुताबिक बांग्लादेश के मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने फिर से चुनाव कराने की मांग को लेकर एक रैली का आयोजन किया था। जो ढाका के गोलापबाग मैदान में हुई। इल रैली में लोगों ने जमकर *शेख हसीना वोट चोर है* के नारे लगाए। बांग्लादेश में विपक्ष काफी समय से बिजली कटौती और बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। जो हाल ही में और तेज हो गए। इसी के चलते कल यानी शुक्रवार को सुरक्षा बल बीएनपी के हेडक्वार्टर में घुस गए। सुरक्षा बलों की इस रेड में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके कारण विपक्ष में नाराजगी और बढ़ गई। अलजजीरा से बात करते हुए बीएनपी पार्टी के अधिकारी ने दावा किया की शेख हसीना के खिलाफ हुई रैली में 2 लाख लोग शामिल हुए। जबकि ढाका में पुलिस प्रवक्ता फारुख अहमद ने इस दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि मैदान की क्षमता केवल 30 हजार लोगों की है। बांग्लादेश में नया जनरल इलेक्शन जनवरी 2024 में होगा। प्राइम मिनिस्टर शेख हसीना वाजेद ने इसका एलान किया है। हसीना 2009 से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हैं और लगातार पांचवी बार पीएम पद -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश से भागे 160 रोहिंग्या शरणार्थियों के समुद्र में डूबने की आशंका



**कोलकाता ( हि.स. )।** बांग्लादेश के शरणार्थी कैंप से भागे 160 रोहिंग्या शरणार्थियों के अंडमान के पास समुद्र में डूबने की आशंका जताई गई है। रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव के एक पदाधिकारी ने यह दावा किया है। इस पदाधिकारी ने बताया है कि बांग्लादेश से बंगाल की खाड़ी में एक नाव लेकर यह सारे शरणार्थी फरार हुए थे। इन्हीं में से एक शरणार्थी ने इंडोनेशिया के पास अंडमान निकोबार द्वीप समूह के समुद्र से रेडियो फ्रिकवेंसी के जरिए संपर्क कर मदद मांगी थी। ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन के निदेशक सब्बार मीन ने बताया कि शरणार्थियों में से एक ने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**


For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# दुनिया का शानदार आर्थिक गंतव्य है यूपी : ओम बिरला



**गोरखपुर ( हि.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की मुक्तकंठ सराहना करते हुए कहा कि आज दुनिया के लिए उत्तर प्रदेश सबसे शानदार आर्थिक गंतव्य है। बड़े देश भी यूपी को आर्थिक गंतव्य चुनने के लिए प्राथमिकता दे रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचार एवं दूरदृष्टि का परिणाम है। उत्तर प्रदेश में हर नौजवान को रोजगार मिलेगा, किसान समृद्ध होगा। यह प्रदेश, देश ही नहीं दुनिया का सिरमौर बनेगा। लोकसभा अध्यक्ष शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 90वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल वैभवपूर्ण संस्कृति, अध्यात्म व कठोर परिश्रम के लिए ख्यातिलब्ध है बल्कि आज विकास की दृष्टि से दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य है। नए विचार रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सभी क्षेत्रों में उद्योग, सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आदि सभी क्षेत्रों में लंबा दृष्टिकोण बनाकर काम किया है। उन्होंने कहा कि आज यहां शांति है। मजबूत कानून व्यवस्था है। न्याय, समानता व समतामूलक समाज है। यही कारण है कि दुनिया के लोग आर्थिक गंतव्य के लिए उत्तर प्रदेश को चुन रहे हैं। यहां के मुख्यमंत्री की सोच है कि यह प्रदेश आर्थिक दृष्टि से मजबूत होकर रोजगार देने वाला सबसे बड़ा प्रदेश भी बने। उत्तर प्रदेश के युवाओं को यहीं की धरती पर काम मिले और उनकी क्षमता का लाभ प्रदेश को मिले, उसी दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आर्थिक तंत्र को आगे बढ़ा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोरोना संकट के दौरान न केवल डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ व कोरोना योद्धाओं का हौसला बढ़ाया बल्कि खुद कोरोना पीड़ित होने के बावजूद लोगों के बीच जाकर उनका साहस बढ़ाते रहे। चिकित्सा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी तय मानकों पर उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहे, इसी नई सोच से यहां काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को जी-20 का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला है। इसमें यूपी में भी कई कार्यक्रम होंगे। उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है। यहां 76 फीसद सरफेस वाटर सिंचन होता है, लक्ष्य 100 फीसद का है। जी-20 के माध्यम से हम कृषि उत्पादों और उनका मूल्य संवर्धन कर किसानों को आर्थिक रूप से और समृद्ध कर सकेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया में भारत की बदलती पहचान में युवाओं की बड़ी भूमिका है। भारत के युवाओं में चिंतन, नवाचार की अद्भुत क्षमता है।

# नाले में फंसी गाय को कड़ी मशक्कत के बाद बचाया गया



**होजाई ( हिस )।** होजाई शहर के मुख्य सड़क जुगल किशोर केडिया रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने से जाने वाली सड़क के किनारे बने नाले के ऊपर फुटपाथ से एक गाय गुजर रही थी उसी समय अचानक नाला का ऊपर का पक्का टूट गया और गाय नाले में गिरी गई। यह दृश्य स्थानीय लोगों ने देखा। वहीं युवक विक्रम शर्मा ने आनन-फानन में 18 नंबर वार्ड के वार्ड कमिश्नर मृदुल सैकिया सहित अन्य कई लोगों को इस संदर्भ में जानकारी दें। जैसे ही वार्ड कमिश्नर सैकिया को इसकी जानकारी मिली वे तुरंत मौके पर पहुंचे साथी वहां भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी। परंतु गाय नाले के अंदर कौन सी तरफ चली गई यह किसी को नहीं पता चल पाया कई घंटों के बाद नाले के दाएं-बाएं तरफ दोनों तरफ गाय को ढूंढा गया तब कहीं जाकर गाय का पता चल पाया परंतु गाय को अब कैसे बाहर निकाला जाए यह एक बड़ी समस्या बन चुकी थी। इस दौरान उक्त घटना की सूचना पर सभा से कुछ कर्मचारी उपस्थित हुए। वही गाय के मालिक सुमित दता भी मौके पर पहुंच चुके थे। स्थानीय लोगों के सहयोग से जेसीबी की मदद से गाय को 4 घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया। गाय माता को कहीं जगह चोट भी लगी है। गौरतलब है, होजाई शहर के फुटपाथ की अवस्था जर्जर होती जा रही है और कई जगहों से नाले के ऊपर का स्लैब टूटा हुआ है कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इस पर पौर सभा को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वहीं आम जनमानस ने स्थानीय विधायक रामकृष्ण घोष, वार्ड कमिश्नर चतुर्थी रानी विश्वास सहित संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि होजाई शहर के फुटपाथ की जर्जर अवस्था को सुधारने के लिए उपयुक्त कार्यवाही करें। वहीं कई लोगों का कहना है कि जब से फुटपाथ बनी है तब से नाले की कभी सफाई नहीं हुई।

# त्रिपुरा में मनाया गया झारखंड दिवस

**अगरतला।** कांग्रेस सरकार ने हमेशा झारखंड के लोगों के साथ धोखा किया। केंद्र में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक उनकी अलग झारखंड की मांग को नहीं सुना गया। जबकि जब भाजपा की सरकार सत्ता में आई तो उनकी मांग पूरी हुई। इसके बाद अलग झारखंड की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई और अलग राज्य बना। यह बात त्रिपुरा सिमना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित झारखंड दिवस के मौके पर एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव उरांग ने कही। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं जब से भाजपा सरकार बनी है, तबसे त्रिपुरा में भी श्रमिकों के हित में लगातार काम कर रही है। श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो, उसका ध्यान सरकार रख रही है। त्रिपुरा सरकार आदिवासियों और श्रमिकों को लेकर कितना सोचती है, इसका पता इसी बात से लगता है कि सरकार यहां पर झारखंड दिवस मना रही है। उरांग ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झारखंड के लोगों को छला। उनकी मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया। जब केंद्र में भाजपा की सरकार आई तो उन्होंने 2000 में झारखंड की मांग अमली जामा पहनाया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार भी श्रमिकों के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसी तरह की दिक्कत होने नहीं दे रही है। इस अवसर पर त्रिपुरा प्रदेशाध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर त्रिपुरा में झारखंड दिवस मनाया जा रहा है।

# माजबाट में फिर स्वचालित हथियार बरामद



**उदालगुड़ी ( हि.स. )।** उदालगुड़ी जिलांतर्गत माजबाट के दो नंबर शिकारीडांगा से एक एके-47 राइफल, जिन्दा कारतूस और पिस्तौल को पुलिस ने बरामद किया है। गुरुवार को भी पुलिस ने इसी इलाके से हथियार और गोला-बारूद को बरामद किया था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती देर रात उदालगुड़ी पुलिस और माजबाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती माजबाट के दो नंबर शिकारीडांगा के घने जंगल से पुलिस की एक टीम द्वारा गड्ढे में दबी हालत से एके-47 रायफल, 43 जिवित कारतूस, चीन निर्मित एक पिस्तौल बरामद किया है। माजबाट पुलिस थाना प्रभारी राजीव गोहाईं ने शनिवार को मीडिया को बताया कि असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती दो नंबर शिकारीडांगा में रौता नदी के पास हथियारों को बरामद किया गया। उदालगुड़ी के पुलिस अधीक्षक प्रतिक रोंगहांग के आदेश पर पिछले तीन दिनों से पुलिसकर्मियों का एक समूह इलाके में अभियान चला रहा है। टीम में उदालगुड़ी जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अचुर्या जीवन बरुवा, ज्योति प्रसाद पेगू और माजबाट पुलिस थाना के प्रभारी पुलिस अधिकारी राजीव गोहाईं शामिल थे।

# तेजपुर लिट फेस्ट 2022 नेरीवाल्म परिसर में शुरू हुआ

**तेजपुर।** तेजपुर लिट फेस्ट 2022 का पहला संस्करण शुक्रवार को असम के तेजपुर में नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर एंड लैंड मैनेजमेंट (नेरीवाल्म) परिसर में प्रसिद्ध लेखकों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शुरू हुआ। तेजपुर एकेडमी ऑफ लिटरेचर एंड एजुकेशन (टेल) द्वारा आयोजित, तेजपुर लिट फेस्ट 2022 शहर का पहला साहित्य उत्सव है, जिसे असम के सांस्कृतिक और साहित्यिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। तीन दिवसीय साहित्य उत्सव, जो 11 दिसंबर को समाप्त होगा, साहित्य की प्रासंगिकता और युवाओं में किताबें पढ़ने के आनंद को बढ़ावा देने के साथ-साथ पढ़ने के महत्व को उजागर करना चाहता है। उद्घाटन समारोह में डॉ ध्रबज्योति बोरा और देबा कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित किया महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ध्रबज्योति बोरा, कुलपति, श्रीमंत शंकरदेव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय; सम्मानित अतिथि मधुरज्य बरुआ, मुख्य महाप्रबंधक, ऑयल, देब कुमार मिश्रा, उपायुक्त, सोनितपुर; डॉ. प्रदीप कुमार बोरा, निदेशक, उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय जल और भूमि प्रबंधन संस्थान (एनईआरआईडब्ल्यूएलएम) सहित साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता ममंग दाई; लेखक धुरबा हजारिका; लेखक, अनुवादक और स्तंभकार मित्रा फुकन, कार्टूनिस्ट पंकज थापा; लेखक अंकुश सैकिया, दूसरों के बीच में। तेजपुर लिट फेस्ट 2022 की संयोजक डॉ सरिता शर्मा ने साहित्य उत्सव में सभी का स्वागत किया। उन्होंने सभी सदस्यों को उनकी कड़ी मेहनत और त्योहार को एक वास्तविकता बनाने की प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सलाहकार बोर्ड के सदस्यों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक सपना था जिसे वर्षों से पोषित किया गया था। सोनितपुर के उपायुक्त देब कुमार मिश्रा ने अपने भाषण में तेजपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का मिलन स्थल है। उन्होंने उत्सव को तेजपुर की संस्कृति में एक नए जुड़ाव के रूप में संदर्भित किया और इसे वास्तविकता बनाने के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्य एक समाज का प्रतिबिंब और अभिव्यक्ति है और मैं इस उत्सव का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं।




उन्होंने अगले वर्ष से फेस्ट के साथ-साथ पुस्तक मेला आयोजित करने में भी रुचि दिखाई। मुख्य अतिथि डॉ. ध्रुबज्योति बोरा, कुलपति, श्रीमंत शंकरदेव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, ने अपने उद्घाटन भाषण में तेजपुर लिट फेस्ट 2022 के विषय पर बात की, जो कि उनके पिछले उपन्यासों में से दो की एक छोटी खोज के माध्यम से ब्लरिंग बाउंड्री है। तेजपुर के आधुनिक इतिहास पर आधारित काल्पनिक हैं। उन्होंने समझाया कि क्यों गंभीर साहित्य को आज ऐसे विषयों का अन्वेषण करने की आवश्यकता है। लेखक और उसका काम हमेशा इतिहास में स्थित होते हैं। हर काल्पनिक रचना में इतिहास का संदर्भ होता है जो हुआ है या भविष्य में होगा, उन्होंने साहित्यिक कृतियों पर इतिहास के प्रभाव को उजागर करते हुए जोड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि एक साहित्य उत्सव लेखकों और उनके कार्यों को प्रदर्शित करने का एक तरीका नहीं है। यह समाज के विभिन्न मुद्दों को भी सामने लाता है। तो, एक तरह से, यह हमारी परंपरा, विरासत और रचनात्मकता में एक उत्सव और गंभीर आत्मनिरीक्षण दोनों है, उन्होंने कहा। ओआईएल के मुख्य महाप्रबंधक मधुरज्य बरुआ ने अपने भाषण में साहित्यिक उत्सव की अवधारणा को तेजपुर में लाने के लिए आयोजन टीम को बधाई दी और %तेजपुर लिट फेस्ट 2022% को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के रैंक तक जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला प्रशासन और असम सरकार से त्योहार को अपनी आधिकारिक क्षमता में लेने का भी आग्रह किया ताकि यह बड़ा और बेहतर हो, साथ ही इसे आयोजित करने के लिए तेजपुर को सबसे अच्छी जगह घोषित किया। लेखक अंकुश सायका, धुरबा हजारिका, ममंग दाई और मित्रा फुकन हैं प्रो. रमेश चौ. डेका, कुलपति, कॉटन यूनिवर्सिटी, ने अपने मुख्य भाषण में विज्ञान और साहित्य के बीच की सीमाओं को धुंधला कर दिया, क्योंकि उन्होंने आनंदराम ढेकियाल फुकन के पुत्र राधिका राम ढेकियाल फूकन के योगदान पर प्रकाश डाला, जिन्हें उन्होंने शोध पत्र लिखने वाला पहला भारतीय बताया। रसायन विज्ञान के एक अकादमिक जर्नल में। उन्होंने श्रोताओं को यह भी बताया कि कैसे प्रो. डेका ने अपने सहयोगियों डॉ. गौरांगी मैत्रा, प्रो. रंजीत कुमार देव गोस्वामी और समीर कुमार सूत्रधर के साथ हीडलबर्ग विश्वविद्यालय से 19वीं सदी के इस असमिया रसायनज्ञ के डॉक्टरेट की डिग्री का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र के बाद चैलेंजिंग कन्फर्मेशन बायस : ब्लरिंग बाउंड्रीज पर एक पैनल चर्चा हुई, जहां लेखकों ने खुलकर बात की और पहचान, संस्कृति, इतिहास, साहित्य और खुद लिखने की कला के मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा के प्रतिभागियों में लेखक मित्रा फुकन, ममंग दाई, धुरबा हजारिका, अंकुश सैकिया के साथ डॉ. श्रावणी बिस्वास, एचओडी, अंग्रेजी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय शामिल थे।

# पृष्ठ एक का शेष

## चेन्नई में मैंडूस ने मचाई ...

इससे पहले, राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री के के एस एस आर रामचंद्रन ने कहा कि 205 राहत केंद्रों में 9,000 से अधिक लोगों को रखा गया है। शुक्रवार सुबह 6 बजे से आज सुबह 6 बजे के बीच, 30 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को भी संचालन प्रभावित होने के कारण रद्द कर दिया गया था। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान मैंडूस (जिसका मतलब खजाने की पेटी है) उत्तरी तमिलनाडु तट पर गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर कमजोर हो गया। यह 10 दिसंबर को दोपहर तक पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा और धीरे-धीरे कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र में बदल गया। चक्रवात से हुए प्रभाव की समीक्षा करने काशीमेडु क्षेत्र में पहुंचे सीएम स्टालिन ने बताया कि सरकार ने चक्रवात को देखते हुए कई एहतियाती कदम उठाए थे। तमिलनाडु में चक्रवात से हुए पूरे नुकसान का अनुमान अभी तक नहीं लगाया जा सका है, लेकिन इस दौरान 9,000 लोगों ने 205 राहत शिविरों में शरण ली। शुक्रवार सुबह छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक 30 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने रद हुईं। वहीं, सुबह कुछ समय के लिए एयरपोर्ट को बंद भी करना पड़ा।

## राजस्थान सीमा पर ...

एक फ्लैग मीटिंग बुलाई है, जो शनिवार को राज्य के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में होने की उम्मीद है। बताया गया है कि भारतीय क्षेत्र में कुछ स्थानीय लोगों की आवाजाही के कारण पहले पाकिस्तानी तरफ से गोलीबारी हुई, जिसके बाद बीएसएफ जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि गुजरात, पंजाब और जम्मू के साथ-साथ चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा के राजस्थान मोर्चे पर बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच लंबे समय के बाद गोलीबारी हुई है। सीमा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना के बारे में अधिक जानकारी और जानकारी का इंतजार है।

## हिमाचल की कमान...

रूप में मुकेश अग्निहोत्री को चुना गया है। ये आलाकमान का निर्णय है। बता दें कि हिमाचल में सीएम पद को लेकर शुक्रवार रात को नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें सीएम चुनने के लिए कांग्रेस आलाकमान को अधिकृत किया गया।

## प्रतिभा सिंह के ...

बघेल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ठहरे हुए हैं। बाद में उनके सैंकड़ों समर्थक विधानसभा परिसर के बाहर जुटे और वहां नारेबाजी जारी है। समर्थकों के आक्रोश एवं नारेबाजी की वजह से विस परिसर में शाम पांच बजे निर्धारित विधायक दल की बैठक एक घंटा देरी से शुरू हो पाई। प्रतिभा सिंह समर्थक प्रदेश कांग्रेस प्रचार समिति के अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू को किसी भी सूरत में मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में नहीं हैं। समर्थकों ने ना सिर्फ सुक्खू के खिलाफ, बल्कि हाईकमान के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। बहरहाल माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के लिए हाईकमान की पसंद सुक्खू हैं। इसके लिए बैठक में नवनिर्वाचित विधायकों से रायशुमारी ली जा रही है। प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने पत्रकारों से कहा कि आज की बैठक के बाद मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया जाएगा।

## पूर्व उग्रवादी नेता...

चुनाव होना है। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए डेनियल ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा के काम से प्रेरित हैं। वे त्रिपुरा में आदिवासी लोगों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। प्रतिबंधित संगठन एनएलएफटी के पूर्व नेता डेनियल ने कहा कि वह एक एनजीओ त्रिपुरा यूनाइटेड इंडिजेनस रिटर्न्स पीपल काउंसिल (टीयूआईआरपीसी) के लिए काम कर रहे हैं, जो आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों, सहयोगियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण के लिए काम करता है। इस अवसर पर फणींद्रनाथ शर्मा और दीपक मजुमदार और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित थे।

## मिजोरम विस : 25 ...

मिजोरम में अच्छे और उचित उम्मीदवारों की तलाश कर रही है, जो राज्य के लोगों को स्वीकार्य हों और चुनावों में जीत भी दिलाएं। उन्होंने कहा कि हम साहसी और ईमानदार लोगों की तलाश में हैं जिन्हें विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया जा सके। मिजोरम आप के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दिल्ली के पार्टी के शीर्ष नेता अगले साल मिजोरम में चुनाव के लिए प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित दिल्ली से नेता हमारे उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे।

## दरवाजे पर दस्तक ...

मवेशी मानवाधिकार के विषय पर क्या कहते। हमने लंबे वक्त तक उनके अधिकारों को कुचला है और अब परिणाम हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मानवाधिकारों की अवधारणा समाज को, प्रत्येक मनुष्य को हमसे अलग ना मानने पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है उसी तरह हमें सभी प्राणियों और उनके आवास स्थान से सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमें प्रकृति से सम्मान के साथ व्यवहार करना सीखना, बल्कि फिर से सीखना होगा। ये ना केवल हमारा नैतिक दायित्व है, बल्कि हमारे अपने अस्तित्व के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस साल मानवाधिकार दिवस की थीम *सभी के लिए सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय* है। ये भारत के संविधान की प्रस्तावना में व्यक्त आदर्शों के करीब है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि हमें न्याय की धारणा का विस्तार करने का प्रयास करना चाहिए। पिछले कुछ वर्ष में दुनिया को असामान्य मौसम प्रवृत्तियों के कारण कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। बता दें कि, संयुक्त राष्ट्र की तरफ से 1948 में जारी किए गए मानवाधिकार सार्वभौमिक घोषणापत्र ( डीएचआर) की याद में मानवाधिकार दिवस 1950 से विश्वभर में 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

## समान नागरिक संहिता ...

आदिवासियों से समझौता भी किया था ताकि वह पूरे देश में अपनी विशेष पहचान के साथ इस देश के नागरिक बनकर रह सकें। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि इनको कभी भी उनकी भाषा एवं संस्कृति से रोकने की कोशिश नहीं की जाएगी। इसी भरोसे के तहत देश में मुसलमान, ईसाई, पारसी और अन्य धार्मिक ग्रुप अपने-अपने पर्सनल लौ के साथ जिंदगी गुजार रहे हैं। अब इन सब पर समान नागरिक संहिता लागू करने का कोई फायदा तो नहीं होगा, लेकिन इससे देश को नुकसान हो सकता है। इससे हमारे देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता प्रभावित हो सकती है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह देश की ज्वलंत समस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रित करे। ऐसी बातों से बचे जो फायदे के बजाय नफरत पैदा करने वाली हों। बोर्ड महासचिव खालिद सैफुल्लाह ने कहा कि भारत जैसा देश जहां दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी बसती है और जो ढेर सारे धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रुपों का संगम है, वहां समान नागरिक संहिता बिल्कुल भी सही नहीं है बल्कि यह नुकसानदेह साबित होगा। मौलाना का कहना है कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी अपने एजेंडे और राजनीति को मजबूती पहुंचाने के लिए अपने सांसदों से इस तरह के बिल पेश करा रही है। इसका मकसद एक ही संस्कृति को पूरे देश पर थोपने की नाकाम कोशिश है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड इसका कड़ा विरोध करता है और आइंदा भी करता रहेगा। बोर्ड तमाम सेकुलर पार्टियों से भी अपील करता है कि सरकार के संविधान विरोधी इस कदम को रोकने की भरपूर कोशिश करें।

## आत्मनिर्भर भारत के ...

लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने 4 लेन चुरहट बायपास व 6 लेन टनल, सतना से बेला तक चार लेन सड़क (पेव्ड शोल्डर के साथ), सीआरआईएफ के अंतर्गत रीवा शहर में कंक्रीट-सीमेंट सड़क, गाजन, मगरवार, इटौर, खम्हरिया गोरैया तक दो लेन सड़क एवं सज्जनपुर-छिबौरा-गाजन खंड पर दो लेन सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही ब्यौहारी से आदर्श ग्राम न्यू सपटा मार्ग और सीआरआईएफ के अंतर्गत देवतालाब-नईगढ़ी रोड के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री शिवराज ने की। गडकरी ने अति आधुनिक रीवा-सीधी 6 लेन टनल का अवलोकन किया और किए गए कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि रीवा-सीधी टनल विंध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सौगात है। यह भारत की पहली एक्वाडक्ट है। इसके ऊपर बाणसागर नहर और रोड बना हुआ है। यह देश के इतिहास की एक महत्वपूर्ण टनल है। इससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस टनल में 300 मीटर के बाद दूसरी टनल के लिए कनेक्टिविटी दी गई है। 46 एक्जास्ट फेन हैं, ऑप्टिकल फाइबर लेन है, साथ ही एलएक्सबीसी सिस्टम और फायर फाइटिंग सिस्टम है। उन्होंने इस कार्य के लिए संबंधित इंजीनियर्स को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विंध्य के विकास में मुख्यमंत्री शिवराज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री शिवराज मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए एक रुपये की राशि देते हैं तब वे विंध्य क्षेत्र के लिए सवा रुपये स्वीकृत करते हैं। आज क्षेत्र के लिए लगभग 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण यहां के विकास को नये आयाम देगा। केंद्रीय मंत्री ने उत्कृष्ट निर्माण कार्य के लिए राहुल दुबे, संजय कुमार सिंह, अजीत स्वाइन, राकेश पटेल, कपिल शर्मा, अवध सिंह, रामविलास सिंह पटेल, सुमेश बांजल और टीम लीडर विवेक जायसवाल को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने रीवा के विकास पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया। गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में उच्च गुणवत्ता के 5 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे/हाईवे बनाए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज से कहा कि इन हाई-वे के पास लॉजिस्टिक पार्क और इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जाए। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का 245 किलोमीटर का हिस्सा मध्यप्रदेश में बनेगा। अटल प्रोग्रेस-वे, इंदौर-हैदराबाद 6 लेन, उज्जैन-गरोठ 4 लेन और आगरा-ग्वालियर ग्रीन फील्ड हाईवे बनाए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज की मांग पर नर्मदा परिक्रमा पथ की सभी मिसिंग लिंक को पूरा किया जाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि प्रदेश के सभी सड़क परिवहन संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं पानी, ऊर्जा, परिवहन और संचार की उत्कृष्ट व्यवस्था है। प्रदेश में सिंचाई के साधनों के विकास से कृषि का उत्पादन बढ़ा है। कृषि के क्षेत्र में आज मध्यप्रदेश देश में प्रथम है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज चौहान बधाई के पात्र हैं।

## बच्चों का यौन...

स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बीच अंतर सिखाया जाना चाहिए। वहीं बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने माता-पिता से सुरक्षित और असुरक्षित शब्द का उपयोग करने का आग्रह किया है क्योंकि अच्छे और बुरे शब्द का नैतिक प्रभाव होता है और वे दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने से रोक सकते हैं। आगे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कार्यपालिका को न्यायपालिका से हाथ मिलाना चाहिए ताकि यौन अपराधों को होने से रोका जा सके। लोगों को संबोधित करते हुए कहा विधायिका से पॉक्सो अधिनियम के तहत सहमति की उम्र के आसपास बढ़ती चिंता पर भी विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि पॉक्सो अधिनियम 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के बीच सभी यौन कृत्यों को आपराधिक बनाता है, भले ही सहमति नाबालिगों के बीच तथ्यात्मक रूप से मौजूद हो, क्योंकि कानून की धारणा यह है कि 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के बीच कोई सहमति नहीं है।


## शेख हसीना के ...

की दावेदार हैं। हसीना ने मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश अवामी पार्टी (बीएनपी) पर आरोप लगाया कि उसके नेता मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए मुल्क का पैसा दूसरे देशों में भेज रहे हैं और इसमें सबसे बड़ा नाम अवामी पार्टी की नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान का है। बांग्लादेश की संसद को *जातियो संगसद* या हाउस ऑफ द नेशन कहा जाता है। इसकी नई बिल्डिंग 15 फरवरी 1982 में तैयार हुई। यह 200 एकड़ में बनी है। संसद में कुल 350 सीटें हैं और इनमें से 50 महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। दुनिया में बांग्लादेश ही एकमात्र ऐसा मुस्लिम मेजॉरिटी नेशन है, जिसने अपनी संसद में खासतौर पर महिलाओं के लिए सीटें रिजर्व रखी हैं। फिलहाल, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग है। इसके पास 302 सीटें हैं। इसके बाद हुसैन इरशाद की जातिया पार्टी है। इसके पास 26 सीटें हैं। खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के पास इस वक्त महज 7 सांसद ही हैं। संसद का कार्यकाल भारत की तरह ही पांच साल का होता है। इमरजेंसी में इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

## बांग्लादेश से भागे ...

बुधवार को संपर्क किया था। उसके बाद उनकी कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि फरार हुए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के उखिया में दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर कुटुपालोंग और पास के एक अन्य घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर बलुकली से भागे हैं। बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स हैं, लेकिन मुझे ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है। भारतीय तटरक्षक बल ने भी इस तरह की किसी घटना से फिलहाल इनकार किया है। भारतीय समुद्री सीमा में ऐसी कोई नाव भी अभी तक बरामद नहीं हुई है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **पंचम अध्याय**

**( आनन्द )**

**भोग सम्पदा जगत के, त्यागि विपिन लिय वास।**
**कन्दमूल फल अशन है, कवने सुख की आश॥ 35॥**

**शब्दार्थ :** (भोग) इंद्रिय-सुख (संपदा) धन (विपिन) वन (वास) निवास (अशन) भोजन (आश) इच्छा, भरोसा।

**भाष्य :** वैराग्यवान पुरुष संसार के समस्त भोग और संपत्ति का त्याग करके वन में जाकर निवास करते हैं और वे वन के कंद-मूल एवं शाक-फल खाकर जीवन निर्वाह करते हैं, वे किस सुख की प्राप्ति के लिए इतना कष्ट सहन कर रहें हैं? संसार के विषय-राग से उपरम होने पर ही महाप्रु का भजन होता है। त्याग और वैराग्य की महिमा है।

**सुख सुख सब कोइ कहे, सूख न जाना कोय।**
**आतम अन्तर आतमा, योग वेदनि सुख सोय॥ 36॥**

**शब्दार्थ :** (योग वेदनि) योग-विज्ञान।

**भाष्य :** सुख-सुख सब कोई कहता है, किंतु सुख को सद्गुरुहीन कोई नहीं जानता आत्मा और अंतरात्मा के संबंध से यौगिक-सुख प्राप्त होता है। यौगिक अर्थात योग संबंध सुख वास्तविक सुख है, इसी को परमानंद कहते हैं।





# कछार में 50 करोड़ की नशीली दवा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार



**कछार (हि.स.)।** नशा विरोधी अभियान में कछार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कछार जिला के धलाई इलाके में बीती रात धलाई पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के संयुक्त अभियान में दो लाख नशीली याबा टेबलेट जब्त की गई। पुलिस ने इस संबंध में पांच ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। कछार जिला के पुलिस अधीक्षक नुमाल महतो ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मिजोरम राज्य के चम्फाई इलाके से आ रहे एक ट्रक (एएस-25बीसी-1582) की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में याबा टेबलेट जब्त की गई। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के सिलसिले में पांच मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कामरूप जिला के बाको निवासी चंदन दालू, मेधिराज हाजोंग, राजदीप पाल, मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिला के बाहदुह वारबालोंग और करीमगंज के सुमोन सरकार के रूप में की गयी है। नुमल महतो ने कहा कि याबा टेबलेट के साथ ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ट्रक से ड्रग्स को लेने के लिए करीमगंज से ऑल्टो कार लाने वाले सुमोन सरकर को भी गिरफ्तार करने के साथ ही ऑल्टो कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## सोमवार को 1179 विद्रोही करेंगे आत्मसमर्पण

**हैलाकांदी (हि.स.)।** राज्य के बराक घाटी के हैलाकांदी जिलांतर्गत काटलीछोड़ा में सोमवार को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक लिबरेशन फ्रंट ऑफ बराक वैली और ब्रू रिवोल्यूशनरी आर्मी ऑफ यूनियन के पूर्व एवं वर्तमान कुल 1179 विद्रोही औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटेंगे। एक सूत्र के अनुसार, यूडीएलएफ समूह के 545 सदस्य और ब्रू समूह के 634 सदस्य आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक आत्मसमर्पण के दौरान आधुनिक बंदूकों, एम-16 बंदूकों और अत्याधुनिक पिस्तौलों समेत 250 से अधिक हथियार को पुलिस को सौंपे जाने की संभावना है। असम विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी और मंत्री पीयूष हजारिका सहित राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में काटलीछोड़ा चाल्मार्स हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित समारोह में विद्रोही संगठनों के सदस्य हथियार छोड़ कर मुख्यधारा में लौटेंगे।

# आवास में मृत मिले आईआईटी गुहावाटी के फैकल्टी डॉ समीर कमल, पुलिस जांच शुरू

**गुवाहाटी (विभास)।** आईआईटी गुवाहाटी के एक फैकल्टी सदस्य असम के उत्तर गुवाहाटी इलाके में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के आवासीय क्वार्टर के अंदर मृत पाए गए है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि मृतक गणित विभाग में फैकल्टी थे और उनकी पहचान 47 वर्षीय डॉ समीर कमल के रूप में हुई है। कामरूप जिले के पुलिस अधीक्षक हितेश चौ. रॉय ने बताया कि शव शुक्रवार शाम एक कमरे के अंदर से बरामद किया गया था। हमें संदेह है कि उसने दो-तीन दिन पहले कथित तौर पर आत्महत्या की थी। रॉय ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। रॉय ने कहा कि स्थानीय पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम प्रभारी अमीनगाँव चौकी पुलिस को आईआईटी गुवाहाटी से सूचना मिली कि बंद फैकल्टी क्वार्टर डी 022 से दुर्गंध आ रही है। इस पर पुलिस दल वहां मौके पर पहुंचा और क्वार्टर को खुलवाया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डॉ समीर कमल क्वार्टर के अंदर सीलिंग फैन से लटके हुए पाए गए थे। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है और परिजनों के पहुंचने का इंतजार है। वहीं, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी ने भी एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि संस्थान मृतक के परिवार के साथ संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आईआईटी, गुवाहाटी इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। हम पुलिस जांच में सहयोग करेंगे और इस मामले पर एक आंतरिक जांच आयोग भी गठित करेंगे।

## भारी मात्रा में म्यांमार की सुपारी के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

**कछार (हि.स.)।** कछार जिला के धलाई में शनिवार की सुबह म्यांमार से तस्करी के जरिए लायी गयी अवैध सुपारी के साथ एक ट्रक को फिर से जब्त किया गया। धलाई पुलिस ने एक ट्रक (एनएल-01के-5637) से म्यांमार की सुपारी के 28 बोरे बरामद किए हैं। म्यांमार से पड़ोसी राज्य मिजोरम से होकर कछार जिला में आ रहे ट्रक को लैलापुर पीपी गेट के सामने रोककर पुलिस ने तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में म्यांमार की सुपारी बरामद की गई। धलाई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में ट्रक को जब्त कर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार ट्रक चालक की पहचान कछार जिला के कलैन बाजार निवासी सलीमुल इस्लाम बरभुइयां (28) के रूप में हुई है।

## विवादित टिप्पणी मामला, सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**करीमगंज (हि.स.)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) सुप्रीमो एवं सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ करीमगंज सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। करीमगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सांसद अजमल के विरुद्ध कुल 8 मामले दर्ज हैं। इनमें से चार करीमगंज से हैं और शेष चार मामले असम के अन्य जिलों के पुलिस स्टेशनों से स्थानांतरित किए गए हैं। केस नंबर 710/2022 के अनुसार आईपीसी की धारा 153ए, 295ए, 298, 509 के तहत केस दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि धुबड़ी के सांसद ने तीन दिसंबर को करीमगंज में हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद सत्ता पक्ष से लेकर विपक्षी दल तक विरोध में उतर आए। राज्य भर के कई पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज की गई थी। करीमगंज सहित कछार जिला भाजपा अध्यक्ष ने प्राथमिकी दर्ज कराई। करीमगंज और सिलचर जिला कांग्रेस समितियों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लेकिन उसके बाद पुलिस को इसमें कोई भूमिका नजर नहीं आई तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।

# महेश सत्संग मंडल का एक शाम प्रभु के नाम

**गुवाहाटी (नसं)।** महेश सत्संग मंडल द्वारा स्थानिय आसाम माहेश्वरी भवन के मुख्य हाल मे एक शाम प्रभु के नाम की शानदार प्रस्तुति की गई। भगवान महेश की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का संचालन सभा उपाध्यक्ष कुशल काबरा ने करते हुए सर्वप्रथम स्थानिय कलाकार गोपी लखोटिया, मोनिका काबरा, जगदीश महतो को आमंत्रित किया जिन्होंने अपनी शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात बैंगलोर से पधारे तथा सुमधुर आवाज के धनी एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक निरंजनजी सारडा को मंच पर आमंत्रित करते हुये उनका विधिवत सम्मान सभा अध्यक्ष नवल किशोर सारडा, युवा संगठन अध्यक्ष आदित्य मूंदडा, सभामंत्री मदन गोपाल सिगची, कार्यक्रम संयोजक निरंजन लाल काबरा द्वारा फूलाम गोमछा, शाल, प्रतीक चिन्ह गैंडा तथा दुपट्टा पहनाकर किया गया। इसी कड़ी मे भजन गायिका मोनिका काबरा का सम्मान महिला समिति अध्यक्ष सरला लाहोटी, सचिव वर्षा सोमानी द्वारा किया गया। भजनों की अमृत वर्षा से सभागार मे उपस्थित समाज बंधुगण मंत्र मुग्ध हो उठे तथा पुरा सभागार दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम समापन के पश्चात महाप्रसाद का समाज बंधुओं ने आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभा, महिला समिति, युवा संगठन के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवायें दी। यह प्रेस विज्ञप्ति सभामंत्री मदन गोपाल सिगची ने जारी की।



## नाइट सर्विस बस से एक करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**तिनसुकिया (निसं)।** पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्वी असम के तिनसुकिया में एक नाइट सर्विस बस से 1 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की।एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने ड्रग्स की जब्ती के सिलसिले में बस के चालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए लोगों में पंकज दिहिंगिया (ड्राइवर), 49, दीजेन डेका (अप्रेंटिस), 45, बिनोद भूमिज और सुरेंद्र राय, 30 शामिल हैं।मादक पदार्थ न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशन क्षेत्र से जब्त किया गया है।तिनसुकिया पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी पराग ज्योति बुढ़ागोहाईं ने कहा, विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, हमने एटी सड़क पर चेकिंग के दौरान हमने कई साबुन की पेटियों में रखी 765.81 ग्राम हेरोइन बरामद की। पंजीकरण संख्या एएस 01 जेसी 6754 वाली बस दीमापुर की ओर से आ रही थी।बुढ़ागोहाईं ने कहा कि यह खेप दीमापुर से लाई गई है और पुलिस श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी की पहचान करने के लिए जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि इस ड्रग कार्टेल के पीछे बड़े खिलाड़ियों को पकड़ना प्राथमिकता है। दीमापुर नशीले पदार्थों की तस्करी के केंद्र के रूप में उभरा है जहां से यह बस और ट्रेन द्वारा असम के विभिन्न हिस्सों में जाता है। वहीं गुवाहाटी के हाथीगांव पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर ब्राउन शुगर समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान सिजुबारी के साहिल अली और हाउसफेड के सलीम अली को लक्ष्मीपत हाथीगांव से गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पास से 7 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा एक सौ प्लास्टिक के छोटे-छोटे खाली कंटेनर बरामद किए गए हैं।

## जीसीसी 1966 एल्युमिनी बैच का मिलन समारोह




**गुवाहाटी (निसं)।** गुवाहाटी कॉमर्स कॉलेज (जीसीसी) के 1966 बैच के छात्रों का मिलन समारोह होटल मारुति में शनिवार को आयोजित किया गया। दिनदयाल सिवोटिया के आतिथ्य में डॉ. श्यामसुन्दर हरलालका द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पारसमल जैन, महाबीर जैन, प्रकाश पाटनी, ओमप्रकाश खंडेलवाल, कुंजबिहारी अग्रवाल (तेजपुर), मनोरंजन अगरवाला (बरपेटा रोड), विजय कुमार जैन (बरपेटा रोड), किरण भातरा, बजरंगलाल अगरवाला व सत्यनारायण बेड़िया (टंगला) ने भाग लिया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मिलन समारोह का शुभारंभ किया गया। बाद में जीसीसी 1966 बैच के दिवंगत आठ सदस्यों को भावभिनी श्रदांजलि देकर ईश्वर से उनकी आत्मा की सद्गति के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात सिवोटिया ने सूक्ष्म रूप से स्वागत संबोधन के पश्चात सभी सदस्यों का असमीया परंपरानुसार फुलाम गमछा से स्वागत किया। बाद में डॉ. हरलालका ने करीब छह दशक बाद आयोजित सभा को संबोधित किया एवं इसके उद्देश्यों की व्याख्या की। उनके द्वारा स्वरचित पुस्तकों के संग्रह को सभी को भेंट की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने छह दशक पुरानी स्मृतियों का एवं कॉलेज के संबंधों का जिक्र किया तथा आनेवाली नई पीढ़ी में व्याप्त कुरुतियों के बारे में भी अपने विचार साझा किए। सभी ने अपने कॉलेज के दिनों वाली पुरानी स्मृतियों को साझा कर अभिभूत हुए। उन्होंने जीसीसी के विकाश में किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं उसपर भी अपने-अपने विचार रखे। सभा की आवाभगत में प्रभुदयाल सिवोटिया, श्रवण सिवोटिया एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया गया, जिसके लिए सभा के सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मोबाइल चुरा कर भाग रहे एक चोर को गुवाहाटी के नूनमाटी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह गणेश प्रधान नामक एक व्यक्ति मानस सर्विस सेंटर के पास अपने एक मित्र के साथ बात कर रहे थे। इसी समय एक युवक उनके वाहन से मोबाइल चुराकर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही आपातकालीन यातायात वाहन में मौजूद नूनमाटी शाखा की टीम ने युवक का पीछा किया। कार्बन गेट के पास स्थानीय लोगों की मदद से मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मोबाइल चोर की पहचान राहुल अली (शांतिनगर) के रूप में की गई है। आरोपित के पास से चुराई गई सैमसंग जे-260 मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार मोबाइल चोर से पूछताछ कर रही है।

## पूर्वोत्तर में पहली बार एआईजीएमएफ की कार्यकारिणी बैठक आयोजित




**गुवाहाटी (निसं)।** पूर्वोत्तर में पहली बार द ऑल इंडिया ग्लास मेन्यूफेक्चरर्स फेडरेशन (एआईजीएमएफ) की कार्यकारिणी सभा एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी के आतिथ्य में आयोजित की गई, जिसमें भारत से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एआईजीएमएफ के 77 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है जब पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार गुवाहाटी में फेडरेशन की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी की ओर से अमन गुप्ता द्वारा किया गया। इस बैठक की पूरी व्यवस्था एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी के तीनों पार्टनर क्रमशः अमन गुप्ता, बानी कलिता व रमित अग्रवाल द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि इस बैठक में यूके, फ्रांस, भूटान सहित भारत के विभिन्न शहरों से ग्लास से जुड़े कारोबारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सेंट गोबेन, एजीआई, ग्लास पैक (हिंदवेयर), सनराइज ग्लास, गोपाल ग्लास सहित कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद थे। गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में भारत सरकार के अंतर्गत कंपिटिशन कमिशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की ओर से व्यापार में हेल्दी एंड अन हेल्दी कंपिटिशन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों के बीच के अंतर को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। जैसे अन हेल्दी कंपिटिशन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बाजार से भारत में किसी सामान का आयात होता है तो उस पर लगने वाली एंटी डंपिंग ड्यूटी के बारे में बताया गया। उसी तरह भारत में कोई उद्योग अनैतिक तरह से किसी उद्योग को व्यापार संबंधित बाधा उत्पन्न करता है तो उसके लिए भी सीसीआई के अंतर्गत विभिन्न कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। साथ ही यह सारी जानकारियां एआईजीएमएफ की वेबसाइट पर भी मौजूद है। इस दौरान मंच पर एआईजीएमएफ के उपाध्यक्ष एचसी भंबानी (सनराइज ग्लास), सचिव विनित कपूर, कोषाध्यक्ष पुरवीश शाह (गोपाल ग्लास), सीजीसीआरआई की वैज्ञानिक डॉ. के अन्नपूर्णा, अमन गुप्ता (मैनेजिंग पार्टनर एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी), डेव फोडहम पब्लिशर्स ग्लास वर्ल्डवाइड के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने भविष्य में इस तरह की बैठक पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों में आयोजित करने की बात कही।

## पत्रकार महेंद्र कलिता अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी पुरस्कार से सम्मानित



**रंगिया (निसं)।** रंगिया के वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र कलिता को अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि रंगिया के पत्रकार महेंद्र कलिता विगत कई वर्षो से भ्रष्टाचार के खिलाफ ईमानदारी व निष्पक्ष भाव से समाचार बनाते आ रहे है। इससे पूर्व भी इन्हें विभिन्न संगठनों एवं प्रशासन की ओर से विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है तथा इसके अलावा रंगिया के विभिन्न अंचलों में कलिता की लोकप्रियता बरकरार है। इनकी विशेष पारदर्शिता के लिए भ्रष्टाचार विरोधी युवा शक्ति असम नामक संगठन द्वारा इन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। गुवाहाटी महानगर के पंजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में असम साहित्य सभा के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान विधायक परमानंद राजवंशी और असम साहित्य सभा की उपाध्यक्ष मृणालीनी देवी द्वारा इन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजित समारोह की अध्यक्षता संगठन के असम प्रांत के अध्यक्ष धर्मकांत गोगोई ने की। कार्यक्रम के दौरान असम के विभिन्न हिस्सों से आये विशेष लोगों को भी इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पत्रकार महेन्द्र कलिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे और अधिक उत्साह के साथ काम करने का जिक्र किया। मालूम हो कि कलिता प्राग न्यूज और दैनिक दैनिक समाचार पत्र के रंगिया संवाददाता के रूप में जनता को अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे है।

## जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने किया वार्षिक डिजाइन पुरस्कार 2022 का अनावरण

**गुवाहाटी।** जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए सबसे बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम का अनावरण किया। जो छात्रों को उत्कृष्टता के इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जो उस मंच का अनावरण करता है जो छात्रों को स्थापनाओं, संग्रहों और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। जेडी एनुअल डिजाइन अवार्ड्स के लिए कर्टन रेजर 9 दिसंबर को आयोजित किया गया और फैशन शो और प्रदर्शनी 10 दिसंबर, 2022 को आईटीए माखखोवा में आयोजित की गई। संस्थान के महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के काम ने इस नवाचार और डिजाइन के माध्यम से निस्संदेह जीवन में बदलाव लाया है। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी, असम ने शानदार 18 वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह भारत में शीर्ष डिजाइन संस्थानों में से एक है। इसके अतिरिक्त, यह गुवाहाटी में अपनी तरह का पहला मंच है। गुवाहाटी संस्थान, जिसे 2005 में स्थापित किया गया था, जो कि अभी भी कला और डिजाइन उद्योग में अग्रणी है। संस्थान की स्थापना 1988 में चंद्रकांत दलाल (अध्यक्ष) और आर.सी. दलाल (दुनिया भर में भारतीय फिल्म महोत्सव के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक), जो छात्रों की वास्तविक क्षमता और बुद्धिमत्ता को प्रज्वलित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करना जारी रखता है, चाहे वह पहले से ही उन्हें पता हो या बस खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रहा हो। वे खुद को सबसे सुरक्षित, अनुकूलनीय और सर्वश्रेष्ठ संस्करणों में बदलते हैं और बहादुरी से डिजाइन की निरंतर विकसित दुनिया में प्रवेश करते हैं। रूपल दलाल, कार्यकारी निदेशक और जेडी संस्थान के निदेशक हर्ष दलाल ने कार्यक्रम में भाग लिया और फैशन शो और इंटीरियर प्रदर्शनी में जज के रुप में भाग लिया। उक्त आयोजन में प्रतिष्ठित हस्तियों में असमिया फिल्म और मोबाइल थिएटर की प्रसिद्ध डिजाइनर और गरिमाज ह्यूज की मालिक गरिमा सैकिया गर्ग और जूरी में गुवाहाटी संस्थान के निदेशकों के साथ आर्किटेक्ट और आकृति के मालिक ए.आर.रितुल शर्मा शामिल थे। टॉप माइंड छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने और प्रेरित करने के लिए फैशन और इंटीरियर डिजाइन में वार्षिक डिजाइन पुरस्कार को शुरु किया गया है। जेडी एनुअल डिजाइन अवॉर्ड्स, 2022 की थीम अराइवल थी, जिसने हमें उस विरासत पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया, जिसे हम पीछे छोड़ गए हैं और हम उस तक कैसे पहुंचे इसके लिए प्रेरित किया है। इंटेरियर एग्जिबिशन में विभिन्न नवीन, भविष्यवादी और टिकाऊ उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। कई प्रदर्शनों में अखरोट के छिलके के पाउडर से बनी क्रॉकरी और रद्दी कागज से बने वॉलपेपर जैसे उत्पाद शामिल थे। इंटीरियर डिजाइन में लगातार विकसित होने वाले रुझानों को प्रदर्शित करने वाले कई अंतरिक्ष-बचत और बहु-कार्यात्मक फर्नीचर भी प्रदर्शित किए गए थे। युवाओं की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता काबिले तारीफ है। फैशन शो में यूकेलिप्टस, मकई और कई अन्य जैसे पर्यावरण के अनुकूल एटिपिकल कपड़ों का उपयोग करके कुछ शानदार परिधानों का प्रदर्शन किया गया। प्राकृतिक रंगाई के उपयोग से इन कपड़ों की स्थिरता में वृद्धि हुई है। इन संग्रहों में से उल्लेखनीय विशेष रूप से विकलांग लोगों के लिए प्राकृतिक इंडिगो डाई का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया था जिसका मन पर शांत प्रभाव पड़ता है। प्रत्येक संग्रह चतुर था और इन युवा दिमागों की पर्यावरण-मित्रता को प्रकट करता था। अज्ञात संभावित खतरों का मुकाबला करने और हल करने की भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए असाधारण कार्य वाले छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ डिजाइन, सबसे नवीन, सबसे व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य और सर्वश्रेष्ठ शोध जैसे पुरस्कार जीते। जेडी एनुअल अवार्ड्स के उद्देश्य को जेडी गुवाहाटी की निदेशक सुश्री सुमिता डे डेका ने रेखांकित किया, उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को इंटीरियर और फैशन डिजाइन के पेशेवर क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है। रूपल दलाल, कार्यकारी निदेशक ने कैंपस निदेशकों की व्याख्या करने के लिए सामाजिक कारणों के साथ डिजाइन के रचनात्मक क्षेत्रों को जोडने में छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उष्मिता डे हजारिका ने इनमें से प्रत्येक संग्रह की श्रम प्रधान प्रकृति पर हमें शिक्षित करके चर्चा जारी रखी। इसके साथ, इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम ने इस प्रतिष्ठित संस्थान के छात्रों के लिए रचनात्मक कैरियर के आगमन को चिह्नित किया। कैओस 2021 की थीम होने के नाते, जेडियन्स को सिखाया कि कैओस किसी भी आविष्कार की नींव है। पिछले 2 वर्षों ने हमें सिखाया कि प्रकृति से अभी भी बहुत कुछ सीखना है और यह स्वीकार करना है कि इसके बारे में हमारी समझ अभी भी बहुत सीमित है। इस वर्ष की थीम अराइवल ने हमें उस विरासत पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है जिसे हम पीछे छोड़ गए हैं और हम उस तक कैसे पहुंचे।



# प्रधानमंत्री मोदी आज महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नागपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे साथ ही नागपुर मेट्रो के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नागपुर और शिर्डी को जोड़ने वाले 520 किलोमीटर लंबे समृद्धि महामार्ग (नागपुर-मुंबई) के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 11 दिसंबर को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े नौ बजे नागपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां वे नागपुर और बिलासपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री नागपुर में सार्वजनिक समारोह में, नागपुर रेलवे स्टेशन और अजनी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास करेंगे, जिनका पुनर्विकास क्रमशः 590 करोड़ रुपये और 360 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्रधानमंत्री सरकारी मेंटेनेंस डिपो, अजनी (नागपुर) और नागपुर-इटारसी तीसरी लाइन परियोजना के कोहली-नरखेर खंड को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं को क्रमशः करीब 110 करोड़ रुपये और करीब 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10 बजे, फ्रीडम पार्क मेट्रो स्टेशन से खपरी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी करेंगे, जहां वे 'नागपुर मेट्रो के पहले चरण' को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह खपरी मेट्रो स्टेशन पर दो मेट्रो ट्रेनों- खपरी से ऑटोमोटिव स्क्वायर (ऑरेंज



लाइन) और प्रजापति नगर से लोकमान्य नगर (एक्वा लाइन) को हरी झंडी दिखाएंगे। नागपुर मेट्रो का पहला चरण 8650 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 6700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाले नागपुर मेट्रो फेज-2 का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:45 बजे, नागपुर और शिर्डी को जोड़ने वाले 520 किलोमीटर लंबे समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे और राजमार्ग का दौरा करेंगे। समृद्धि महामार्ग या नागपुर-मुंबई सुपर कम्युनिकेशन एक्सप्रेसवे परियोजना, देश भर में बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को लेकर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस 701 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे को लगभग 55,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। यह भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक है, जो महाराष्ट्र के 10 जिलों और अमरावती, औरंगाबाद और नासिक के प्रमुख शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यह एक्सप्रेसवे आसपास के 14 अन्य जिलों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इस प्रकार विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र के क्षेत्रों सहित राज्य के लगभग 24 जिलों के विकास में मदद मिलेगी। पीएम गति शक्ति के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन के संदर्भ में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए, समृद्धि महामार्ग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट और अजंता एलोरा गुफाओं, शिर्डी, वेरुल, लोनार आदि जैसे पर्यटन स्थलों से जुड़ जाएगा। समृद्धि महामार्ग महाराष्ट्र के आर्थिक विकास को प्रमुखता पूर्वक बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर साबित होगा। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे एम्स नागपुर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अस्पताल का शिलान्यास भी जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इसे केंद्रीय क्षेत्र की योजना - प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत स्थापित किया गया है। एम्स नागपुर को 1575 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जा रहा है। लगभग 11:30 बजे, प्रधानमंत्री नागपुर में एक सार्वजनिक समारोह में 1500 करोड़ से अधिक की लागत वाली रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वन हेल्थ (एनआईओ), नागपुर और नाग नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना, नागपुर की आधारशिला भी रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), चंद्रपुर' को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और 'सेंटर फॉर रिसर्च, मैनेजमेंट एंड कंट्रोल ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथिस, चंद्रपुर' का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री गोवा में लगभग 3:15 बजे 9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों का भी उद्घाटन करेंगे। इन संस्थानों को लगभग 970 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित किया गया है। इनके माध्यम से, अस्पताल के बिस्तरों की संख्या में लगभग 500 की वृद्धि होगी और छात्रों के प्रवेश में भी लगभग 400 की वृद्धि होगी। लगभग 5:15 बजे, प्रधानमंत्री मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, गोवा का उद्घाटन करेंगे। हवाई अड्डे की आधारशिला नवंबर 2016 में खुद प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। इस हवाई अड्डे को लगभग 2,870 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

# हिमाचल में आचार संहिता हटी, रफ्तार पकड़ेंगे विकास कार्य

**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता निष्प्रभावी हो गई है। निर्वाचन आयोग ने राज्य में चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शनिवार को आदर्श आचार संहिता को खत्म करने की घोषणा की है। आयोग ने इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर दी है। आचार संहिता हटने के बाद राज्य में अब विकास कार्य रफ्तार पकड़ेंगे। विधानसभा चुनाव की घोषणा की वजह से बीते 14 अक्तूबर से हिमाचल में आचार संहिता लागू थी। सरकार की ओर से नई घोषणाओं, विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन समेत अन्य कार्यों पर रोक थी। लगभग 57 दिनों तक राज्य में आचार संहिता लागू रही। अब अचार संहिता के हटने से लगभग दो माह




से रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी और पुराने कार्यों के लिए बजट व टेंडर भी अब जारी हो सकेंगे। पदोन्नतियों व जॉइनिंग का इंतजार कर रहे सरकारी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू होगी। आचार संहिता निष्प्रभावी होने से विभाग नए कार्य शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के तबादले भी हो सकेंगे। कुल मिलाकर सभी स-रकारी व गैर सरकारी कार्यों के लिए पहले की तरह निर्धारित मापदंडों के अनुसार गतिविधियां की जा सकेंगी।

# पंजाब के तरनतारन के थाना सरहाली में राकेट लॉन्चर से हमला

**तरनतारन (पंजाब), (हि.स.)।** पंजाब के तरनतारन जिले के थाना सरहाली के सांझ केंद्र पर शुक्रवार आधीरात बाद 1:00 बजे रॉकेट लॉन्चर जैसा हथियार फेंककर हमला किया गया। इस हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन पुलिस स्टेशन की बिल्डिंग को क्षति पहुंची है। अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सरहाली थाना सीमावर्ती जिले में अमृतसर-बठिंडा राजमार्ग पर स्थित है। इसे आरपीजी अटैक माना जा रहा है। यह काफी शक्तिशाली होता है। कहा यह जा रहा है कि यह प्रक्षेपास्त्र पहले कहीं और गिरा। उसके बाद डायवर्ट होकर पुलिस स्टेशन पर आया। मसलन पहले गेट या पिलर को लक्ष्य किया गया, उसके बाद यह



बिल्डिंग की तरफ आया। प्रक्षेपास्त्र के टकराने से थाने का शीशे का दरवाजा टूट गया।

सूचना मिलते ही स्थिति का मुआयना करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया। गौरतलब है कि यह वही जगह है जहां पर कुख्यात गैंगस्टर हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का पैतृक घर है। खुफिया एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मई में मोहाली में स्थित पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय में रॉकेट से संचालित एक ग्रेनेड फेंका गया था।

# सोमवार को ममता के गढ़ में जनसभा करेंगे शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले राजनीतिक रस्साकशी का दौर शुरू हो गया है। अब वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ हाजरा में जनसभा करने जा रहे हैं। सोमवार को उनकी जनसभा होगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेशानुसार वायु प्रदूषण के मानदंडों का पालन करते हुए उनकी जनसभा होनी है। इधर तृणमूल कांग्रेस ने भी उनके जवाब में दूसरे ही दिन यानी 13 दिसंबर को उसी हाजरा मोड़ पर जनसभा की घोषणा कर दी है। इसमें ममता कैबिनेट के बेहद खास और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के अलावा मंत्री अरूप विश्वास, तृणमूल के राज्य अध्यक्ष सुब्रत बख्शी और रासबिहारी से



विधायक देवाशीष कुमार संबोधन करेंगे। इसके पहले मेदनीपुर के कांथी में शुभेंदु अधिकारी के आवास के पास मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने जनसभा की थी।

इसके जवाब में शुभेंदु ने भी डायमंड हार्बर स्थित उनके संसदीय क्षेत्र में जनसभा कर तीखा हमला किया था। हाजरा में शुभेंदु अधिकारी की जनसभा के जवाब में तृणमूल कांग्रेस की सभा को लेकर भाजपा ने भी सवाल खड़ा किया है। पार्टी के विधायक रवींद्रनाथ माइती ने कहा है कि शुभेंदु अधिकारी को जनसभा करने की अनुमति कोलकाता पुलिस ने नहीं दी तो हाईकोर्ट जानी पड़ी थी लेकिन तृणमूल कांग्रेस को किसी अनुमति की जरूरत क्यों नहीं पड़ती? प्रशासन का यह दोहरा रवैया जनता देख रही है।

# ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री मै छूट गैरकानूनी

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** देश में ऑनलाइन दवाइयों की मांग और बिक्री बढ़ती जा रही है। कई कंपनियां इसमें 30 से 40 फीसदी तक की छूट दे रही हैं। ड्रग्स और कॉस्मेटिक रूल्स का उल्लंघन बताया जा रहा है। नीति आयोग के सदस्य डॉ बीके पाल और ऑल इंडिया ऑगेर्नाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक इस संदर्भ में हुई है। ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री गैरकानूनी तरीके से हो रही है। इस पर रोक लगाने का स-ुझाव केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय दोनों संगठनों ने मिलकर लिया है। बैठक में कहा गया कि इस तरीके की छूट और बिक्री दोनों



ही ड्रग्स और कॉस्मेटिक नियमों का उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार हर साल दवा कंपनियों द्वारा अरबों रुपए की नजराना राशि देकर अपने हिसाब से कानून बनवाए जाते हैं। ऑनलाइन कंपनियों द्वारा छूट देकर इसका लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है। जिसके कारण दवा कंपनियों की हालत आर्थिक दृष्टि से खराब हो रही है। कहीं-कहीं इसमें दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# एयर इंडिया में बदलाव के बाद बोइंग से 150 विमान खरीदेगी टाटा

**नई दिल्ली, (हि.स)।** निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया में इन दिनों कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टाटा समूह के हाथ में आते ही एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास फ्लाइट बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। फ्लाइट के मेकओवर के बाद टाटा समूह ने एयर इंडिया के लिए नये विमानों को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एयर इंडिया ने 150 नये विमानों को खरीदने की तैयारी कर ली है, जिसमें 150 बोइंग, 737 मैक्स जेट खरीदने के लिए बोइंग कंपनी के साथ डील करने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टाटा समूह ने लगभग 150, 737 मैक्स विमानों के लिए ऑर्डर दिया है। कंपनी इस डील के बहुत करीब पहुंच गई है। एयर इंडिया के निजीकरण के बाद यह सबसे बड़ी खरीदारी होगी। बोइंग की



एयर इंडिया के साथ ये पहली डील होगी। इससे पहले अकासा एयर के साथ 75 विमानों के लिए डील हुई थी। एयर इंडिया एयरबस और बोइंग के बीच विभाजित सूची कीमतों पर करीब 50 बिलियन डॉलर की डील हो सकती है। दरअसल, एयर इंडिया विमानन क्षेत्र की बढ़ती मांग के मद्देनजर लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रही है। इससे पहले एयर इंडिया 40 करोड़ डॉलर करीब 3300 करोड़ रुपये का निवेश करके अपने पुराने विमानों के बेड़े में बदलाव लाने की प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। यह प्रक्रिया साल 2024 के मध्य तक पूरी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने 8 अक्टूबर, 2021 को कर्ज तले दबी एयर इंडिया के अधिग्रहण की बोली 18 हजार करोड़ रुपये में जीत ली थी। टाटा समूह को एयर इंडिया की कमान जनवरी, 2022 में मिल गई थी। इसके बाद इसमें निरंतर बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

# दो नवनिर्वाचित पार्षदों सबीला बेगम व नाजिया खातून के साथ कांग्रेस में वापस लौटे अली मेंहदी

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** आप में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद दो नवनिर्वाचित पार्षदों पार्षद-सबीला बेगम तथा नाजिया खातून के साथ अली मेहदी ने कांग्रेस में वापसी करके माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए मेहदी ने कहा कि उन्होंने आप में शामिल होकर गलती की। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और राहुल गांधी के वफादार कार्यकर्ता हैं। मेहदी ने वीडियो में कहा मैंने बड़ी गलती की। मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं और हाथ जोड़कर राहुल गांधी से माफी मांगता हूं। मेहदी और दो नवनिर्वाचित पार्षद-सबीला बेगम



तथा नाजिया खातून शुक्रवार को आप में शामिल हो गई थीं। सबीला ने वार्ड नंबर 243 मुस्तफाबाद से जीत दर्ज की है जबकि खातून ने वार्ड नंबर 245 ब्रजपुरी से जीत हासिल की है। मेहदी तथा दो पार्षदों के आप में शामिल होने के बाद मुस्तफाबाद के निवासियों ने प्रदर्शन किया था। सोशल मीडिया पर आए प्रदर्शनों के वीडियो में लोग मेहदी के खिलाफ नारे लगाते तथा उनका पुतला जलाते दिखे। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि आप पार्टी के कुछ अन्य पार्षदों को भी प्रलोभन देने की कोशिश कर रही है।

# साइबर क्राइम रोकने के दिल्ली पुलिस का जागरूकता अभियान

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते साइबर क्राइम की वजह से जहां एक तरफ लोगों की गाढ़ी कमाई डूब जाती है। तो वहीं कई महिलाएं बुजुर्ग बच्चे भी इस-ाका शिकार हो जाते हैं। पुलिस के लिए भी साइबर क्राइम को रोकना काफी मुश्किल साबित हो रहा है। इससे लोगों को बचाने और उनमें जागरूकता लाने के लिए दिल्ली पुलिस समय-समय पर अलग-अलग इलाकों में अभियान चला रही है। इसी कड़ी में साइबर जागरूकता दिवस के मौके पर दिल्ली के साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अलग-अलग जगहों पर पुलिस साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित कर रही है। इस प्रोग्राम के माध्यम से छात्र-छात्राओं और लोगों को इससे सुरक्षा और बचाव के उपायों के बारे में अवगत किया जा रहा है। साउथ वेस्ट जिले के साइबर थाने के एसआई सुमित कुमार हेड कॉन्स्टेबल दशरथ और पुनीत की टीम ने नेताजी नगर के वुमन टेक्निकल इंस्टिट्यूट सफदरजंग एन्क्लेव के सर्वोदय को-एजुकेशन स्कूल भीकाजी कांप्लेक्स मेट्रो स्टेशन और सरोजनी नगर मार्केट में अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया। जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित कार्यक्रम में साइबर क्राइम के तर-ीकों और उससे बचने के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें निकोटिन इ-वैपिंग हालिया साइबर अपराध सोशल मीडिया ठगी सेक्सटॉर्शन क्यूआर बेस्ड पेमेंट फ्रॉड फर्जी सरकारी साईट एंटी वायरस और मालवेयर सॉफ्टवेयर जैसे संवेदनशील अपराधों के बारें में जानकारी साझा करते हुए उससे बचने की सलाह दी। इसके अलावा पुलिस टीम ने उन्हें गुड साइबर सिक्योरिटी हैबिट प्रैक्टिस और साइबर सेफ्टी में जानकारी साझा की।

# देश में कोरोना के 210 नए मामले उपचाराधीन मरीज घटकर 4047 हुए

**- कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई**

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना के 210 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या और कम होकर 4047 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार संक्रमण के कुल मामलों की संख्या अब 4.46 करोड़ (44674649) हो गई है। केरल द्वारा संक्रमण से मौत के मामलों की सूची में एक और मामला जोड़े जाने के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 530654 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है।



बीते 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 181 मामलों की कमी दर्ज की गई है। स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 44139948 हो गई है जबकि मृतकों की संख्या 1.19 फीसदी है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 219.96 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख 28 सितंबर 2020 को 60 लाख 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# एलपीजी इंश्योरेंस कवर में होता है 50 लाख तक का बीमा

**आशीष वर्मा**

**- रसोई गैस कनेक्शन लेते ही कनेक्शन लेने वाले का हो जाता है बीमा**

**नई दिल्ली।** अगर आपके घर में रसोई गैस की वजह से कोई दुर्घटना होती है तो आप ऑयल कंपनी से नुकसान की भरपाई ले सकते हैं। बहुत कम लोगों को ही पता है कि रसोई गैस कनेक्शन लेते ही कनेक्शन लेने वाले का बीमा हो जाता है। इस पालिसी को एलपीजी इंश्योरेंस कवर कहते हैं। एलपीजी इंश्योरेंस कवर में 50 लाख रुपए तक का बीमा होता है। यह गैस सिलेंडर की वजह से होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना में जान-माल के नुकसान के लिए दिया जाता है। गैस कनेक्शन के लेते ही आपका 40 लाख रुपए का एक्सीडेंटल बीमा हो जाता है।



इसके अलावा सिलेंडर फटने से किसी इंसान की मृत्यु होती है तो 50 लाख रुपए तक का क्लेम किया जा सकता है। हादसे में ग्राहक की प्रॉपर्टी या घर को नुकसान पहुंचता है तो प्रति एक्सीडेंट 2 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस क्लेम मिलता है। सिलेंडर जिसके नाम पर है सिर्फ उसी को इंश्योरेंस की राशि मिलती है। आप किसी को भी इस पॉलिसी में नॉमिनी नहीं बना सकते हैं। जब भी आप सिलेंडर लें तो इस बीमा कवर का लाभ लेने के लिए इस बात का ध्यान जरूर रखें की आपके सिलेंडर की एक्सपायरी डेट न बीत चुकी हो। आपको हमेशा एक्सपायरी डेट देखकर ही सिलेंडर लेना चाहिए क्योंकि ये इंश्योरेंस सिलेंडर की एक्सपायरी डेट से लिंक होता है। क्लेम का फायदा सिर्फ उन्हीं लोगों को मिलता है जिनके सिलेंडर का पाइप चूल्हा और रेगुलेटर आईएस-ाआई मार्क का होता है। दुर्घटना के बाद क्लेम लेने का तरीका स-रकारी वेबसाइट मायएलपीजी.इन पर दिया गया है। ग्राहक को दुर्घटना होने के 30 दिनों के अंदर अपने ड्रिस्ट्रीब्यूटर और पास के पुलिस को हादसे की सूचना देनी होती है। एफआईआर की कॉपी जरूर लेनी चाहिए। सिलेंडर के कारण हादसा होने पर मिलने वाले बीमा का पूरा खर्चा इंडियन ऑयल कंपनियां ही देती हैं।

# गुजरात भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए भूपेंद्र पटेल

**गांधीनगर, (हि.स.)।** गुजरात भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की शनिवार को हुई बैठक में कार्यवाहक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए। बैठक के दौरान केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 12 दिसंबर को होगा। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की है। 182 सदस्यीय राज्य विधानसभा में पार्टी को 156 सीटें मिली हैं। यह विधानसभा चुनाव भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में लड़ा गया था। अब विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि पटेल ही नई सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को स्पष्ट जनादेश मिलने के बाद से ही यह स्पष्ट था कि भूपेंद्र पटेल ही दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे। पटेल ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिपरिषद के साथ राज्य में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इस्तीफा दे दिया था। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भूपेंद्र पटेल ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने एक दिन पहले ही राज्यपाल से मिलकर उनसे समय मांगा था।

## संपादकीय

# मोदी 'अपराजेय' नहीं

**चुनावों** का फिलहाल मौसम समाप्त हो चुका। गुजरात और हिमाचल समेत कुछ उपचुनावों के भी जनादेश सार्वजनिक हो चुके हैं। अब नई सरकारें बनेंगी, निर्वाचित सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। इस बार नतीजे अलग-अलग रहे हैं, लिहाजा समझा जा सकता है कि लोकतंत्र मजबूत और विविध साबित हुआ है। इनमें गुजरात का जनादेश सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि उसने एक लंबे शासन के प्रति जन-लहर को ही बेअसर किया है। भारत में फिलहाल यह विरला उदाहरण है। हालांकि गुजरात में मुसलमान भाजपा और मोदी-विरोधी रहे हैं। उसके बावजूद करीब 34 फीसदी मुसलमानों ने भाजपा के पक्ष में वोट दिए। सौराष्ट्र, कच्छ, दक्षिण गुजरात की आदिवासी पट्टी, दलितों, ग्रामीणों आदि ने भाजपा को वोट दिए, जबकि इन इलाकों में कांग्रेस का जनाधार रहा है। इस चुनाव से आम आदमी पार्टी (आप) ने भी सेंध लगाने की कोशिश की है और गुजरात में 12.8 फीसदी वोट लेकर 5 सीटें जीती हैं। राज्य के ब्राह्मण, बनिया, राजपूत आदि समुदाय तो परंपरागत रूप से भाजपा-समर्थक रहे हैं। गुजरात जनादेश ने स्पष्ट कर दिया कि महिलाओं और युवाओं के अधिकांश वोट भाजपा को मिले। हालांकि राज्य में करीब 40 लाख नौजवान पंजीकृत बेरोजग़ार बताए जाते हैं, महंगाई भी एक मुद्दा है, लेकिन लोगों ने व्यापक हितों के मद्देनजर जनादेश दिया। बेशक गुजरात का चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे, उनके क्षणों, अनथक मेहनत और गति, पार्टी काडर और गुजरात की अस्मिता पर ही तय हुआ। 1960 के बाद के तमाम कीर्तिमान ध्वस्त हो गए। भाजपा ने 85 फीसदी से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की और 156 सीटों का अप्रत्याशित, अतुलनीय, अकल्पनीय जनादेश प्राप्त किया। भाजपा को करीब 1.70 करोड़ वोट मिले, जबकि 'आप' ने पहले ही चुनाव में करीब 41 लाख वोट पाए। कांग्रेस को मात्र 17 सीटें मिली और 2017 के जनादेश की तुलना में उसकी 60 सीटें और करीब 14 फीसदी वोट कम हो गए। वोट तभी संभव हो पाए, जब भाजपा के करीब 78 लाख कार्यकर्ता गुजरात के कोने-कोने में बिछे रहे। उनके अलावा, आरएसएस ने भी खूब काम किया। यह है भाजपा के चुनाव-प्रबंधन की एक बानगी! ऐसे प्रचंड जनादेश के बावजूद हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी भी 'अपराजेय' नहीं हैं। उन्हें पराजित किया जा सकता है। इन चुनावों में भी वह पराजित हुए हैं, क्योंकि उन्होंने हिमाचल में धुआंधार प्रचार किया था और वह खुद को 'हिमाचली बेटा' बताते रहे हैं। दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी भाजपा ने प्रधानमंत्री के चेहरे का इस्तेमाल किया था, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने चुनावी जीत-हार का अनुपात बहुत कम किया है। हिमाचल में मात्र 0.9 फीसदी वोट से भाजपा पिछड़ गई और कांग्रेस को सत्ता नसीब हुई। प्रधानमंत्री मोदी के जन-सैलाबी प्रचारों के बावजूद भाजपा ने पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि कई राज्यों में विधानसभा चुनाव गंवाए हैं। बेशक बाद में सत्ता-समीकरण बदल गए। तमिलनाडु और केरल में आज भी भाजपा लगभग 'शून्य' है, हालांकि प्रधानमंत्री मोदी वहां प्रचार करते रहे हैं। ऐसी पराजयों के बावजूद मोदी राजनीति के 'राष्ट्रीय चेहरा' हैं और वह आम चुनाव को एकतरफा जीतते आए हैं, नतीजतन आज देश के प्रधानमंत्री हैं। उप्र और गुजरात के विराट जनादेशों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव की बुनियाद तो तैयार कर ली है। 2023 में कर्नाटक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, कुछ पूर्वोत्तर राज्यों के चुनावी जनादेश 2024 की दशा-दिशा तय कर सकते हैं। इतना तय है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ विपक्ष का संगठन और सियासत आज भी टुकड़े-टुकड़े है और 2024 के दौर तक भी छिन्न-भिन्न रहेगी। अब नई लड़ाई कांग्रेस और 'आप' के बीच छिड़ेगी कि विपक्ष का चेहरा कौन होना चाहिए।

> राज्य के ब्राह्मण, बनिया, राजपूत आदि समुदाय तो परंपरागत रूप से भाजपा-समर्थक रहे हैं। गुजरात जनादेश ने स्पष्ट कर दिया कि महिलाओं और युवाओं के अधिकांश वोट भाजपा को मिले। हालांकि राज्य में करीब 40 लाख नौजवान पंजीकृत बेरोजग़ार बताए जाते हैं, महंगाई भी एक मुद्दा है, लेकिन लोगों ने व्यापक हितों के मद्देनजर जनादेश दिया। बेशक गुजरात का चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे, उनके क्षणों, अनथक मेहनत और गति, पार्टी काडर और गुजरात की अस्मिता पर ही तय हुआ। 1960 के बाद के तमाम कीर्तिमान ध्वस्त हो गए। भाजपा ने 85 फीसदी से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की और 156 सीटों का अप्रत्याशित, अतुलनीय, अकल्पनीय जनादेश प्राप्त किया। भाजपा को करीब 1.70 करोड़ वोट मिले, जबकि 'आप' ने पहले ही चुनाव में करीब 41 लाख वोट पाए। कांग्रेस को मात्र 17 सीटें मिली और 2017 के जनादेश की तुलना में उसकी 60 सीटें और करीब 14 फीसदी वोट कम हो गए।

## कुछ अलग

# तीनों पार्टियाँ गदगद: तीनों को सबक

**गुजरात** दिल्ली और हिमाचल के चुनाव परिणामों का सबक क्या है? दिल्ली और हिमाचल में भाजपा हार रही है और गुजरात में उसकी एतिहासिक विजय हुई है। हमारी इस चुनाव-चर्चा के केंद्र में तीन पार्टियाँ हैं- भाजपा, कांग्रेस और आप! इन तीनों पार्टियों के हाथ एक-एक प्रांत लग गया है। दिल्ली का चुनाव तो स्थानीय था लेकिन इसका महत्व प्रांतीय ही है। दिल्ली का यह स्थानीय चुनाव प्रांतीय आईने से कम नहीं है। दिल्ली में आप पार्टी को भाजपा के मुकाबले ज्यादा सीटें जरूर मिली हैं लेकिन उसकी विजय को चमत्कारी नहीं कहा जा सकता है। भाजपा के वोट पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़े हैं लेकिन आप के घटे हैं। आप के मंत्रियों पर लगे आरोपों ने उसके आकाशी इरादों पर पानी फेर दिया है। भाजपा ने यदि सकारात्मक प्रचार किया होता और वैकल्पिक सपने पेश किए होते तो उसे शायद ज्यादा सीटें मिल जातीं। भाजपा ने तीनों स्थानीय निगमों को मिलाकर सारी दिल्ली का एक स्थानीय प्रशासन लाने की कोशिश इसीलिए की थी कि अरविंद केजरीवाल के टक्कर में वह अपने एक मजबूत महापौर को खड़ा कर दे। भाजपा की यह रणनीति असफल हो गई है। कांग्रेस का सूंपड़ा दिल्ली और गुजरात, दोनों में ही साफ हो गया है। गुजरात में कांग्रेस दूसरी पार्टी बनकर उभरेगी, यह तो लग रहा था लेकिन वह इतनी दुर्दशा को प्राप्त होगी, इसकी भाजपा को भी कल्पना नहीं थी। कांग्रेस के पास गुजरात में न तो कोई बड़ा चेहरा था और न ही राहुल गांधी वगैरह ने चुनाव-प्रचार में कोई सक्रियता दिखाईं। सबसे ज्यादा धक्का लगा, आम आदमी पार्टी को! गुजरात में आम आदमी पार्टी ने बढ़-चढ़कर क्या-क्या दावे नहीं किए थे लेकिन मोदी और शाह ने गुजरात को अपनी इज्जत का सवाल बना लिया था। मुझे याद नहीं पड़ता कि भारत के किसी प्रधानमंत्री ने अपने प्रांतीय चुनाव में इतना पसीना बहाया हो, जितने मोदी ने बहाया है। आप पार्टी का प्रचारतंत्र इतना जबर्दस्त रहा कि उसने भाजपा के पसीने छुड़ा दिए थे। अरविंद केजरीवाल का यह पैंतरा भी बड़ा मजेदार है कि दिल्ली का स्थानीय प्रशासन चलाने में उन्होंने मोदी का आशीर्वाद मांगा है। इस चुनाव में आप पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली लेकिन उसकी अखिल भारतीय छवि को मजबूती जरुर मिली है। ऐसा लगता है कि 2024 के आम चुनाव में मोदी के मुकाबले अरविंद केजरीवाल का नाम सशक्त विकल्प की तरह उभर सकता है। फिर भी इन तीनों चुनावों में ऐसा संकेत नहीं मिल रहा है कि 2024 में मोदी को अपदस्थ किया जा सकता है। दिल्ली और हिमाचल में भाजपा की हार के असली कारण स्थानीय ही हैं। मोदी को कांग्रेस जरुर चुनौती देना चाहती है लेकिन उसके पास न तो कोई नेता है और न ही नीति है। हिमाचल में उसकी सफलता का असली कारण तो भाजपा के आंतरिक विवाद और शिथिल शासन है। जब तक सारे प्रमुख विरोधी दल एक नहीं होते, 2024 में मोदी को कोई चुनौती दिखाई नहीं पड़ती। इन तीनों चुनावों ने तीनों पार्टियों को गदगद भी किया है और तीनों को सबक भी सिखा दिया है।

> भाजपा ने तीनों स्थानीय निगमों को मिलाकर सारी दिल्ली का एक स्थानीय प्रशासन लाने की कोशिश इसीलिए की थी कि अरविंद केजरीवाल के टक्कर में वह अपने एक मजबूत महापौर को खड़ा कर दे। भाजपा की यह रणनीति असफल हो गई है।

### यदि अधिकतर लोग इन शातिर लोगों की हरकतों पर अपनी पैनी निगाह रख पाएं तो राजनेता व नौकरशाह भ्रष्टाचार नहीं कर पाएंगे

# भ्रष्टाचार व महंगाई हरा देते हैं हर सत्ता को

राजेंद्र मोहन शर्मा

> रिजर्व बैंक ने भी अनपी मौद्रिक नीति के अन्तर्गत ब्याज दरों में बदलाव लाकर समय समय पर महंगाई पर अंकुश लगाने की कोशिश की है, मगर कई ऐसे कारण हैं निजकी वजह से कीमतें बढ़ती चली गई। तेल की कीमतों को बढ़ने से रोकना किसी देश के अनपे वश में नहीं होता क्योंकि इसका सीधा संबंध तेल नर्यातक देशों से होता है। रूस व यूक्रेन की लड़ाई ने तेल की आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा कीमतों में इजाफा हुआ है। इसी तरह गैस सिलेंडर की कीमतें भी बढ़ती चली गईं जिसने हर गृहिणी को प्रभावित किया है। कोरोना काल में देश की अर्थव्यवस्था बिल्कुल ठप हो गई तथा जिससे उबरने में समय लगना स्वाभाविक ही है। तेल की कीमतें बढ़ने से ट्रांसपोर्टेशन पर गहरा प्रभाव पड़ता है जोकि सीधे तौर पर आम नजता को प्रभावित करता है।

**महंगाई** आम आदमी के जीवन से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा होता है जो पूरे आर्थिक ढांचे को प्रभावित करता है। पिछले कुछ वर्षों से चलती आ रही महंगाई का मुख्य कारण आपूर्ति की कमी व लोगों की निम्न क्रय शक्ति रही है। रिजर्व बैंक ने भी अपनी मौद्रिक नीति के अन्तर्गत ब्याज दरों में बदलाव लाकर समय समय पर महंगाई पर अंकुश लगाने की कोशिश की है, मगर कई ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से कीमतें बढ़ती चली गई। तेल की कीमतों को बढने से रोकना किसी देश के अपने वश में नहीं होता क्योंकि इसका सीधा संबंध तेल निर्यातक देशों से होता है। रूस व यूक्रेन की लड़ाई ने तेल की आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा कीमतों में इजाफा हुआ है। इसी तरह गैस सिलेंडर की कीमतें भी बढ़ती चली गईं जिसने हर गृहिणी को प्रभावित किया है। कोरोना काल में देश की अर्थव्यवस्था बिल्कुल ठप हो गई तथा जिससे उबरने में समय लगना स्वाभाविक ही है। तेल की कीमतें बढने से ट्रांसपोर्टेशन पर गहरा प्रभाव पड़ता है जोकि सीधे तौर पर आम जनता को प्रभावित करता है। बढ़ती जनसंख्या भी देश की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करती रहती है। यह ठीक है कि इस संकट का हल सरकारों के पास अभी तक संभव नहीं हुआ है, परंतु यह समस्या देश में महंगाई बढने का हमेशा एक मुख्य कारण होता है। बढ़ती महंगाई का एक मुख्य कारण कालाबाजारी भी होता है जिस पर सत्तारूढ़ सरकार अंकुश लगाने में नाकाम रहती है। 1. सत्ता के समय सत्ताधारी लोग आम तौर पर अपनी आंखों पर पट्टी बांध कर काम करते हैं, फिर अपने चहेतों को रेवडियां बांटते रहते हैं। ऐसे चहेते लोग सरकारी संपदा चाहे रेत, बजरी हो तो चाहे सरकारी इमारतों व सडक़ों का निर्माण हो, उसका भरपूर दोहन करते हुए अपनी जेबें भरते रहते हैं जो अन्ततः महंगाई बढ़ाने में कहीं न कहीं योगदान देते हैं। 2. आजकल छोटे से छोटे कामों का उद्घाटन तथा उन पर अपनी नाम की पट्टियां लगाने की होड़ सी चल पड़ी है। प्रत्येक दल के सदस्य ऐसी पट्टियां लगाकर अपनी शौहरत बटोरना चाहते हैं तथा ठेकेदारों को उद्घाटन समारोहों पर चायपान इत्यादि का भारी भरकम बोझ उठाने को मजबूर करते हैं तथा बदले में ऐसे लोग काम की गुणवत्ता से समझौता करते हुए सरकार को गरीबों पर



टैक्स लगाने के लिए मजबूर करते हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में गुजरात में मोरवी पुल जिसकी मुरम्मत पर आठ करोड़ खर्च आया था, कुछ ही दिनों में नीचे गिर गया तथा जिसमें 130 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई तथा ऐसे हादसों में मौत के शिकार हुए लोगों के परिजनों को सरकार को भारी भरकम आर्थिक सहायता देनी पड़ती है तथा जो किसी न किसी रूप में महंगाई बढ़ाने में एक बहुत बड़ा कारण बनती है। 3. सत्ता में आने के लिए सभी दल बड़ी बड़ी घोषणाएं कर देते हैं तथा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी सीमा तक सरकारी धन लुटाते रहते हैं। उदाहरणतः मुफ्त बिजली-पानी उपलब्ध करवाना तथा महिलाओं के लिए मुफ्त गैस चूल्हे व उन्हें बसों में निशुल्क यात्रा करने की सुविधा देना तथा इसी तरह से किसानों के खातों में धन जमा कराना जैसी स्कीमें सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ बन जाती हैं तथा सरकारों को बहुत बड़े कर्जे का शिकार होना पड़ता है। आखिर कब तक देश व प्रांतों को करजाई किया जाता रहेगा। ऐसी प्रलोभित स्कीमों को न रोका गया तो एक न एक दिन देश में आर्थिक मंदी का दौर आ जाएगा तथा महंगाई के कारण लोग जीवन और मृत्यु के बीच झूलने लगेंगे। 4. कहते हैं कि जब राजा ढीला हो तो उसके लैफ्टीनैंट व नौकरशाह खूब मौज मस्ती करते हैं तथा जितना हो सके वो सरकारी धन को दोनों हाथों से लूटते रहते हैं। मन्त्री लोग बिना वजह की स्कीमों में जरूरत से अधिक सरकारी धन खर्चते रहते हैं तथा उसमें कमीशन के रूप में अपनी जेबें भरते रहते हैं। जरूरत न होते भी जगह जगह रैस्ट हाउस बनवाना जो शराबी कबाबी लोगों के अड्डे बन जाते हैं। इसी तरह के नाम पर आगामी स्कीमों के लिए दस वर्ष की सामग्री खरीद कर सडक़ों के किनारों पर लावारिस छोड़ कर सरकारी धन को चूना लगाते रहते हैं। बद्दी में कई फार्मा कम्पनियां घटिया सामान बनाने में लगी हैं जिसका मुख्य कारण यही है कि उन्हें कहीं न कहीं कोई पनाह देता आया है अन्यथा श्री शांता कुमार जैसे राजनेता अगर सत्ता में होते तो ऐसे लोग जरूर सलाखों के पीछे धकेलते। 5. सरकारी नौकरशाह भी कमजोर घुड़सवार का फायदा लेते हुए अपने हाथ रंगने में पीछे नहीं रहते। चापलूस व भ्रष्ट अधिकारी अपने पास दो-दो, तीन-तीन महकमे रखने की होड़ में लगे रहते हैं तथा भ्रष्ट लोगों से मेल मिलाप करते हुए इस तरह से धन लूटते हैं जिसका आम व्यक्ति को पता ही नहीं चलता। सरकारी इमारतें अपने मनचाहे ठेकेदारों व एजेंसियों के माध्यम से बनवाई जाती हैं तथा उनको फायदा पहुंचाते हुए अपनी जेबें भी भरते रहते हैं। सरकारी धन की यह लूट खसूट महंगाई का रूप धारण कर लेती है तथा गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को इसका शिकार होना पड़ता है। 6. सत्ताधारी लोग अपनी हर प्रकार की जरूरी व कुछ गैर जरूरी प्रयासों में सरकारी धन का दुरुपयोग धड़ल्ले से करते रहते हैं। मंत्री लोगों को तो तब तक ध्यान नहीं आता जब तक उनके प्रवास में उस स्थान के अधिकारी अपनी अपनी गाड़ी लेकर उनकी हाजिरी न भरें। मंत्री गण आम तौर पर सरकारी काम की बारीकियों से अनभिज्ञ होते हैं तथा उन्हें मजबूरी में नौकरशाहों की सलाह पर ही निर्भर रहना पड़ता है। नौकरशाह ही उन्हें धन को खर्चने का रास्ता बताते हैं तथा स्वाभाविक है कि बदले में वो भी कुछ पारितोषिक ग्रहण करना चाहते हैं। सरकार के पिट्ठू बनकर वो भी भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं हटते क्योंकि उन्हें पता होता है कि मंत्रियों का हाथ उनकी पीठ पर हैं। 7. केवल विजिलैंस विभाग ही ऐसे भ्रष्ट नौकरशाहों पर शिकंजा कस सकता है., मगर उनकी ट्रैप करने की शक्तियों पर भी इस प्रकार प्रतिबंध लगा दिया जाता है कि वो जानते हुए भी शातिर लोगों को अपनी गिरफ्त में नहीं ले पाते हैं। चुनाव के दिनों में बुद्धिजीवी मतदाता ऐसे भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के विपरीत अपने मत का प्रयोग करते हैं तथा उन्हें चुनाव के मैदान में पटखनी लगा देते हैं, मगर यह खेल शाश्वत है तथा निरंतर हर दल के लोग खेलते रहते हैं।

# दिल्ली-हिमाचल में भाजपा डगमगाई

> कांग्रेस के लिए फिर से पुराने रानजीतिक सुनहरे मुकाम को हासिल कनरा लोहे के नचे चबाने से कम नहीं है। ऐसा नहीं है कि बोर्ड में जीत दर्ज करा कर आप के लिए आगे का सफर आसान है। चुनाव जीत कर कार्पोरेनश पर काबिज होने के बाद आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली में प्रदूषण और कचरे की समस्या से नपिटना आसान न हीं है दिल्ली गैस चैम्बर में तब्दील हो चुकी है। गाजीपुर लैंडफिल स्टेनश पर कचरे के पहाड़ की ऊंचाई कुतुब मीनार से ऊंची हो चुकी है। दिल्ली वायु प्रदूषण के साथ स्थायी कचरे की दोहरी समस्या से जूझ रही है। देश की राजधानी विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शुमार है। इस समस्या के ठोस और स्थायी दीर्घकालीन समाधान की जरूरत है। दिल्ली का वायुमंडल विषैला हो चुका है। श्वास संबंधी और प्रदूषण से होने वाली दूसरी बीमारियों से दिल्लीवासी त्रस्त हैं। दिल्ली से बनहे वाली यमुना नदी भी विश्व की चुनदिा प्रदूषित नदियों की सूची में मौजूद है।

**दो** राज्यों के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया कि लोगों की अपेक्षाएं पूरी नहीं करने की कीमत सत्ता गंवा कर चुकानी पड़ती है। इन चुनाव परिणामों में सर्वाधिक घाटा भारतीय जनता पार्टी को रहा। भाजपा के हाथों से दिल्ली नगर निगम और हिमाचल प्रदेश निकल गया। चुनाव से कांग्रेस को हिमाचल में संजीवनी मिल गई। गुजरात में भाजपा अपनी सत्ता को बचाने में कामयाब रही। इसके बावजूद यह निश्चित है कि भाजपा को लगे झटके से पार्टी को अपनी रीति-नीतियों पर आत्मनिरीक्षण करना पड़ेगा। सिर्फ पार्टी और किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर वोट की अपील से मतदाताओं को प्रभावित नहीं किया जा सकता। पार्टी की रीति-नीति से ज्यादा महत्वपूर्ण विकास कार्य हैं। गुजरात में भाजपा विकास के बूते ही लगातार विजय प्राप्त करने में सफल रही। इसके विपरीत हिमाचल और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इन तीनों ही चुनावों में असली मुद्दा विकास का ही रहा। भाजपा दिल्ली और हिमाचल में पिछले पांच सालों में उपलब्धियों को गिनाने के बजाए विपक्षी दलों की कमियां ही गिनाती रही। भाजपा की यह नकारात्मक शैली मतदाताओं को रास नहीं आई। भाजपा चुनावी प्रचार के दौरान गुजरात में जहां उपलब्धियों को गिनाती रही, वहीं दिल्ली निगम और हिमाचल में विपक्षी दलों को कोसती रही। भाजपा यह भूल गई कि दूसरों की आलोचना करने से मतदाताओं की तकलीफों को कम नहीं किया जा सकता। हिमाचल, गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनावों ने यह भी साबित कर दिया है कि अब वो दिन लद गए जब सिर्फ नारों और पुरातन विचारधारा के दम पर मतदाताओं को बरगलाया जा सकता है। इसका व्यापक संदेश है कि मतदाताओं की परवाह नहीं करने वाले राजनीतिक दलों की खैर नहीं है। मतदाताओं को फिजूल के मुद्दों की चर्चा कर गुमराह नहीं किया जा सकता। महंगाई और बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं को छोड़ दें, तो स्थानीय स्तर पर हर रोज होने वाली समस्याओं के समाधान का ठोस आश्वसान और कार्रवाई के बगैर किसी भी राजनीतिक दल का चुनावी मैदान में टिकना आसान नहीं है। इतना ही नहीं मतदाताओं और आम नागरिकों को सुविधाओं के साथ गुणवत्ता की भी दरकार है। सिर्फ बुनियादी सुविधाएं मुहैया करा कर ही लोगों का भरोसा नहीं जीता जा सकता है, बल्कि सुविधाओं के साथ गुणवत्ता भी होना जरूरी है। इन चुनावों से यह भी साफ हो गया कि भ्रष्टाचार मतदाताओं के लिए तभी बड़ा मुद्दा बन सकता है, जब बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का अभाव हो। दिल्ली में नगर निगम में भाजपा का बोर्ड होने के बावजूद भाजपा बोर्ड के कामकाज को उपलब्धि के तौर पर भुनाने में नाकामयाब रही। भाजपा इसके लिए केजरीवाल सरकार को ही कोसती रही। इसके विपरीत मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुराने कामकाज के मद्देनजर मतदाताओं ने उनके वादों पर भरोसा जताया। भाजपा ने दिल्ली बोर्ड पर लगातार 15 साल तक राज किया। इसके बावजूद दिल्ली में भारी प्रदूषण, यमुना नदी का प्रदूषण, यातायात की सुगम व्यवस्था जैसी समस्याओं का ठोस निराकरण नहीं कर सकी। जबकि केजरीवाल ने लगभग सभी जनसभाओं में दिल्ली को कचरे से मुक्त कराने की बात कही। केंद्र में और दिल्ली नगर निगम में भाजपा का बोर्ड प्रदूषण की समस्या से निपटने में विफल रहा। हालांकि भाजपा ने इसका ठीकरा आप पर फोडने की कोशिश की, किंतु मतदाताओं ने इसे नकार दिया। दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस जैसी दिग्गज पार्टियों को हरा कर आप ने साबित कर दिया कि देश की राजधानी में उसे हराना आसान नहीं है। आप ने भाजपा के 15 वर्षों से निरंतर चली आ रही जीत का सिलसिला तोड़ दिया। आप ने भाजपा को बाहर कर न सिर्फ बोर्ड में अपना स्थान बनाया, बल्कि इससे पहले विधानसभा चुनाव में भी जीत दर्ज कराकर कांग्रेस का मजबूत विकल्प पेश किया। कांग्रेस के लिए फिर से पुराने राजनीतिक सुनहरे मुकाम को हासिल करना लोहे के चने चबाने से कम नहीं है। ऐसा नहीं है कि बोर्ड में जीत दर्ज करा कर आप के लिए आगे का सफर आसान है। चुनाव जीत कर कार्पोरेशन पर काबिज होने के बाद आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली में प्रदूषण और कचरे की समस्या से निपटना आसान नहीं है। दिल्ली गैस चैम्बर में तब्दील हो चुकी है। गाजीपुर लैंडफिल स्टेशन पर कचरे के पहाड़ की ऊंचाई कुतुब मीनार से ऊंची हो चुकी है। दिल्ली वायु प्रदूषण के साथ स्थायी कचरे की दोहरी समस्या से जूझ रही है। देश की राजधानी विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शुमार है। इस समस्या के ठोस और स्थायी दीर्घकालीन समाधान की जरूरत है। दिल्ली का वायुमंडल विषैला हो चुका है। श्वास संबंधी और प्रदूषण से होने वाली दूसरी बीमारियों से दिल्लीवासी त्रस्त हैं। दिल्ली से बहने वाली यमुना नदी भी विश्व की चुनिंदा प्रदूषित नदियों की सूची में मौजूद है। इसके भी स्थायी हल की जरूरत है। प्रदूषण हो या दूसरी समस्याएं, इसके लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करना आम आदमी पार्टी के दिल्ली कार्पोरेशन के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। राजधानी के तीनों नगर निगम (उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी) का विलय होने के बाद सबसे बड़ी चुनौती खराब आर्थिक स्थिति से उबारना है। तीनों निगमों में राजस्व के मुकाबले खर्च अधिक हैं। सालाना नौ हजार करोड़ रुपए तो निगम कर्मियों के वेतन पर ही खर्च हो जाते हैं, जबकि निगम का पूरा राजस्व महज नौ हजार करोड़ है। इतना ही नहीं, ठेकेदारों की भी 1600 करोड़ की देनदारी है। डेढ़ लाख कर्मचारियों को समय पर वेतन देना और विकास कार्यो को फिर से शुरू करना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती होगी। यह भी निश्चित है कि केंद्र में भाजपा की सरकार से मुख्यमंत्री केजरीवाल का पहले से ही छत्तीस का आंकड़ा है। ऐसे में आप के दिल्ली कार्पोरेशन बोर्ड को अपने बूते ही वित्तीय मुश्किलों का हल ढूंढना होगा। उधर कांग्रेस के समक्ष हिमाचल में चुनौतियों का दौर शुरू हो चुका है। ओल्ड पेंशन स्कीम, मुफ्त बिजली, महिलाओं को हर माह 1500 रुपए तथा रोजगार सृजन जैसे वादे उसे पूरे करने होंगे।

## नागरिक बोध

# जनता का विश्वास नही जीत पाए केजरीवाल

**आम** आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल कल तक जिस तीर से अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाते थे आज उसी तीर से घायल हो गए है। हिमाचल विधानसभा चुनाव में खाता नही खोल पाए केजरीवाल का गुजरात विधानसभा में क्या हाल है? जिस जोश के साथ गुजरात मे लिखकर देने वाले और आप की सरकार बनने का पूरा भरोसा जताने वाले की हालत गंभीर हो गई है। पांच सीटों तक सिमट कर रहने वाली आप के संयोजक ने बड़े सपने देखे थे। एमसीडी में दिल्ली जितने वाले केजरीवाल को हिमाचल प्रदेश और गुजरात मे मुह की खानी पड़ी है। आम आदमी की नैतिकता आदर्श लहूलुहान और नैतिकता तार तार होते देखी जा सकती है। अन्ना हजारे का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनकारी केजरीवाल थोड़े समय मे ही बड़ी छलांग लगाने लगे तो थे, लेकिन कोई विशेष फायदा नही हुआ है। जिस तरह से मनीष सिसोदिया और उनके कैबिनेट मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगे थे, उसके बाद जनता भरोसा कैसे कर सकती है। लोगो का ध्यान भटकाने में माहिर केजरीवाल की दोनों राज्यो में हार का कारण उनके पार्टी की नाम पर लगे आरोप ही है। एमसीडी में विजय हासिल करने के पीछे मततदाताओ की गणित कार्य कर रही है। उनको खबर है कि विधानसभा में जिस की सरकार होती है उसमें म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में वो ही पार्टी को जिताते है। सत्येंद्र जैन जेल में है। केजरीवाल ने जांच एजेंसियों पर निशाना साधकर सत्येंद्र जैन को जूठे आरोपो में जेल भेजने के आरोप लगाकर सवालिया निशान दागा था। टैंकर घोटाले की जांच रिपोर्ट में भी पांच लोगों की विदेश यात्रा पर खर्च को सार्वजनिक करने की मांग की थी। आम आदमी पार्टी ने गुजरातदौरे के समय भाजपा और शिक्षा नीतियो पर सवालिया निशान साधा था। पंजाब में सत्ता हासिल करने के बाद आप पार्टी के तेवर तेज हो गए थे। वो ये समझने लगे थे कि भाजपा से आप बेहतर प्रदर्शन कर सत्ता में काबिज हो सकते है। लेकिन वो ही होता है जो जनता जनार्दन नक्की करती है। नरेंद्र मोदी और उनकी माता के बारे में कलिष्ट भाषा का प्रयोग कर गोपाल इटालिया ने आप और उनके ही पैरों पर कुलाड़ी मारी थी। जिस कारण से मतदाता नाराज थे। रोड शो और सभाओं में बेफाम आरोप की जड़ी लगाने वाले केजरीवाल गुजरात मे खाता खोलकर पांच सीटो को हासिल तो कर गए, लेकिन पंजाब की तरह अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए।जिसकी उनको उम्मीद थी। आम आदमी पार्टी में स्वार्थपरता चरम पर है। केजरीवाल पकी पकाई खिचडी खाना चाहते है। वे कम मेहनत में सीधे प्रधानमंत्री बनने की इच्छा लिए देश के सभी राज्यो में आप का परचम लहराने के लिए उत्सुक है।लेकिन केजरीवाल भूल गए है कि बिना मेहनत किसी मंजिल तक नही पहुंचा जा सकता है। आगामी विधानसभा चुनाव है। 2023 में दस राज्यो में विधानसभा चुनाव होने है। केजरीवाल उसी तरह आप को फिर से चुनाव मैदान में उतारने के लिए लालायित है। केजरीवाल की पार्टी आप का हिमाचल में नीरस प्रदर्शन रहा था। गुजरात जितने निकले केजरीवाल की पार्टी रास्ट्रीय स्तर की बन गई है। अब आप रास्ट्रीय पार्टी के नाम से जाना जाएगा। गुजरात मे भ्रष्टाचार और शिक्षा नीति की बात पर केजरीवाल का आरोप उनको भारी नुकसान दे गया। क्योंकि ये दोनों विभाग अछूते नही है। इन दोनों में कोई अनियमितता नही है।

## देश दुनीया से

# गुजरात में महाविजय सतत सेवा का फल

**दो** प्रदेशों और एमसीडी के चुनाव परिणामों का अगर विश्लेषण करें, तो कुछ विषय सामने आते हैं। भाजपा को गुजरात में अप्रतिम सफलता प्राप्त हुई है। अब तक इतनी सीट किसी भी दल को नहीं प्राप्त हुई थी। भाजपा के लिए भी यह जन-समर्थन गौरवान्वित करने वाला है। 27 वर्षों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद जनता का विश्वास सत्ताधारियों में बरकरार रहना अपने आप में मिसाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश भाजपा के नेतृत्व के प्रति जनता में विश्वास बने रहना भविष्य में राजनीति के मापदंड तय करेगा। गुजरात की सफलता गुड गवर्नेन्स और समायोजित विकास का एक मॉडल पेश करती है। अभी तक यह माना जाता रहा है कि भारत की राजनीति में यह महत्वपूर्ण पहलू नहीं है। जनता इस विषय के आधार पर सकारात्मक वोट नहीं डालती, बल्कि वोट के लिए महत्वपूर्ण विषय जातिवाद, अलगाववाद, व्यक्तिगत स्वार्थ-पूर्ति के झूठे या सच्चे आश्वासन ही हैं। 'आप' ने पूरा प्रयास किया कि वह मुफ्त की रेवड़ी के आश्वासन पर चुनाव जीत ले, पर जनता को पता है कि सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और आर्थिक विकास की नीतियां ही प्रदेश की दूरगामी व स्थायी विकास करने में सक्षम हैं और इसी सोच के साथ अगर जनता वोट डालेगी, तो प्रजातंत्र भी मजबूत होगा। स्थायी और सफल सरकार का संचालन जनता के हित में हो सकेगा। गुजरात में खोखले वादों की राजनीति की हार स्पष्ट है। यह भाजपा के 27 सालों के कार्यों की सराहना है और राजनीति में नए मुद्दों, जैसे गुड इकोनॉमिक्स, अच्छी राजनीति, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, योजनाओं का सक्षम क्रियान्वयन का कमाल है। परिवारवाद की राजनीति का निराकरण राजनीति के आने वाले समय में मुद्दे के रूप में उभरकर आएगा। कांग्रेस की हार उसकी परिवारवादी सोच, दिशाहीन राजनीति और भ्रमित नेतृत्व की हार है। उन्होंने मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का आश्वासन दिया, इसके बावजूद उनका पराभव दर्शाता है कि जनता झूठे और भ्रमित आश्वासन से बरगलाई नहीं जा सकती। प्रधानमंत्री ने भी इस बात को अपने वक्तव्य में रखा है। गुजरात का परिणाम आने वाले समय में राजनीति का परिदृश्य ही बदल देगा। इस जीत के बाद भाजपा का गुजरात में 32 वर्ष का लगातार कार्यकाल हो जाएगा। यह अपने आप में प्रजातंत्र में एक ऐतिहासिक कार्य रहेगा। भाजपा हर चुनाव को एक चुनौती के रूप में लेती है। साथ में चुनाव हमारे लिए जनता के साथ संवाद का महत्वपूर्ण अवसर भी है। इसीलिए चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हों, गृह मंत्री अमित शाह हों या केंद्रीय मंत्रिगण या सभी केंद्र व राज्य के पदाधिकारी या सामान्य कार्यकर्ता, सभी पूरी लगन, मेहनत से चुनाव में जुट जाते हैं। बड़ा चुनाव हो या छोटा चुनाव हम पूरी तत्परता से संवाद स्थापित करते हैं। प्रजातंत्र के उत्सव में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। यह समय होता है, जब हम अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखते हैं। उनसे सरकारी योजनाओं पर विचार ग्रहण करते हैं। उनकी आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को जानने-समझने के प्रयास करते हैं और उसे अपने विचार में शामिल करते हैं। इस सारी प्रक्रिया में केवल चुनाव परिणाम मतलब नहीं रखते। हां, हम एक राजनीतिक पार्टी हैं, जीतने की आकांक्षा से चुनाव लड़ते हैं जरूर, लेकिन परिणाम के आधार पर अपनी शक्ति या अपने कार्य को सीमित नहीं करते हैं। हमारे कार्यकर्ता का मनोबल इसी आधार पर बढ़ता रहता है। सफलता भी मिलती है। कभी पूरी अपेक्षित सफलता न भी मिले, तो भी पूरे मनोयोग से जनता का धन्यवाद एवं आभार हमारे लिए महत्वपूर्ण है। दिल्ली और हिमाचल के चुनाव परिणाम इसी परिप्रेरक्ष्य में हमारे लिए महत्व के विषय हैं। प्रजातांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमें आत्म-समीक्षा और अधिक कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती है। हिमाचल में हमारे और कांग्रेस के बीच सीटों का अंतर होने के बावजूद वोटों का अंतर एक प्रतिशत से भी कम है, जो हमें आश्वस्त करता है कि हिमाचल की जनता भाजपा पर विश्वास करती है। हमारे अध्यक्ष ने कहा है कि हम परिणाम की व्यापक समीक्षा करेंगे और अगर पार्टी में किसी स्तर पर समस्या होगी, तो उसे तत्काल दूर करेंगे। बिहार और उत्तर प्रदेश में उप-चुनाव की जीत भी हमारे लिए सुखद है। हम अभी से पूर्ण विश्वास एवं मेहनत से अगले चुनावों की तैयारियों में जुटने वाले हैं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता, मेहनत और जनता का उन पर प्रेम व विश्वास पूरी तरह बरकरार है।

> दो प्रदेशों और एमसीडी के चुनाव परिणामों का अगर विश्लेषण करें, तो कुछ विषय सानमे आते हैं। भाजपा को गुजरात में अप्रतिम सफलता प्राप्त हुई है। अब तक इनती सीट किसी भी दल को नहीं प्राप्त हुई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका में आर्थिक तंगी से और बिगड़े हालात, भूख से मर रहे पुलिस के घोड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका पुलिस के छह घोड़े चारे की कमी की वजह से मर गए हैं। बताया जाता है कि चारे के आयात पर लगे प्रतिबंध के कारण पुलिस के घोड़ों को पेट भर चारा नहीं मिल पा रहा है। पुलिस के प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने इस बात की पुष्टि की कि छह घोड़े चारे की कमी के कारण मरे हैं। जबकि उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक घोड़े की मौत चोट लगने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि ये तमाम मौतें इसी साल हुई हैं। थलदुवा ने कहा कि पौष्टिक भोजन ना मिलने के कारण घोड़े कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मौतों का ब्योरा देते हुए उन्होंने कहा कि ये मौतें फरवरी, अप्रैल, अक्टूबर और नवंबर महीनों में हुईं। बताया गया है कि सभी घोड़े पुलिस के माइंटेड डिवीजन के थे। थलदुवा ने कहा- 'डॉक्टरी रिपोर्ट के मुताबिक एक घोड़े की मौत अंदरूनी चोट की वजह से हुई, जबकि बाकी सभी घोड़े चारे के अभाव से मरे।' पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इनमें से हर घोड़े की कीमत लगभग 35 हजार डॉलर है। अभी माउंडेट डिवीजन के पास तकरीबन 50 घोड़े और हैं। थलदुवा ने कहा कि इन घोड़ों को जिंदा रखने की पूरी कोशिश की जा रही है। इस साल आर्थिक संकट गहराने के बाद विदेशी मुद्रा बचाने के मकसद से श्रीलंका सरकार ने कई वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी थी। उनमें पशुओं का चारा और चारा उत्पादन में काम आने वाली कई सामग्रियां भी थीं। उर्वरकों के आयात पर रोक लगने के कारण देश के अंदर चारे की पैदावार पर खराब असर पड़ा। हालांकि श्रीलंका का वित्तीय संकट अभी भी गंभीर हाल में है, लेकिन हाल में चारे के आयात पर रोक को आंशिक रूप से हटा लिया गया है। इसके बावजूद अभी तक पुलिस के घोड़ों को पूरा भोजन नहीं मिल पा रहा है। थलदुआ ने बताया कि कई अन्य घोड़े पर्याप्त चारा ना मिलने के कारण बीमारियों का शिकार हो चुके हैं।

### ट हेलिएर में फ्लैट्स के ब्लॉक में धमाका, एक व्यक्ति की मौत



**सेंट हेलिएर।** जर्सी की राजधानी सेंट हेलिएर में स्थित एक फ्लैट्स के एक ब्लॉक में जोरदार धमाका होने का मामला सामने आया है। जर्सी की स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर में शनिवार सुबह एक अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। इतना ही नहीं, इस हादसे के कारण लगभग एक दर्जन अन्य लोगों की कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही लगभग एक दर्जन अन्य लापता हैं। वहां के निवासियों का कहना है कि विस्फोट से कई घंटों पहले गैस की तेज गंध आने के कारण दमकल कर्मियों को बुलाया गया था। विस्फोट के बारे में जानकारी देते हुए जर्सी पुलिस के प्रमुख ने बताया कि घटना वाले इलाके में आपातकालीन सेवाएं राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। स्टेट ऑफ जर्सी पुलिस ने ट्विटर पर ट्वीट करके जानकारी दी कि "हॉट डु मोंट, पियर रोड पर आज सुबह विस्फोट के बाद कई निवासी अभी भी लापता हैं। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं और घटनास्थल पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके अलावा संपर्क अधिकारियों द्वारा वहां रहने वाले लोगों के परिजनों और रिश्तेदार से संपर्क किया जा रहा है।

### ढाका में प्रदर्शन के लिए जुटे हजारों लोग, मांगा प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा



**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार के विरोध में शनिवार सुबह ही प्रदर्शन शुरू हो गए। विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बुलाई गई रैली में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। बांग्लादेश की मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ढाका के सैयदाबाद में गोपालबाग मैदान भीड़ से खचाखच भर गया। यह लोग लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग उठा रहे हैं। बीएनपी की मांग है कि बांग्लादेश में तत्काल चुनाव का एलान किया जाए। हसीना सरकार की तरफ से इन प्रदर्शनों पर तमाम पाबंदियां लगाए जाने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना काफी अहम घटनाक्रम है। इस बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सात सांसदों ने प्रदर्शन के दौरान ही अपने इस्तीफे का भी एलान कर दिया। बीएनपी सत्ताधारी अवामी लीग के बजाय एक कार्यवाहक सरकार के तहत नए सिरे से चुनाव कराने के लिए प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे की मांग कर रही है। पार्टी ने संदेह जताया है कि शेख हसीना प्रशासन चुनाव में धांधली कर सकता है। बांग्लादेश में अगले आम चुनाव 2024 में होने हैं। इससे पहले बीएनपी की ढाका रैली से पहले पार्टी के आक्रोशित कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की झड़प हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई अन्य घायल हो गए।



# खिलाड़ी के बदले हथियार डीलर को रिहा करने पर रार

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर को रूस की कैद से छुड़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जो सौदेबाजी की, उसको लेकर ह्वाइट हाउस में गहरी बेचैनी है। जानकारों ने इसे कैदियों की एक बेहद असमान अदला-बदली माना है। अमेरिकी मीडिया के कवरेज में इस अदला-बदली को निर्विवाद रूप से रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की जीत बताया गया है। अमेरिका ने ग्रिनर को छुड़ाने के हथियारों डीलर विक्टर बाउट को रिहा कर दिया। जबकि इन दोनों पर एक दूसरे के यहां अलग-अलग किस्म के आरोप लगाए गए थे।

ग्रिनर को रूस में नशीली दवा (कैनेबिस) रखने के आरोप में सजा सुनाई गई थी। जबकि बाउट को पिछले कई दशकों में पकड़ा गया सबसे बड़ा हथियार डीलर बताया जाता है। बाउट पर आरोप है कि उसने अफ्रीका और कुछ दूसरे महाद्वीपों में हथियारों की तस्करी की। एक अमेरिकी अदालत ने बाउट को अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भी सजा सुनाई थी।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में ग्रिनर की लोकप्रियता के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन उन्हें रूसी हिरासत से छुड़ाने के लिए मजबूर हो गए। जनमत के दबाव में उन्होंने क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) से बातचीत शुरू की। ये वार्ता उन्हें उस समय करनी पड़ी, जब रूस और अमेरिका के संबंध अपने सबसे खराब दौर में हैं। इस माहौल के बीच समझौता करने की मजबूरी बाइडेन के लिए एक तरह से अपमान का घूंट पीने जैसी मानी गई है।

मीडिया में इस सवाल पर कयास लगाए गए हैं कि आखिर बाउट की रूस में उतनी अहमियत क्यों है। बाउट पर संयुक्त राष्ट्र की जांच में भी गंभीर आरोप लगाए गए थे। कई अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भी उसे छोटे से लेकर बड़े हथियारों की तस्करी का दोषी ठहराया है। बताया जाता है कि वह इस धंधे में 1990 के दशक से है और एक बार उस पर आतंकवादी संगठन अल-कायदा को हथियार को हथियार सप्लाई करने के इल्जाम भी लगे थे। बाउट कितना चर्चित रहा है, इसका अंदाजा इससे ही लग जाता है कि हॉलीवुड के फिल्म निर्माता निकोलस केज ने उसकी कहानी को केंद्र में रख कर 'लॉर्ड ऑफ वॉर' नाम की फिल्म बनाई थी।

एक विश्लेषण में कहा गया है- 'बड़ी हैरत की बात यह है कि जिस समय रूस का यूक्रेन पर क्रूर हमला जारी है, तब कैदियों की ये अदला-बदली की गई। इससे दो बातें जाहिर हुई हैं- पहली यह कि जब रूसी बमबारी से यूक्रेन के नागरिकों की जान जा रही है और अमेरिका यूक्रेन को हथियार मुहैया करा रहा है, उसके बीच भी अमेरिका और रूस अपने फायदे का सौदा करने की स्थिति में बने हुए हैं। दूसरी बात यह साफ हुई है कि अपने करीबी लोगों के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन अपने राष्ट्रीय अभिमान का सौदा करने को तैयार हैं।'

**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का खुलासा**

# बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल हैं इमरान खान

**लंदन।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि इमरान खान और उनके करीबी 50 अरब रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं और अब तक जो कुछ सामने आया है, वह उनके भ्रष्टाचार की वास्तविक सीमा का एक अंश मात्र है।

सूत्रों के मुताबिक, तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इमरान खान पर पाकिस्तान और पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप लगाया।

तोशखाना रेफरेंस में सामने आए हालिया ऑडियो और अन्य सबूतों की ओर इशारा करते हुए नवाज शरीफ ने कहा, इमरान खान को विचार करने की जरूरत है, उनके खिलाफ कई आरोप हैं, उनके कथित भ्रष्टाचार के सबूत बढ़ रहे हैं।

सूत्रों ने बताया, ऐसे अन्य मामले हैं जिनके विवरण अभी तक सामने नहीं आए हैं, जिनमें बिलियन ट्री सुनामी, अल-कादिर ट्रस्ट और अन्य शामिल हैं, जो जनता को परेशान कर रहे है।

नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान का भ्रष्टाचार 50 अरब रुपये का है, जबकि यहां के गरीब लोग 20,000 रुपये का वेतन पाने के लिए भी काफी संघर्ष करते हैं।

नवाज ने कहा कि इन मामलों की जांच होगी, लेकिन उन्होंने माना कि ये मामले कछुआ की गति से आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें एक हफ्ते का काम पूरा होने में कई साल लग जाते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन एक दिन, यह सब जनता के सामने स्पष्ट हो जाएगा।




नवाज शरीफ ने कहा, सर से पांव तक भ्रष्टाचार में फंसे इमरान दूसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, जिन्हें अदालतों और अन्य देशों की सरकारों से बेगुनाही का प्रमाण पत्र लेना पड़ता है। सूत्रों ने बताया कि आगे बढ़ने से पहले इस महत्वपूर्ण अंतर को समझें।

उन्होंने कहा, इमरान खान, उनकी पार्टी के सदस्यों और शहजाद अकबर जैसे लोगों को अपने किए पर शर्म आनी चाहिए। नवाज शरीफ ने कहा कि उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों का लगातार शिकार किया गया, जो कानूनी रूप से लड़े गए, जेल में समय बिताया और अंततः स्व-निर्वासन में चले गए। एक समय मेरे खिलाफ अपहरण का भी मामला था। इस मामले में कोई सबूत नहीं था।

### पाकिस्तानी मौलवी पर ब्रिटेन ने लगाया प्रतिबंध

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के एक विवादास्पद मौलवी को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंध सूची में डाल दिया है, जिसके चलते पाकिस्तान उन 11 देशों में शामिल हो गया है, जहां अधिकारों का उल्लंघन करने वालों को दंडित किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मियां मिठू के नाम से मशहूर मौलवी पर ऊपरी सिंध में नाबालिग हिंदू लड़कियों के जबरन धर्मांतरण और उनकी शादी में कथित संलिप्तता का आरोप है। उन्होंने कई मौकों पर आरोपों का खंडन किया है और सिंध में धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का दावा भी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, मिठू तब सुर्खियों में आया, जब उसने फरवरी 2012 में एक हिंदू लड़की रिंकल कुमारी का शादी एक स्थानीय मुस्लिम नवीद शाह से करवाई थी और उससे पहले उसे इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया था। मियां मिठू ने दावा किया था कि धर्मांतरण जबरदस्ती नहीं कराया गया था। इस साल सितंबर में वह एक बार फिर खबरों में आया। ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा- यूके धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता को बहुत गंभीरता से लेता है और दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिबंधों का नया पैकेज मौलिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वालों को लक्षित करता है। इसमें सिंध में भरचुंडी शरीफ दरगाह के एक मौलवी मियां अब्दुल हक शामिल हैं, जो गैर-मुस्लिमों और नाबालिगों के जबरन विवाह और जबरन धर्म परिवर्तन के लिए जिम्मेदार हैं। इस प्रतिबंध पैकेज में कोई अन्य पाकिस्तानी नागरिक शामिल नहीं है। प्रतिबंधों का प्रभावी रूप से मतलब है कि नामित व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों या व्यवसायों के साथ कोई व्यवसाय करने या आर्थिक गतिविधि करने में असमर्थ होंगे, और उन्हें यूके में प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा। 2008 में, मौलवी ने पीपीपी के टिकट पर नेशनल असेंबली सीट जीती, लेकिन पार्टी ने 2012 में उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2015 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हें पार्टी में आमंत्रित करने का प्रयास किया था, लेकिन हिंदू समुदाय के विरोध के बाद उन्हें मौलवी से खुद को अलग करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## इस देश में कोई मानवाधिकार नहीं हैः बांग्लादेशी पत्रकार



**ढाका।**

काजोल के नाम से मशहूर बांग्लादेशी पत्रकार शफीकुल इस्लाम काजोल ने कहा कि उन्हें 53 दिनों तक एक अंडरग्राउंड सेल में रखा गया था, जहां उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। एक साक्षात्कार में काजोल के बयान के हवाले से कहा, उन्होंने मुझसे उन कहानियों के बारे में पूछा जो मैंने लिखी थीं। मुझे बहुत यातनाएं झेलनी पड़ीं। मैं अभी भी इसके बारे में बोलने के लिए काफी संघर्ष कर रहा हूं।

54 वर्षीय काजोल ने एक गुप्त स्थान से बोलते हुए कहा, इस देश में कोई मानवाधिकार नहीं है। मैं रोजाना डर के साए में रहता हूं। जब बंगलादेश में मानवाधिकार दिवस के लिए बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों की योजना बनाई गई थी, सुरक्षा बलों की ढाका में विपक्षी बंगलादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) के सदस्यों के साथ झड़प हुई थी।

बीएनपी लोगों से प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार और उनकी अवामी लीग पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतरने का आह्वान कर रही है।

उनकी मुख्य मांगों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग, जीवन यापन की बढ़ती लागत पर समाधान और मानवाधिकारों के हनन पर चर्चा शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी अधिकारियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है, आलोचकों का कहना है कि यह किसी भी प्रकार के असंतोष को कुचलने का सीधा प्रयास है। बंगलादेश सरकार इस बात से इनकार करती है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नकेल कस रही है।

एक साक्षात्कार में, देश के विदेश मंत्री अब्दुल मोमन ने कहा कि प्रदर्शनकारी अवैध रूप से इकट्ठा हो रहे है। हालांकि, अब्दुल मोमन ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि उनकी सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंट रही है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ युद्ध के बाद 1971 में गठित उनके राष्ट्र की स्थापना लोकतंत्र, मानवाधिकारों और न्याय को बनाए रखने के लिए की गई थी। मार्च 2020 में जब काजोल लापता हुए थे, तो यूएन ने इस पर चिंता जताई थी। एक बयान में कहा था, शफीकुल इस्लाम काजोल जैसे खोजी पत्रकारों को निशाना बनाना स्वतंत्र मीडिया के प्रति बांग्लादेश की प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

## प्रिंस हैरी किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की अतिथि सूची में नहीं, डॉक्यूमेंट्री रिलीज के बाद बढ़ा विवाद

**लंदन।**

महारानी के जिंदा रहते प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेघन मार्कल के साथ ब्रिटेन महल की सुख-सुविधाओं से अलग हो गए थे। फिलहाल वह कैलिफोर्निया में आम लोगों की तरह ही अपना जीवन गुजार रहे हैं। वहीं उनकी जिंदगी के बारे में एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'हैरी एंड मेगन' बनाई गई है, जो अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लॉन्च कर दी गई है जिसको लेकर काफी हल्ला मचा हुआ है।



रॉयल फैमिली मामलों के जानकार, टॉम बोवर ने हाल ही में अमेरिका में एक मीडिया साक्षात्कार में कहा कि इस बात की बहुत कम संभावना है कि प्रिंस हैरी का पहले की तरह तरह ब्रिटेन में गर्मजोशी से स्वागत होगा। आगे कहा कि मैं कल्पना नहीं कर सकता कि उनका स्वागत होगा। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड में हैरी का कभी भी स्वागत होगा।

साथ ही उन्होंने यहां तक दावा किया कि ऐसी संभावना है कि किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में हैरी और मेघन अतिथि सूची में नहीं होंगे। इंटरव्यू में कहा कि हैरी एक बाहरी व्यक्ति बन गए है और मेघन ने खुद को बाकी ब्रिटिश शाही परिवार से समान रूप से दूर कर लिया है।

### शाही परिवार और प्रिंस हैरी-मेघन के बीच सुलह मुश्किल

बोवर के मुताबिक, प्रिंस हैरी के अपने पिता किंग चार्ल्स के साथ भी संबंध खराब हो गए हैं। टॉम बोवर 'रिवेंजः मेघन, हैरी एंड द वॉर बिटवीन द विंडसर' के लेखक भी है। उन्होंने बताया कि इसकी संभावना भी अब खत्म हो गई कि शाही परिवार और प्रिंस हैरी और मेघन के बीच कभी सुलह होगी।

हालांकि उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को भी लगता है, आठ सितंबर को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद प्रिंस हैरी एक बार फिर परिवार का हिस्सा बनेंगे। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किंग चार्ल्स ने हैरी-मेगन की नई डॉक्यूमेंट्री आने के बाद इस मामले से पूरी तरह दूरी बना ली है।

## सर्दी शुरू होते ही 2 करोड़ से अधिक पाकिस्तानी मानवीय सहायता पर निर्भरः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।**

संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने बताया कि पाकिस्तान में 2 करोड़ से अधिक लोग मानवीय सहायता पर निर्भर हैं और जैसे-जैसे सर्दी बढ़ेगी, वैसे ही लोगों की जरूरतें भी बढ़ती जाएंगी।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में 20 मिलियन से अधिक लोग मानवीय सहायता पर निर्भर है, जिसके कारण महत्वपूर्ण मानवीय जरूरतें बनी हुई हैं, हालांकि कुछ क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के प्रयास शुरू हो गए हैं।

कार्यालय ने कहा, सरकार की प्रतिक्रिया के समर्थन में, हमारे मानवीय सहयोगी बाढ़ के बाद से 4.7 मिलियन से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचा चुके हैं।

उन्होंने कहा, हमारे सहयोगियों ने 125,000 बच्चों को उनकी शिक्षा फिर से शुरू करने में मदद की है, जिसमें 500 से अधिक अस्थायी शिक्षण केंद्र शामिल हैं। हालांकि, 20 लाख से अधिक बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल पहुंच से बाहर हैं।

सूत्रों के अनुसार, भले ही लगभग 2.6 मिलियन लोगों को संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों के माध्यम से खाद्य सहायता प्राप्त हुई,



लेकिन ओसीएचए ने कहा कि जैसे ही सर्दी आती है, अधिक संसाधनों की तत्काल आवश्यकता बढ़ जाती है।

कार्यालय ने बताया कि अभी तक 816 मिलियन डॉलर की बाढ़ प्रतिक्रिया योजना के तहत लोगों को सिर्फ 23 प्रतिशत ही प्राप्त हुआ है।

# समुद्री प्रजातियों को मानव गतिविधि : आईयूसीएन रेड लिस्ट

**मॉन्ट्रियल।**

संकटग्रस्त प्रजातियों की आईयूसीएन रेड लिस्ट के अपडेट में अवैध और अस्थिर मछली पकड़ने, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और बीमारी सहित समुद्री प्रजातियों को प्रभावित करने वाले खतरों की बाढ़ पर प्रकाश डाला गया है। डगोंगों की आबादी - बड़े शाकाहारी समुद्री स्तनधारी - और सभी अबालोन शंख प्रजातियों में से 44 प्रतिशत विलुप्त होने की धमकी के रूप में आईयूसीएन लाल सूची में प्रवेश करते हैं, संचित दबावों के कारण पिलर कोरल गंभीर रूप से संकटग्रस्त हो गया है।

आईयूसीएन रेड लिस्ट में अब 150,388 प्रजातियां शामिल हैं, जिनमें से 42,108 के विलुप्त होने का खतरा है। मूल्यांकन किए गए 17,903 समुद्री जानवरों और पौधों में से 1,550 से अधिक के विलुप्त होने का खतरा है, जलवायु परिवर्तन से कम से कम 41 प्रतिशत संकटग्रस्त समुद्री प्रजातियों पर असर पड़ा है। आईयूसीएन महानिदेशक ब्रूनो ओबेरले ने कहा, 'आज का आईयूसीएन रेड लिस्ट अपडेट दुनिया भर में समुद्री जीवन को नष्ट करने वाली अस्थिर मानव गतिविधि का एक सही तूफान दिखाता है। जैसा कि दुनिया चल रही संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन को प्रकृति की बहाली के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित करने के लिए देख रही है, हम बस असफल होने का जोखिम नहीं उठा सकते। हमें अपनी आर्थिक प्रणालियों में गहन परिवर्तनों के साथ, जुड़े हुए जलवायु और जैव विविधता संकटों को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता है, या हम महासागरों द्वारा हमें प्रदान किए जाने वाले महत्वपूर्ण लाभों को खोने का जोखिम उठाते हैं।'



अबालोन प्रजातियों को दुनिया के कुछ सबसे महंगे समुद्री भोजन के रूप में बेचा जाता है, जिसमें जलवायु परिवर्तन, बीमारी और प्रदूषण के कारण अरक्षणीय निष्कर्षण और अवैध शिकार प्राथमिक खतरे हैं। इन प्रजातियों के पहले वैश्विक रेड लिस्ट मूल्यांकन के अनुसार, दुनिया की 54 एबालोन प्रजातियों में से बीस को अब विलुप्त होने का खतरा है।

दक्षिण अफ्रीका में, आपराधिक नेटवर्क द्वारा अवैध शिकार, कई अंतरराष्ट्रीय दवाओं के व्यापार से जुड़े हुए हैं, ने लुप्तप्राय पर्लमोन अबालोन की आबादी को तबाह कर दिया है। तेजी से लगातार और गंभीर समुद्री गर्मी की लहरों ने बड़े पैमाने पर मृत्यु दर का कारण बना है, 2011 में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के सबसे उत्तरी इलाकों में रो के अबालोन (एच. रोई) के 99 प्रतिशत की मौत हो गई।

समुद्री हीटवेव ने दुनिया भर में एबेलोन रोगों को बढ़ा दिया है, जो कैलिफोर्निया और मैक्सिको में गंभीर रूप से लुप्तप्राय ब्लैक एबेलोन (एच क्रेचेरोडी) को प्रभावित करता है, और अंग्रेजी चैनल से उत्तर पश्चिमी अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाए जाने वाले कमजोर हरे ओमेर (एच ट्यूबरकुलता) को प्रभावित करता है।

समुद्री ऊष्मा तरंगें उन शैवालों को भी मार देती हैं जिन पर अबालोन भोजन के लिए निर्भर करते हैं। कृषि और औद्योगिक रन-ऑफ से होने वाले प्रदूषण से हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन होते हैं, जिसने लुप्तप्राय ओमानी अबालोन (एच. मारिया) को समाप्त कर दिया है, जो कि अरब प्रायद्वीप में पाई जाने वाली एक व्यावसायिक प्रजाति है, जो अपनी सीमा के आधे हिस्से में पाई जाती है। दूषण रोधी नाव जैसे विषाक्त पदार्थ जनसंख्या को और कम करते हैं। हॉवर्ड पीटर्स, सदस्य ने कहा आईयूसीएन एसएससी मोलस्क विशेषज्ञ समूह और यॉर्क विश्वविद्यालय, यूके में शोध सहयोगी, जिन्होंने अबालोन मूल्यांकन का नेतृत्व किया, 'एबालोन्स सूक्ष्म जगत में हमारे महासागरों की मानवता की विनाशकारी संरक्षकता को दशार्ते हैंः अत्यधिक मछली पकड़ना, प्रदूषण, बीमारी, निवास स्थान का नुकसान, शैवाल खिलना और अम्लीकरण, नाम के लिए लेकिन कुछ खतरे। वे वास्तव में कोयला खदान में कैनरी हैं।'

'लोग जो सबसे तात्कालिक कार्रवाई कर सकते हैं, वह है केवल खेती की गई या स्थायी रूप से प्राप्त एबलोन्स खाना। मत्स्य पालन कोटा और अवैध शिकार विरोधी उपायों को लागू करना भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, हमें समुद्री जीवन को संरक्षित करने के लिए समुद्री रसायन विज्ञान और तापमान में बदलाव को रोकने की जरूरत है, जिसमें अबालोन भी शामिल है।'

## ईरान में वरिष्ठ सुन्नी मौलवी की हत्या : मीडिया

**तेहरान।**

ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में एक वरिष्ठ सुन्नी मुस्लिम मौलवी की हत्या कर दी गई, जबकि सुरक्षा बलों ने कहा कि खुरासान रजावी प्रांत में इसी तरह के प्रयास को विफल कर दिया गया। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों ने सिस्तान और बलूचिस्तान के अभियोजक मेहदी शमसाबादी के हवाले से शुक्रवार को खबर दी कि स्थानीय मौलवी मोलवी अब्दुलवहीद रिगी खाश काउंटी में सड़क किनारे मृत पाए गए। उनके सिर में तीन गोलियां लगी थीं।

सूत्रों के अनुसार, सुन्नी मौलवी को पहले कुछ क्रांति-विरोधी समूहों द्वारा धमकी दी गई थी, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों ने शमसाबादी के हवाले से कहा कि मौलवी गुरुवार को अपनी मस्जिद में थे जब 'अज्ञात लोगों ने उन्हें पीछे के दरवाजे से बुलाया, उन्हें एक ऐसी कार में बैठाया, जिस पर लाइसेंस प्लेट नहीं थी।'

मोलावी रिगी खास शहर में इमाम हुसैन मस्जिद के शुक्रवार की नमाज के लीडर थे और प्रांत में एक मदरसा शिक्षक भी थे।

सूत्रों ने बताया कि इस बीच, ईरानी सुरक्षा बलों ने खुरासान रजावी प्रांत के मशहद शहर में एक वरिष्ठ मौलवी की हत्या के प्रयास को विफल कर दिया और योजना के लिए एक गैरकानूनी समूह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों के ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।




# म्यूचुअल फंड में निवेश पहली बार 40 लाख करोड़ पार : बीते 4 साल में 24 लाख करोड़ से 40.37 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा एयूएम

**नई दिल्ली।**
म्यूचुअल फंड पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता जा रहा है। नवंबर में पहली बार म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 40 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गया। दिलचस्प है कि बीते माह इक्विटी फंड्स में निवेश अक्टूबर के मुकाबले 76प्रतिशत घट गया। प्रॉफिट बुकिंग इसकी सबसे बड़ी वजह बताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, नवंबर में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम 40.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। अक्टूबर में यह 39.50 लाख करोड़ रुपए था। लेकिन इसी दौरान ओपन एंडेड इक्विटी फंड में निवेश करीब 76प्रतिशत घटकर 2,258 करोड़ रुपए रह गया। अक्टूबर में निवेशकों ने ऐसे फंड में 9,390 करोड़ रुपए लगाए थे। इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) जैसे क्लोज एंडेड फंड में बेहद मामूली निवेश होता है।

### इक्विटी फंड में कम पर 21वें महीने निवेश

इक्विटी फंड में निवेश घटा तो है, पर निकासी नहीं हुई। मार्च 2021 से अब तक 21वें महीने शुद्ध निवेश हुआ है। बीते महीने ये निचले स्तर आया क्योंकि कुछ निवेशकों ने डेट फंड का रुख कर लिया।

### इक्विटी से निकलकर डेट फंड में आया पैसा

एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में डेट स्कीम्स में 3,668.59 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ। इसके मुकाबले अक्टूबर के दौरान इस कैटेगरी के म्यूचुअल फंड से 2,818 करोड़ की निकासी हुई थी।

### रिटेल निवेशकों ने भुनाया मुनाफा

एम्फी के सीईओ एनएस कहते हैं कि वेंकटेश म्यूचुअल फंड की कुछ स्कीम्स से निकासी हुई है। यह रिटेल निवेशकों की तरफ से मुनाफा भुनाने का नतीजा है। शादियों के सीजन की खास शॉपिंग इसकी वजह हो सकती है।


### एसआईपी निवेश नए रिकॉर्ड स्तर पर

शुक्रवार को आए आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने एसआईपी के जरिए निवेश 13,307 करोड़ रुपए के नए लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गया था। अक्टूबर में एसआईपी निवेश पहली बार 13,000 करोड़ रुपए से ऊपर (13,040.64 करोड़ रुपए) निकला था।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतपे ने मामले दर्ज किए क्योंकि मेरी किताब दोगलापन ने तहलका मचा दिया : अशनीर ग्रोवर

नई दिल्ली। भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर ने शनिवार को दावा किया कि




उनकी किताब दोगलापन ने भारतपे के अधिकारियों के बीच दहशत पैदा कर दी और यही कारण है कि फिनटेक कंपनी ने स्पष्ट रूप से उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए थे, जिसमें 88.6 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला भी शामिल था। ट्विटर पर एक फॉलोअर द्वारा मुफ्त कॉपी मांगने पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्रोवर ने कहा, ना भाई-बिजनेस इज बिजनेस-किताब पहले आ गई थी-यह केस शेस तो इसे आए क्यों कि किताब से सब की । उन्होंने आगे पोस्ट किया, वैसे- असली सच्चाई अब अमेजन पर तत्काल डिलीवरी के लिए उपलब्ध है। जिस किताब ने इतना धमाल मचाया- पढ़नी तो बनती है! अब आएगा असली मजा। हालाँकि, उन्होंने भारतपे का सीधे तौर पर उल्लेख नहीं किया क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय के क्रोध से बचने के लिए जहां सुनवाई अभी चल रही है और अगली तारीख जनवरी में है। अदालत ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक और उनके परिजनों को कंपनी के खिलाफ मानहानिकारक बयान देने से रोकने के आदेश की मांग वाली कंपनी द्वारा दायर याचिका पर नोटिस और समन जारी किया है। ग्रोवर के खिलाफ एक अन्य कदम में, भारतपे ने सिंगापुर इंटरनेशनल आर्ब्रिटेशन सेंटर (एसआईएसी) के साथ मध्यस्थता के लिए दायर किया है ताकि उनकी 1.4 प्रतिशत शेयरधारिता को प्रतिबंधित किया जा सके और साथ ही साथ उनके संस्थापक शीर्षक को भी छीन लिया जा सके।

### एलन मस्क खो सकते हैं दुनिया के सबसे अमीर शख्स का खिताब



लंदन। टेस्ला ने अपने संस्थापक एलन मस्क के अप्रैल में ट्विटर के लिए बोली लगाने के बाद से अपना लगभग आधा बाजार मूल्य खो दिया है, जिससे उनकी कुल संपत्ति लगभग 70 अरब डॉलर कम हो गई और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में उनका खिताब खतरे में पड़ गया। गार्जियन ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार कंपनी के शेयर 13 अप्रैल को 340.79 डॉलर पर कारोबार कर रहे थे, इससे एक दिन पहले ट्विटर ने सिक्योरिटीज फाइलिंग में खुलासा किया था कि अरबपति ने सोशल मीडिया कंपनी को 43.4 अरब डॉलर में खरीदने के लिए शत्रुतापूर्ण बोली लगाई थी। तब से टेस्ला शेयर की कीमत वह भी शंघाई में इसकी एक फैक्ट्री में व्यवधान के कारण चिंता के कारण 49 प्रतिशत गिरकर 173.44 डॉलर हो गई है। टेस्ला बॉस ने खरीद के लिए फंड देने के लिए अप्रैल से टेस्ला के 20 अरब डॉलर के शेयर बेचे हैं। मस्क ने अपने ट्विटर अधिग्रहण के बारे में कहा है, सार्वजनिक मंच का होना जो व्यापक रूप से विश्वसनीय और व्यापक रूप से समावेशी है, सभ्यता के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### नौ माह के निचले स्तर पर आ सकती है खुदरा महंगाई, यूक्रेन युद्ध ने दुनियाभर में बढ़ाई परेशानी



नई दिल्ली। देश की खुदरा महंगाई नवंबर महीने में 6.40 फीसदी पर आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह पिछले 9 महीने का निचला स्तर होगा। इससे पहले फरवरी में यह 7.9 फीसदी थी शुक्रवार को अर्थशास्त्रियों के सर्वे में दावा किया गया कि मुख्य रूप से खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण महंगाई दर में कमी आएगी। अक्तूबर में यह 6.77 फीसदी थी। खुदरा कीमतों पर आधारित (सीपीआई) महंगाई इस साल अब तक आरबीआई के 6 फीसदी के संतोषजनक दायरे से अधिक रही है। सरकार खुदरा महंगाई के आंकड़े अगले सप्ताह जारी कर सकती है। पोल के अनुसार, यूक्रेन युद्ध के कारण पूरी दुनिया में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर चली गई थी। भारत में खुदरा महंगाई में अकेले खाद्य कीमतों का हिस्सा 40 फीसदी है। सर्वे में महंगाई दर में लगातार दूसरी बार गिरावट की भविष्यवाणी की गई है। आईएनजी के एशिया के प्रमुख रॉबर्ट कार्नेल ने कहा, हम महंगाई को गिरते हुए देखना जारी रखेंगे।

# नए ऑल टाइम हाई की ओर बढ़ रहा बाजार या फिर हैं गिरावट के आसार

**नई दिल्ली।**
इस हफ्ते में घरेलू शेयर बाजार गिरावट दिखी इस दौरान सेंसेक्स 389 अंक टूटकर 62181 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 112 अंकों की गिरावट के साथ 18496 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि शुक्रवार के दिन बैंक निफ्टी ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन में आईटी सेक्टर के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी। शुक्रवार के दिन सेंसेक्स में करीब 600 अंकों से अधिक की गिरावट दिखी और यह 62 हजार के नीचे पहुंचा। शुक्रवार के दिन डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे मजबूत हुआ और यह 82.27 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को यह 82.42 अंकों के लेवल पर बंद हुआ था।

**वैश्विक आर्थिक मंदी की चिंता के कारण बाजार में बढ़ा उतार-चढ़ाव** - रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने के बाद आरबीआई की एमपीसी की बैठक के दौरान घरेलू बाजार में महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव का अनुभव हुआ, आर्थिक मंदी के डर और फेड रेट में बढ़ोतरी की चिंता के कारण वैश्विक बाजार में गिरावट आई। आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दरों में 35 आधार अंकों की बढ़ोतरी की, जबकि सतर्क रहने और आगामी बैठक में दर में और वृद्धि का संकेत दिया। विकास का समर्थन करते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य सीमा के भीतर लाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी के नीतिगत रुख को बनाए रखा गया। बीते हफ्ते के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

**चीन में कोविड प्रतिबंधों में ढील से बाजार को मिल सकती है राहत** - हालांकि, चीन में कोविड प्रतिबंधों को कम करने के फैसले से मांग के दृष्टिकोण को देखते हुए बाजार को लाभ हुआ।




दूसरी ओर, रूसी तेल पर नए प्रतिबंधों ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया। आईटी क्षेत्र में प्रॉफिट बुकिंग देखी गई। वैश्विक मंदी की आशंकाओं के कारण बाजार में ऊहापोह की स्थिति अब भी बनी हुई है। बाजार वर्तमान में प्रीमियम वैल्यूएशन पर कारोबार कर रहा है। आय में वृद्धि धीमी होगरी तो बाजार की धारणा भी प्रभावित होगी। बाजार में अस्थिरता बने रहने की उम्मीद है क्योंकि हम घरेलू और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और अगले सप्ताह फेड की ब्याज दरों पर फैसले का इंतजार कर रहे हैं। एफओएमसी की वर्ष की अंतिम बैठक में ब्याज दरों में आधे प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, यह बैठक 13-14 दिसंबर 2022 को होने वाली है।

**निवेशक उत्सुकता से यूएस फेड के फैसले का कर रहे इंतजार** - बाजार में प्रॉफिट बुकिंग शुरू हो गई। निवेशकों ने आईटी, मेटल और रियल्टी शेयरों में बिकवाली की। उन्होंने कहा, सेंसेक्स बेंचमार्क अब भी 62000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर बंद होने में कामयाब रहा। हाल के रुझानों से संकेत मिलता है कि बाजार में इंट्रा-डे उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। क्योंकि निवेशक उत्सुकता से अगले सप्ताह ब्याज दर पर यूएस फेड के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। दरों में बढ़ोतरी से ज्यादा, निवेशकों की दिलचस्पी महंगाई पर फेड के भविष्योन्मुखी बयान और आगे बढ़ने वाले दरों के फैसले के बारे में जानने में है। तकनीकी रूप से, इंट्राडे चार्ट पर निचला टॉप फॉर्मेशन और साप्ताहिक चार्ट पर बियरिश कैंडल मौजूदा स्तरों से और कमजोरी के संकेत दे रहा है। शॉर्ट-टर्म ट्रेडर्स के लिए, 20-दिवसीय एसएमए (सिंपल मूविंग एवरेज) या 18450 एक महत्वपूर्ण सपोर्ट के रूप में कार्य करेगा, जिसके ऊपर हम 18700 तक एक पुलबैक रैली की उम्मीद कर सकते हैं। दूसरी तरफ, 20 दिन के एसएमए के आधार पर बाजार 18450 से नीचे 18300-18200 के रेंज में कारोबार कर सकता है इन स्तरों पर बिकवाली संभव है।

**क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट भारत के लिए सकारात्मक** - भारत में इक्विटी बाजारों ने इस सप्ताह नकारात्मक रिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स, निफ्टी 50, बीएसई मिडकैप और बीएसई स्मॉल-कैप जैसे प्रमुख सूचकांक सप्ताह के अंत में लाल रंग में बंद हुए। बीते सप्ताह बीएसई आईटी, बीएसई हेल्थकेयर और बीएसई पावर इंडेक्स में तेज गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, बीएसई एफएमजीसी, बीएसई कैपिटल गुड्स और बीएसई बैंक एक्स में मामूली बढ़त दिखी। एफपीआई सप्ताह के दौरान भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता रहे हैं। घरेलू बाजारों ने आरबीआई एमपीसी की ओर से 35 बीपीएस रेपो रेट बढ़ोतरी पर प्रतिक्रिया दी। आरबीआई एमपीसी ने विकास पर आशावादी रुख व्यक्त किया है लेकिन केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा है कि मुद्रास्फीति से निपटने पर उसका विशेष फोकस रहेगा। इस सप्ताह क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई और यह भारत के लिए सकारात्मक है। चीन की ओर से कोविड प्रतिबंधों में ढील के प्रभाव पर बाजार को नजर रखने की जरूरत है। अमेरिका में, 10 साल की ट्रेजरी यील्ड में पिछले कुछ हफ्तों में लगातार गिरावट देखी गई है। नवंबर 2022 में 4.22प्रतिशत के उच्च स्तर की तुलना में 10 साल की अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड अब 3.5प्रतिशत से नीचे है।

**बैंक निफ्टी इंडेक्स में उच्च स्तर पर दिखी बिकवाली** - बैंक निफ्टी इंडेक्स में उच्च स्तर पर कुछ बिकवाली का दबाव दिखा, जहां नए शॉर्ट पोजीशन बनाए गए थे। इंडेक्स अब भी 43,000-44,000 के बीच एक व्यापक रेंज में कारोबार कर रहा है, जहां क्रमश: पुट और कॉल राइटिंग की एक महत्वपूर्ण मात्रा देखी गई है। जियोजीत के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, घरेलू बाजार में आज की गिरावट वैश्विक मंदी की आशंकाओं पर कारोबार में संभावित मंदी की चेतावनी के बाद आईटी शेयरों में बिकवाली के कारण आई।

## आज मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

# ये गोवा का दूसरा एयरपोर्ट होगा, मिलेंगी कई नई सुविधाएं



**नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा में दूसरे एयरपोर्ट का उद्घाटन करने वाले हैं। पीएम मोदी 11 दिसंबर यानी कल गोवा के दौरे पर जाएंगे, जहां मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज़ का उद्घाटन करेंगे। पीएम ने हमेशा देश में मजूबत कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

### 6 साल में बनकर हुआ तैयार

गोवा के मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला भी नवंबर 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही रखी थी। यह गोवा में दूसरा हवाई अड्डा होगा। पहला एयरपोर्ट डाबोलिम में स्थित है। पहले फेज में हवाई अड्डे की सालाना क्षमता 44 लाख यात्रियों की है। जबकि परियोजना के पूरी होने पर इसकी कुल क्षमता सालाना 1 करोड़ यात्रियों की हो जाएगी।

### 35 डोमेस्टिक और 18 इंटरनेशनल लोकेशन्स तक पहुंच

गोवा के डाबोलिम एयरपोर्ट से अभी 15 डोमेस्टिक और 6 इंटरनेशनल लोकेशन्स के लिए कनेक्टिविटी है। जबकि मोपा एयरपोर्ट के जरिए 35 डोमेस्टिक और 18 इंटरनेशनल लोकेशन्स तक पहुंचा जा सकेगा।

### मोपा एयरपोर्ट में नाइट पार्किंग करने की सुविधा

मोपा एयरपोर्ट में नाइट पार्किंग करने की सुविधा मिलेगी, जो डाबोलिम हवाईअड्डे पर उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा डाबोलिम एयरपोर्ट में कोई कार्गो टर्मिनल नहीं था, जबकि मोपा हवाईअड्डे में 25,000 मीट्रिक टन की हैंडलिंग क्षमता वाली कार्गो सुविधा होगी।

### मोदी सरकार में दोगुनी हुई एयरपोर्ट्स की संख्या

देश में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से यानी साल 2014 से देश में एयरपोर्ट की संख्या 74 से दोगुनी होकर लगभग 140 या इससे ज्यादा हुई है। सरकार का टारगेट है कि अगले 5 सालों में देश में एयरपोर्ट की संख्या 220 से ज्यादा कर दी जाए ताकि न सिर्फ देश बल्कि विदेशों के साथ भी कनेक्टविटी मजबूत हो सके।

# एनडीटीवी बोर्ड में अडानी समूह ने दो निदेशकों को नामित करने की दी मंजूरी

**चेन्नई।**
नई दिल्लीटेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) के बोर्ड ने अडानी समूह की आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को पूर्व के बोर्ड में दो निदेशकों को नामित करने के लिए आमंत्रित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। शुक्रवार को हुई एनडीटीवी की बोर्ड मीटिंग में यह फैसला लिया गया और बाद में दिन में इसकी जानकारी दी गई।

एनडीटीवी में आरआरपीआर होल्डिंग की 29.18 फीसदी हिस्सेदारी है।

एनडीटीवी ने कहा कि 23 दिसंबर को होने वाली निदेशक मंडल की अगली बैठक में नियुक्ति पर विचार किया जाएगा।

अडानी समूह द्वारा आरआरपीआर होल्डिंग में 99.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के साथ, बाद के मूल प्रवर्तक प्रणय रॉय और राधिका रॉय ने हाल ही में निदेशक के रूप में इस्तीफा दे दिया।

हालांकि, एनडीटीवी में प्रणय रॉय और राधिका रॉय की क्रमश: 15.94 प्रतिशत और 16.32 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




दूसरी ओर, सुदीप्त भट्टाचार्य, संजय पुगलिया और सेंथिल सिन्नैया चेंगलवारायण को आरआरपीआर होल्डिंग्स के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

अदानी समूह ने एनडीटीवी में 294 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश भी की है।

इस बीच, 1 दिसंबर को 470.05 रुपये के उच्च स्तर को छूने के बाद एनडीटीवी शेयर की कीमतें नीचे की ओर हैं।

### स्लाइड्स में अब दोस्तों के साथ कोलैबोरेट कर सकेंगे यूजर्स, गूगल ने की घोषणा

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल स्लाइड्स में एक नया फॉलो फीचर शुरू कर रहा है, जो यूजर्स को रियल-टाइम में अपने कलीग्स के साथ कोलैबोरेट करने की अनुमति देता है। टेक दिग्गज ने अपने वर्कस्पेस अपडेट्स ब्लॉग पोस्ट में कहा कि फॉलो फीचर मौजूदा फीचर पर बनाया गया है, जो यूजर्स को यह देखने की अनुमति देता है कि उनका कलीग किस स्लाइड पर है। नई फीचर के साथ, कोलैबोरेट अवतार पर क्लिक करके, यूजर्स स्लाइड टूलबार में उस स्लाइड पर जा सकते हैं। इसका एडमिन कंट्रोल नहीं है और यह डिफॉल्ट रूप से चालू रहेगा। गूगल ने कहा, एक कोलैबोरेट का फॉलो करने के लिए, स्लाइड टूलबार में अवतार पर क्लिक करें।

# सीईए ने कहा- सरकारी कंपनियों ने बहुत निवेश किया, अब निजी क्षेत्र को खर्च बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली।**
वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि पिछले दशक की तरह उसी गति से निवेश जारी रखना सरकारी क्षेत्र के लिये संभवत: अच्छा नहीं होगा। केंद्र, राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का संयुक्त रूप से निवेश पिछले 10 साल में 3.5 गुना बढ़कर 21.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे पहले 6.8 लाख करोड़ रुपये था।



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा कि दशक के दौरान जब वित्तीय क्षेत्र से इतर कंपनियां और बैंक अपने बही-खातों को दुरुस्त कर रहे थे, उस समय सरकारी कंपनियों ने मोर्चा संभाला था। साथ ही इस सदी के दूसरे दशक के दौरान आर्थिक वृद्धि को बनाए रखा। यह स्थिति मौजूदा दशक में भी जारी है। उन्होंने कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि क्या सरकारी कंपनियों का उसी गति से निवेश को बढ़ाना जारी रखा जाए या निजी क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में 'पूंजी निर्माण के प्राथमिक इंजन' के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए।

वर्तमान में कॉरपोरेट का बही-खाता और लाभ मजबूत है। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बही-खातों को दुरुस्त किया गया है। इससे वे कर्ज देने को तैयार हैं। इसीलिए सरकारी कंपनियों के लिये संभवत: यह बेहतर नहीं होगा कि वे उसी गति से निवेश बनाए रखें, जैसा कि अब तक किया गया है।

## कारों की बिक्री 21प्रतिशत और दोपहिया की 24प्रतिशत बढ़ी

# नवंबर में घरेलू बाजार में 23.80 लाख यानी हर सेकंड एक वाहन बिका

**नई दिल्ली।**
त्योहारों का सीजन निकलने के बाद भी देश में गाड़ियों की बिक्री तेज रफ्तार से बढ़ी है। नवंबर में हर सेकंड एक वाहन बिका और कुल बिक्री 23.80 लाख के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई। यह बीते साल नवंबर की तुलना में 26प्रतिशत ज्यादा है। बीते माह दोपहिया की बिक्री में 23.61प्रतिशत बढ़ोतरी हुई और कारों की बिक्री 21.31प्रतिशत बढ़ी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में कुल 23,80,465 वाहन बिके। अक्टूबर की तुलना में भी वाहनों की बिक्री 13.65प्रतिशत बढ़ी है। फाडा के अधिकारियों के मुताबिक नवंबर की रिटेल बिक्री भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के इतिहास में मार्च 2020 को छोड़कर अब तक की सबसे शानदार रही।

**त्योहारी सीजन के मुकाबले ज्यादा बिकीं गाड़ियां** - शुक्रवार को जारी फाडा के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर के 30




दिनों में नवरात्रि से दिवाली तक त्योहारों के 42 दिनों के मुकाबले ज्यादा वाहन बिके। त्योहारों में कुल 28,88,131 यानी रोजाना 68,765 वाहन बिके। इसके मुकाबले नवंबर में रोजाना 79,349 वाहनों की बिक्री हुई।

**ज्यादा शादियों के बीच बंपर फसल की उम्मीद का असर** - फाडा के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि आमतौर पर त्योहार बाद के महीने में वाहनों की बिक्री थोड़ी सुस्त पड़ती है, लेकिन इस साल ऐसा नहीं हुआ। इस साल काफी शादियां हो रही हैं। इसके अलावा अच्छी फसल की उम्मीद में ग्रामीण इलाकों में वाहनों की मांग बढ़ी है। वहीं अर्थव्यवस्था में सुधार के बाद लोगों के पास अतिरिक्त खर्च के लिए पैसा है। यही वजह है कि महंगाई के बावजूद टू-व्हीलर से लेकर हर तरह के वाहनों की बिक्री बढ़ी है। 10प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं श्वङ्क की कीमतें, घरेलू बाजार में सालभर में 60प्रतिशत से ज्यादा महंगी हुई बैटरी बैटरी की कीमतें बढ़ने से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम 7-10प्रतिशत बढ़ सकते हैं।

इसके चलते सस्ती इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की मुहिम को झटका लग सकता है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के मुताबिक, इस साल दुनियाभर में लिथियम आयन बैटरी पैक औसतन 7प्रतिशत महंगे हुए हैं। लेकिन भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों बैटरी की कीमतें 50-60प्रतिशत बढ़ गई हैं। मारुति के बाद अब टाटा की कारें भी होंगी महंगी, कंपनी जनवरी-2023 से प्राइस बढ़ाने का प्लान बना रही मारुति सुजुकी के बाद अब टाटा मोटर्स भी अगले महीने यानी नए साल से अपनी कारों के रेट बढ़ा सकती है। कंपनी अपने सभी मॉडलों की कीमतों को जनवरी 2023 से बढ़ाने का प्लान बना रही है। इस बात का हिंट टाटा मोटर्स के पैसेंजर और इलेक्ट्रिक व्हीकल के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश चंद्रा ने दिया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया है कि कारों की कीमतों को कितना बढ़ाया जाएगा। मारुति सुजुकी ने नवंबर में 1.60 लाख गाड़ियां बेची, सेल्स में 14प्रतिशत का उछाल देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने नवंबर 2022 के अपने ऑटो सेल्स के आंकड़े जारी कर दिए हैं। कंपनी ने नवंबर महीने में टोटल 1,59,044 यूनिट्स की सेल्स की है, जो पिछले साल नवंबर के आंकड़ों से 14प्रतिशत ज्यादा है।

### एयर इंडिया बोइंग से 150 विमान खरीदेगी, 737 मैक्स जेट विमानों के लिए होगा सौदा

नई दिल्ली। टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया 150 737 मैक्स जेट विमान हासिल करने के लिए बोइंग के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने इस बात की पुष्टि की है। यह ऑर्डर निजीकरण के बाद एयर इंडिया का पहला बड़ा विमान ऑर्डर होगा। पिछले साल अकासा एयर से 75 विमानों का ऑर्डर हासिल करने के बाद बोइंग का भारत में यह पहला बड़ा बिक्री सौदा होगा। भारत के नैरो बॉड बेड़े में एयरबस ए320 का प्रभुत्व है। ऊपर बताए गए लोगों ने कहा कि एयर इंडिया 150 737 मैक्स विमानों की खरीदारी के लिए एक फर्म ऑर्डर दे सकती है। पिछले साल अकासा एयर से 75 विमानों के लिए जनादेश हासिल करने के बाद बोइंग का भारत में यह पहला बड़ा बिक्री सौदा होगा।

# धनुष को आईएमडीबी सूची में मिला शीर्ष स्थान

## -धनुष के बाद ब्रह्मास्त्र की अभिनेत्री आलिया भट्ट को मिली जगह



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के स्टार अभिनेता धनुष ने 2022 के शीर्ष 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय सितारों की आईएमडीबी सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। धनुष के बाद ब्रह्मास्त्र की अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं जिन्होंने इस साल पैन-इंडिया मैग्नम ओपस आरआ-रआर गंगूबाई काठियावाड़ी और स्ट्रीमिंग फिल्म डार्लिंग्स (निमार्ता के रूप में अपनी शुरूआत) में अभिनय किया। इस साल की सूची में शामिल होने के बारे में बात करते हुए आलिया ने कहा 2022 अब तक फिल्मों में मेरे लिए सबसे यादगार साल रहा है- दर्शकों ने इस साल मेरी सभी फिल्मों को जो प्यार दिया है उसके लिए मैं आभारी और सम्मानित महसूस कर रही हूं। हमारे देश के बेहतरीन फिल्म निमार्ताओं और कलाकारों के साथ सहयोग करने के लिए मैं खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं कैमरे का सामना कर रही हूं तब तक मैं दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रख सकता हूं! प्यार और रोशनी।इस सूची में वे सितारे शामिल हैं जो 2022 के दौरान आईएमडी साप्ताहिक रैंकिंग चार्ट पर लगातार सर्वोच्च स्थान पर रहे। ये रैंकिंग दुनिया भर में आईएमडीबी के 200 मिलियन से अधिक मासिक आगंतुकों के वास्तविक पृष्ठ द्रश्यों पर आधारित हैं।


तीसरा स्थान ऐश्वर्या राय बच्चन ने हासिल किया जिन्होंने मणिरत्नम की महत्वाकांक्षी पोन्नियिन सेलवनः पार्ट 1 के साथ पांच साल बाद सिनेमा में वापसी की जो बॉक्स-आफिस पर इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक साबित हुई। आरआरआर में आलिया के सह-कलाकार राम चरण तेजा और एन.टी. रामा राव जूनियर क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे। यशोदा की अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को 5वें स्थान पर रखा गया इसके बाद रितिक रोशन को 6वें स्थान पर रखा गया और कियारा आडवाणी जिन्होंने 2022 में दर्शकों को जुग-जग जीयो और भूल भुलैया 2 से मंत्रमुग्ध कर दिया सूची में सातवें स्थान पर रहीं। पुष्पाः द राइज स्टार अल्लू अर्जुन ने 9वां स्थान हासिल किया और उसके बाद केजीएफ स्टार यश 10वें स्थान पर हैं।

बता दें कि धनुष को हाल ही में तमिल फिल्म नाने वरुवेन में देखा गया था और द ग्रे मैन के साथ एक वैश्विक स्टार बन गए हैं। अभिनेता इस वर्ष पांच बेहतरीन फिल्मों द ग्रे मैन मारन थिरुच्चिटम्बलम नाने वरुवेन और वाथी में दिखाई दिए थे।

# अक्षय ने मराठी फिल्म से जारी किया अपना फर्स्ट

## - सेक्स एजुकेशन पर आधारित है यह फिल्म

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के खिलाड़ी यानि अक्षय कुमार की फिल्मों को भले ही इस साल अच्छा रिस्पांस न मिला हो लेकिन उनके पास काम आना रुका नहीं है। थोड़ी देर पहले उन्होंने मराठी फिल्म वेडात मराठे दौड़ले सत से अपना फर्स्ट लुक जारी किया है। अक्षय कुमार ने हाल में सऊदी अरब में आयोजित हुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने एक इंटरेक्शन सेशन के दौरान अपने अपकमिंग प्रोजेक्टस पर भी बात की। उन्होंने खुलासा किया था कि उनका अगल प्रोजेक्ट सेक्स एजुकेशन पर आधारित होगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षय फिल्म ओएमजी 2 के बारे में बात कर रहे थे। उनके पास सरदार जसवंत सिंह गोरखा और ओएमजी 2-ओह माय गॉड समेत कई बड़ी फिल्में हैं। जानकारी के मुताबिक ओएमजी- ओह माय गॉड 2 कथित तौर पर एक कोर्टरूम ड्रामा होगी। इस कोर्ट ड्रामा में एक नागरिक कोर्ट में जाता है और स्कूलों में यौन शिक्षा को अनिवार्य करने की मांग करता है। पहले पार्ट की तरह ही सीक्वल का भी एक भगवान से कनेक्शन होगा।रिपोर्ट में कहा गया है फिल्म के राइटर्स और डायरेक्टर अमित राय ने चालाकी से भगवान का



एलिमेंट और सेक्स एजुकेशन के इर्द-गिर्द घूमने वाले असाधारण अदालती मामले को शामिल किया है। निमार्ताओं को भरोसा है कि यह दर्शकों को खींचेगा और एक नई चर्चा को जन्म देगा। इससे पहले रेड फिल्म इंटरनेशनल फेस्टिवल में अक्षय ने फिल्म के बारे में करते हुए खुलासा किया था यह उनकी बेहतरीन फिल्मों में से एक होगी। अक्षय कुमार ने कहा था कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। विषय के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कई जगहों पर यह नहीं है और यौन शिक्षा एक ऐसा विषय है जो वह चाहेंगे कि दुनिया के सभी स्कूलों में हो। उन्होंने कहा इसे रिलीज होने में समय लगने वाला है यह अप्रैल या मई होने जा रही है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी यामी गौतम और अरुण गोविल भी होंगे। बता दें कि अक्षय कुमार के लिए यह साल अभी तक कुछ खास नहीं रहा। इस साल उनकी बच्चन पांडे सम्राट पृथ्वीराज रक्षा बंधन और राम सेतु बड़े पर्दे पर रिलीज हुई लेकिन इसे ऑडियंस से अच्छा रिस्पांस नहीं मिला। वहीं कठपुतली ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई।

# सागर कैसी ये यारियां शो के चौथे सीजन में

### - अभिनेता ने साझा की जानकारी



**मुंबई (ईएमएस)।** कई टेलीविजन शो में अपने काम के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता सागर पारेख कैसी ये यारियां शो के चौथे सीजन में नजर आने वाले हैं। इसमें अपने किरदार को लेकर अभिनेता ने जानकारी साझा की है और साथ ही शो के बारे में भी बात की। वह युवान के रूप में एक बिगड़ैल लडके और एक गिटारवादक की भूमिका निभाते नजर आएंगे जो मादक द्रव्यों के सेवन का शिकार हो जाता है। शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा वह एक बागी है। उसमें परिपक्वता की कमी है जो उसे दुर्व्यवहार के जाल में फंसाती है। वह लापरवाह है और अपने किसी भी रिश्ते को महत्व नहीं देता है लेकिन गुजरते समय के साथ वह पीछे मुड़कर देखता है और महसूस करता है ये गलतियां। मुझे यकीन है कि दर्शकों के लिए युवान का सफर देखना काफी दिलचस्प होगा। शो जो एक प्रेम गाथा प्रस्तुत करता है में पार्थ समथान और नीति टेलर मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता को लगता है कि यह शो युवा दर्शकों के साथ अच्छी तरह से जुड़ता है क्योंकि इसकी सामग्री उनकी संवेदनाओं को अपील करती है। उन्होंने आगे कहा हम विशेष रूप से प्रशंसकों की मांग के कारण सीजन 4 के साथ वापस आ गए हैं और मुझे यकीन है कि प्रशंसक इस सीजन को भी पसंद करने वाले हैं। इस तरह के और अधिक युवा उन्मुख शो बनाने का मूल कारण और आवश्यकता यह है कि यह युवा दर्शकों को रिश्तों को भी समझने में मदद करता है। बेहतर है क्योंकि यह उनके लिए काफी भरोसेमंद है। यह उन्हें भावनाओं प्यार दोस्ती और इसके साथ आने वाली जिम्मेदारियों को सीखने और समझने में मदद करता है। जब पार्थ और नीति के साथ उनके समीकरण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मेरे सह-कलाकार पार्थ नीति और पूरी कास्ट बहुत मजेदार लोग हैं। वे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हैं हम आश्चर्यजनक रूप से कुछ ही समय में एक-दूसरे के साथ जुड़ गए। गोवा में अपनी शूटिंग के दौरान हम एक साथ पार्टी करते थे क्लब में जाते थे साथ में खाना खाते थे मजाक करते थे चुटकुले सुनाते थे। यह बहुत अच्छा था कि हमने वास्तव में एक साथ शानदार समय बिताया। मैंने पहले सीजन 3 देखे हैं और मुझे यह बहुत पसंद आए।

# टीना दत्ता पर लगाया टोफू चुराने का आरोप



मशहूर शो बिग बॉस 16 के हाल के एपिसोड में सौंदर्या शर्मा और टीना दत्ता के बीच लड़ाई देखने को मिलेगी। सौंदर्या और टीना के बीच बहुत बड़ा झगड़ा हुआ जिसमें सौंदर्या ने टीना पर टोफू चोरी करने का आरोप लगा दिया। टीना पूरी तरह से टूट गई और एक भावनात्मक उथल-पुथल से गुजरी और पूछा कि वह किसी से भोजन जैसी कोई चीज क्यों लेगी। हालांकि टीना के लिए सुबह की शुरूआत शालिन भनोट के साथ चर्चा से हुई कि वे अपने रिश्ते में कहां खड़े हैं। दोनों के बीच लगातार उतार-चढ़ाव आए और कई बार बहस भी हुई। चल रही बातचीत में शालिन ने टीना से कहा कि वह उसकी चिंता न करे और वह वहीं जाता है जहां उसे लगता है कि उसकी जरूरत है।

शालिन ने आगे कहा कि टीना जो भी कर रही हैं वह सही है और वह गलत हैं। बता दें कि बिग बॉस के घर में झगड़े एक आम बात है तो ऐसे में हर दिन किसी ना किसी बात पर विवाद देखने को मिल ही जाता है।

# अभिनेताओं-निर्देशकों के लिए कॉमेडी कठिन शैली


## -रणवीर ने रोहित शेट्टी को बताया कॉमेडी का बादशाह



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता रणवीर सिंह का मानना है कि अभिनेताओं और निर्देशकों दोनों के लिए कॉमेडी सबसे कठिन शैली है। मुंबई में करंट लगा रे के सॉन्ग लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपने डायरेक्टर रोहित शेट्टी को कॉमेडी का बादशाह कहकर बधाई दी। हालांकि इस बयान पर बहस की जा सकती है क्योंकि भारतीय सिनेमा में प्रियदर्शन और अनीस बज्मी जैसे निर्देशक भी हैं। रणवीर ने अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण की भी प्रशंसा की और उल्लेख किया कि 2013 में शाहरुख खान-अभिनीत फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से मीनम्मा का उनका चरित्र उनका अब तक का सबसे पसंदीदा चरित्र है। अभिनेता ने कहा मुझे लगता है कि सभी शैलियों में से कॉमेडी बहुत मुश्किल है। यह किसी भी अभिनेता या कहानीकार के लिए लिटमस टेस्ट है क्योंकि अगर आप पंचलाइन के लिए बीट मिस करते हैं तो यह कुछ ही समय में ढह सकता है।

अपने निर्देशक की प्रशंसा करते हुए अभिनेता ने कहा जब मैं रोहित शेट्टी के साथ काम करता हूं तो मेरा हास्य पक्ष सबसे अच्छा सामने आता है क्योंकि वह कॉमेडी के बादशाह हैं और लगभग 16 साल से ऐसा कर रहे हैं। 83 और जयेशभाई जोरदार जैसी भारी फ्लॉप फिल्मों के साथ बॉक्स-ऑफिस पर गर्मी का सामना करने के बाद रणवीर सर्कस के साथ एक्शन में वापसी करना चाह रहे हैं जो 23 दिसंबर 2022 को सिनेमाघरों में उतरेगी। बता दें कि रणवीर सिंह अपनी आगामी फिल्म सर्कस के साथ बॉक्स-ऑफिस पर अपने प्रदर्शन को पटरी पर लाने की उम्मीद कर रहे हैं।

# फिल्म ज्विगेटो को आईएफएफके में दिखाई जाएगी




जानेमाने कॉमेडियन कपिल शर्मा अपनी फिल्म ज्विगेटो को भारत के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक - इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ केरला (आईएफएफके) के 27वें संस्करण में ले जाने के लिए तैयार हैं। कपिल शर्मा-स्टारर को पहले टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया जा चुका है। फिल्म को फेस्टिवल के कैलिडोस्कोप सेक्शन में ओपनिंग फिल्म के रूप में चुना गया है। स्क्रीनिंग 10 दिसंबर और 13 दिसंबर 2022 को होगी। नंदिता दास द्वारा निर्देशित फिल्म में कपिल शर्मा एक फूड डिलीवरी पार्टनर की मुख्य भूमिका में हैं जो डिजिटल क्रांति के दौर में रेटिंग और एल्गोरिदम से संघर्ष करता है।

रॉक ऑन की अभिनेत्री शाहाना गोस्वामी उनकी पत्नी और एक गृहिणी की भूमिका में हैं जो अपनी आय बढ़ाने के लिए काम करना शुरू कर देती हैं। फिल्म जीवन के अथक संघर्ष की कहानी बयां करती है लेकिन इसमें उनके साझा आनंद के क्षण भी हैं। यह फिल्म भुवनेश्वर में सेट है और साधारण लोगों के जीवन की कहानी कहती है।

# फिल्म योद्धा 7 जुलाई को होगी रिलीज




बालीवुड की नई फिल्म योद्धा 7 जुलाई 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म 7 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इसको लेकर खुलासा करते हुए कहा है कि इस फिल्म में आपको मेरा एक नया रुप देखने को मिलेगा। पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे द्वारा निर्देशित थ्रिलर योद्धा एक हाइजैकिंग पर आधारित है। फिल्म में सिद्धार्थ एक्शन से भरपूर भूमिका में और बिल्कुल नए अवतार में हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ को-स्टार दिशा पटानी और राशि खन्ना नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के पोस्टर के साथ अपने इंस्टाग्राम पर लिखा एक्शन रोमांच और बड़े पर्दे के मनोरंजन से भरपूर हमारा योद्धा आपके नजदीकी सिनेमाघरों में उतर रहा है इसलिए अपनी सीट बेल्ट बांध लें। 7 जुलाई 2023 सिनेमाघरों में योद्धा। दर्शकों और प्रशंसकों से जितना प्यार मिला है जादुई है। योद्धा के पास उनके लिए क्या है यह दिखाने के लिए मैं और इंतजार नहीं कर सकता।

# करंट लगा रे साथ दिखे रणवीर और दीपिका



बी-टाउन के सबसे प्यारे लव बर्डस रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने गुरुवार को रोहित शेट्टी की सर्कस के गाने करंट लगा रे के लॉन्च के मौके पर मंच पर किया धमाल। गाने में तमिल किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने इवेंट शुरू होते ही अपने पति रणवीर के गाल पर एक किस किया। अपने हिस्से के लिए रणवीर एक बार फिर अपनी महिला के प्रेम पर फिदा हो गए और उन्होंने इसकी पुष्टि की जब उन्होंने कहा गाने की अवधि के दौरान मैं हमेशा उन्हें देखता रहता हूं और मैं वास्तविक जीवन के लिए भी ऐसा कह सकता हूं।कई हुक स्टेप्स से भरपूर इस गाने में रणवीर ने 10 दिनों तक अभ्यास किया था। उन्होंने कहा मैं उन पर फिदा हूं। वह न केवल मनोरंजन की रानी है बल्कि मेरे जीवन की रानी भी है। मुझे लगा लोग इनको (दीपिका) ही देखेंगे तो मैं अपनी तरफ से थोड़ी ज्यादा प्रैक्टिस कर लेता हूं ताकि उनसे मैच कर सकूं।

## सूडोकु नवताल- 6545

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6544 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 7609



### बाएँ से दाएँ

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

### ऊपर से नीचे

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -7608 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | जा | न | ■ | स | ली | का | ■ |
| दा | दा | ■ | सी | ■ | ह | ■ | या | द |
| मि | ■ | ■ | ब | र | सा | त | ■ | म |
| नी | र | व | ■ | थ | ■ | र | ह | न |
| ■ | ■ | ज | रा | ■ | सा | की | ■ | ■ |
| सु | ल | ह | ■ | दां | ■ | ब | हा | व |
| दा | ■ | ■ | सा | व | न | ■ | ■ | ज |
| मा | ता | ■ | ह | ■ | य | ■ | का | न |
| ■ | त | म | स | ■ | न | क | ल | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# मूनी ने ऑस्ट्रेलिया को भारत महिला टीम पर 9 विकेट से जीत दिलाई

**मुंबई। डी.वाई पाटिल स्टेडियम में पहले टी20 मैच में सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की तूफानी पारी (57 रन पर नाबाद 89) ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को भारत महिला टीम पर नौ विकेट से जीत दिलाई और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस जीत का मतलब है, ऑस्ट्रेलिया इस साल खेल के किसी भी प्रारूप में एक भी मैच नहीं हारा है।**

टी20 में यह 12 मैचों में उनकी नौवीं जीत थी, जिसमें तीन मैचों में कोई नतीजा नहीं निकला। दीप्ति शर्मा (15 गेंदों पर नाबाद 36 रन) और ऋचा घोष (20 गेंदों पर 36 रन) की तेजतर्रार पारियों ने भारत को 20 ओवरों में 172/5 के स्कोर पर पहुंचा दिया। दीप्ति और ऋचा के अलावा, शेफाली वर्मा (10 गेंदों पर 21), स्मृति मंधाना (22 गेंदों पर 28) और हरमनप्रीत कौर (23 गेंदों पर 21 रन) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

एक चुनौतीपूर्ण कुल का पीछा करते हुए मूनी शुरुआत में थोड़ी सतर्क थीं, लेकिन हीली अपने इरादे में आक्रामक थीं। मूनी ने पांचवें ओवर में रेणुका सिंह की गेंदों पर चौके की हैट्रिक के साथ अपने कप्तान को पीछे छोड़ दिया। आखिरकार, ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले को 47/0 पर समाप्त किया।

राधा यादव ने 10वें ओवर में मैक्ग्रा को राहत देने का एक कठिन मौका दिया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आधे रास्ते में 81/1 पर खेल समाप्त किया।

मूनी और मैकग्राथ दोनों ने नियमित दर से बाउंड्री लगाई, जिसमें मूनी ने 14वें ओवर में 43 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अंतिम पांच ओवरों में समीकरण 37 का था, जो अंतिम चार में से 26 पर आ गया, मूनी ने 11 रन के ओवर में रेणुका सिंह पर एक चौका लगाया।

मैक्ग्रा (29 रन पर नाबाद 40) ने इसके बाद मेघना सिंह की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाया, जबकि मूनी ने एक ही ओवर में दो चौके जड़े जिससे 17वें ओवर में 19 रन बने और आस्ट्रेलिया लक्ष्य के करीब पहुंच गया। मैकग्राथ के लिए एक जोड़ी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर नौ विकेट हाथ में लेकर ऑस्ट्रेलिया को लाइन पर ले लिया। मूनी और मैकग्राथ ने दूसरे विकेट के लिए 56 गेंदों में 100 रन की अटूट साझेदारी की।

भारत 12वें ओवर में जब 76 रन पर चार विकेट गंवा चुका था, ऋचा घोष बल्लेबाजी के लिए उतरीं और खेल का रुख ही बदल दिया। उन्होंने देविका वैद्य (नाबाद 25) के साथ एक तेज अर्धशतकीय साझेदारी की, जिसने भारत को आगे बढ़ाया।

17वें ओवर में ऋचा आउट हो गईं, लेकिन उन्होंने दीप्ति शर्मा के लिए टोन सेट कर दिया था। दीप्ति ने आखिरी ओवर में लगातार चार चौके लगाकर भारत को 20 ओवर में 172/5 के स्कोर तक पहुंचाया।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान के अबरार ने डेब्यू टेस्ट में लिए 7 विकेट: अपने दम पर इंग्लैंड को समेटा



**मुल्तान।** पाकिस्तान आम तौर पर दुनिया को बेस्ट फास्ट बॉलर देने के लिए माना जाता है, लेकिन इस बार टीम के स्पिनर ने गेंद से जादू दिखाया। इंग्लैंड के खिलाफ अबरार अहमद का ड्रीम डेब्यू हुआ। उन्होंने अपने पहले ही इंटरनेशनल मैच में 7 विकेट झटके। एक समय पर लग रहा था कि वे पूरी इंग्लैंड टीम को अकेले ही पवेलियन का रास्ता दिखा देंगे। हालांकि, इंग्लैंड के बाकी तीन विकेट जाहिर महमूद ने ले लिए। 24 साल के गेंदबाज अबरार अहमद मिस्ट्री स्पिनर हैं। वे लेग स्पिन के अलावा गुगली और कैरम बॉल भी कर सकते हैं। अबरार का जन्म पाकिस्तान के कराची में हुआ। उन्होंने वहीं की गलियों में टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलना शुरू किया। अबरार ने 18 साल की उम्र में कराची के लोकल टूर्नामेंट से अपनी क्रिकेटिंग जर्नी शुरू की। उन्होंने 53 विकेट लेकर टूर्नामेंट की सबसे कमजोर टीम को टाइटल जिताया। इसके बाद उन्होंने कराची की रशीद लतीफ अकादमी जॉइन की। अबरार अहमद ने 14 फर्स्ट क्लास गेम खेले। इसमें उन्होंने 76 विकेट चटके। साथ ही पिछले 2 साल में उनका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। अबरार पाकिस्तान की टी-20 लीग पीएसएल में कराची किंग्स की ओर से खेलते हैं। टीम में आने की वजह से वे लोकप्रिय हुए। टीम में उनकी गेंदबाजी कोच मिकी आर्थर को बेहद पसंद आई। अबरार सिंध टीम की तरफ से कायद-ए-आजम ट्रॉफी में खेल चुके हैं। जैसे भारत में रणजी ट्रॉफी है, ठीक वैसे ही कैद ए आजम पाकिस्तान की मुख्य डोमेस्टिक ट्रॉफी है। अबरार ने 2020-21 सीजन में 16 और 2021-22 सीजन में 17 विकेट लिए थे। वहीं, इस सीजन में वे अब तक 43 विकेट ले चुके हैं। पाकिस्तान के लिए टेस्ट डेब्यू करने के बाद पूरी दुनिया ने उनका नाम जान लिया। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 7 विकेट लेने के बाद देखना इंटरेस्टिंग होगा कि वह दूसरी पारी में कितने विकेट लेते हैं।

### हम चोकर्स नहीं, किस्मत से हारे : जोंटी रोड्स: 15 वर्ल्ड कप खेले लेकिन, कभी फाइनल में नहीं पहुंचा साउथ अफ्रीका

**नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहे जोंटी रोड्स का कहना है कि उनकी टीम चोकर्स नहीं है,



बल्कि वर्ल्ड कप में किस्मत के कारण हारी है। टीम ने अब तक 15 वर्ल्ड कप खेले हैं, लेकिन कभी फाइनल में नहीं पहुंच सकी है। इसीलिए उसे चोकर कहा जाता है। 53 साल के पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी ने भोपाल में एक टॉक-शो के दौरान कहा- साउथ अफ्रीका ने भले ही कोई वर्ल्ड कप नहीं जीता हो, लेकिन हमारी टीम खराब नहीं थी। अधिकांश वर्ल्ड कप में हम खराब किस्मत से हारे हैं। न कि खराब प्रदर्शन से। कभी बारिश ने खलल डाला तो हम किसी अन्य कारण से मैच हार गए। बात चाहे 1992 वर्ल्ड कप की हो या फिर किसी की। हम आपको याद दिला दें कि 1992 में साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ बारिश के कारण बाहर हो गई थी। जबकि, 1999 में टीम ऑस्ट्रेलिया सुपर-6 के आखिरी मुकाबले में मिली बढ़त के कारण बाहर हो गए थे। वहीं, 2003 में अफ्रीकी टीम ने डकवर्थ लुईस मैथड के टारगेट कैलक्यूलेट में गलती कर दी और महज 3 रन से हार गई थे। जोंटी ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा- मैं खुद को बैटर की जगह फील्डर कहना पसंद करता था।

### आईसीसी टूर्नामेंटों में विश्व क्रिकेट का नया चोकर बन गया है भारत

**नई दिल्ली।** लम्बे समय तक दक्षिण अफ्रीका की विश्व कप के नॉक आउट चरण में लड़खड़ाने के लिए आलोचना की



जाती रही थी लेकिन अब लगता है भारत विश्व क्रिकेट का नया चोकर बन गया है और उसने दक्षिण अफ्रीका की जगह ले ली है। भारत ने पिछले एक दशक में द्विपक्षीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन यह आईसीसी टूर्नामेंटों और उसके नॉकआउट चरण हैं जहां सुपरस्टारों से भरी टीम लड़खड़ा जाती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे पाती। भारत ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी लेकिन उसके बाद से कप्तान, कोच और खिलाड़ी बदले गए हैं लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को भारत को फिर से ट्रॉफी उठाते देखने का मौका नहीं मिल पाया है। भारत 2014 के टी20 विश्व कप में फाइनल में श्रीलंका से हार गया, 2015 में 50 ओवर के विश्व कप में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया, 2016 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में वेस्ट इंडीज से हार गया, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान से हार गया और 2019 में 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया।

### ईशान किशन से हारा बांग्लादेश

# 182 पर ऑलआउट हुई टीम, ईशान ने अकेले बनाए थे 210 रन, विराट ने भी जमाई सेंचुरी

**चटगांव**

लगातार दो मैच हारकर सीरीज पहले ही गंवा चुकी टीम इंडिया ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम क्लीन स्वीप होने से बच गई। यह वनडे क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की बांग्लादेश के ऊपर अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 200 रन का था। भारत ने 2003 में ढाका में बांग्लादेश को इस अंतर से हराया था। चटगांव में शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने ईशान किशन (210) की डबल सेंचुरी और विराट कोहली (113) के 44वें वनडे शतक की मदद से 50 ओवर में 8 विकेट पर 409 रन बनाए। ईशान ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 126 गेंद पर ही दोहरा शतक जमा दिया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 34 ओवर में 182 रन के स्कोर पर सिमट गई। शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। यानी बांग्लादेश ईशान किशन जितने रन भी नहीं बना पाया। भारतीय पारी में चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमाई। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। ईशान 131 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्कों की मदद से 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा



किया था। ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे। ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में कप्तानी कर रहे केएल राहुल 8 रन ही बना सके।

**विराट ने तोड़ा पोंटिंग का रिकॉर्ड अब सिर्फ सचिन हैं आगे** - विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 72वीं सेंचुरी बनाई है। इसके साथ ही वे सबसे ज्यादा शतक जमाने के मामले में दुनिया के दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है। पोंटिंग ने 560 मैचों में 71 सेंचुरी जमाई थी। विराट ने 482 मैचों में ही 72 शतक पूरे कर लिए हैं।

**बांग्लादेश में सबसे बड़ी पारी** - किशन (210) ने बांग्लादेश की पिच पर सबसे बड़ी पारी खेली हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन (185*) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। बांग्लादेश में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली (183) तीसरे नंबर पर हैं।

**किशन-कोहली के बीच 290 की पार्टनरशिप** - 15 रन पर शिखर धवन के आउट होने के बाद ईशान किशन और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 290 रन की साझेदारी हुई।

**ऐसे गिरे बांग्लादेश के विकेट**

अनामुल हक : अक्षर पटेल ने मोहम्मद सिराज के हाथों एक्सट्रा कवर में कैच कराया। लिटन दास : सिराज की बॉल को आगे निकलकर एक्स्ट्रा कवर की ओर खेलना चाहते थे। लेकिन ठाकुर के हाथों मिड ऑफ में पकड़े गए। मुशफिकुर रहीम : अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया। यासिर अली : उमरान मलिक ने आउट कर दिया। शाकिब अल हसन : कुलदीप यादव ने बोल्ड कर दिया। अफीफ हुसैन : शार्दूल ठाकुर ने उमरान मलिक के हाथ कैच कराया। मेहदी हसन मिराज : शार्दूल ठाकुर ने मोहम्मद सिराज के हाथ कैच कराया। इबादत हुसैन : खाता भी नहीं खोल सके। शार्दूल ठाकुर ने आउट किया।

**कैसे गिरे टीम इंडिया के विकेट**

शिखर धवन : मेहदी हसन मिराज की मिडिल लेग स्टंप की बॉल पैड से टकराई। ईशान किशन : तस्कीन अहमद ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। श्रेयस अय्यर : इबादत हुसैन ने लिटन दास के हाथ कैच कराया। केएल राहुल : इबादत हुसैन ने यार्कर पर बोल्ड मारा। विराट कोहली : शाकिब अल हसन ने मेहदी हसन मिराज के हाथों कैच कराया। अक्षर पटेल : तस्कीन अहमद ने बोल्ड कर दिया। वाशिंगटन सुंदर : शाकिब अल हसन ने क्लीन बोल्ड किया। शार्दूल ठाकुर : मुस्ताफिजुर रहमान ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया ने लगातार चौथे मैच में बदली ओपनिंग जोड़ी, धवन-ईशान उतरे टीम ने लगातार चौथे मुकाबले में अपनी ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया है। शिखर धवन के साथ ईशान किशन ओपन करने उतरे। ईशान चोटिल कप्तान रोहित की जगह खेल रहे हैं। इससे पहले धवन के साथ विराट कोहली, रोहित और शुभमन गिल उतरे थे।

# रणजी ट्राफी के लिए उत्तराखंड की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा जीवनजोत सिंह को मिली कमान



**देहरादून।**

क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड (सीएयू) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रणजी ट्राफी के लिए उत्तराखंड की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

टीम की कमान जीवनजोत सिंह को सौंपी गई है। जबकि दीक्षांशु नेगी को उप कप्तान बनाया गया है।

**13 दिसंबर को पहला मुकाबला नगालैंड के विरुद्ध** - सीएयू के प्रवक्ता संजय गुसाईं ने बताया कि रणजी ट्राफी टूर्नामेंट के लिए सीएयू सीनियर पुरुष टीम का चयन किया गया है। कोच मनीष झा के निर्देशन में चयनित टीम 13 दिसंबर को अपना पहला मुकाबला नगालैंड के विरुद्ध खेलेगी।

**ये है 16 सदस्यीय टीम** - जीवनजोत सिंह (कप्तान), दीक्षांशु नगी (उप कप्तान), अवनीष सुधा, प्रियांशु खंडूड़ी, कुणाल चंदेला, आदित्य तारे (विकेट कीपर), स्वपनिल सिंह, अखिल सिंह रावत, आर्यन शर्मा, मयंक मिश्रा, हिमांशु बिष्ट, दीपक धपोला, आकाश मधवाल, राजन कुमार, अभय नेगी व अग्रिम तिवारी।

**इस प्रकार होंगे उत्तराखंड के मुकाबले** - दिनांक, स्थान, बनाम

13 दिसंबर, नगालैंड क्रिकेट स्टेडियम सोविमा, नगालैंड बनाम उत्तराखंड, 20 दिसंबर, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज देहरादून, उत्तराखंड बनाम ओडिशा , 27 दिसंबर, राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम देहरादून, उत्तराखंड बनाम हिमाचल , 03 जनवरी, अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी देहरादून, उत्तराखंड बनाम बंगाल, 10 जनवरी, ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर, उत्तरप्रदेश बनाम उत्तराखंड, 17 जनवरी, अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी देहरादून, उत्तराखंड बनाम बड़ोदरा, 24 जनवरी, चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम, लाहिल, हरियाणा बनाम उत्तराखंड,42 पदक के साथ महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज शीर्ष पर एसएफए चैंपियनशिप उत्तराखंड में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के खिलाड़ियों का दबदबा पहले दिन से कायम है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक स्पोर्ट्स कालेज 42 पदक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

चैंपियनशिप में सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में बाक्सिंग स्पर्द्धा के मुकाबले हुए। बालिका अंडर-11 के 30 किग्रा भार वर्ग में सृष्टि ने, अंडर-13 के 38 किग्रा भार वर्ग में तेजस्वनी ने, 40 किग्रा भार वर्ग में उर्वशी ने, 46 किग्रा भार वर्ग में जनक ने, 48 किग्रा भार वर्ग में महती ने, 54 किग्रा भार वर्ग में प्रियदर्शिनी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

# लोकसभा में बोले खेल मंत्री- 1000 खेलो इंडिया केंद्र अगले 15 अगस्त तक पूरे देश में खोले जाएंगे

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में जानकारी दी कि 2014 में खेल मंत्रालय का बजट 1219 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 3062 करोड़ रुपये हो गया है। खेलमंत्री खेलों और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले सिर्फ खेल विभाग का बजट 874 करोड़ रुपये था, जो अब दो हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। खेलमंत्री ने कहा, हम पारंपरिक खेलों जैसे मलखंब, थांग ता, योगसान, गतका और कलपेट्टा को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे। मंत्रालय अगले वर्ष 15 अगस्त तक 1000 खेलो इंडिया केंद्र खोलेगा। 733 केंद्र पहले से ही खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**नेशनल स्पोर्ट्स कोड के आ रहे सकारात्मक परिणाम** - खेल मंत्री ने कहा, नेशनल स्पोर्ट्स कोड संशोधन के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। खेल संघों में खिलाड़ियों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में हुए भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव अर्जुन अवॉर्डी कमलेश मेहता बने हैं। उन्होंने कहा, यदि दो वोट हैं तो उसमें एक महिला का है। उन्होंने कहा, एक अप्रैल 2023 से खेल संघों के संबंध में शिकायत और सुझाव ऑनलाइन किए जाएंगे।

**एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना हो रही सशक्त** - खेलमंत्री ने कहा, किसी भी टूर्नामेंट में शामिल होने से पहले, बीच में और बाद में खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि आपके पदक जीतने से पूरा देश गौरवान्वित होता है। इससे एक भारत और श्रेष्ठ भारत की भावना सशक्त होती है। पूर्व में ऐसा कम ही हुआ होगा, जब प्रधानमंत्री खिलाड़ियों का इतना मनोबल बढ़ाते हैं। उसके परिणाम सबको दिख रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक में सात, पैरालंपिक में 19 और डेफ ओलंपिक में 16 पदक जीते। भारत ने पहली बार थॉमस कप जीता। हमारी बेटियां भी कमाल कर रही हैं। निकहत जरीन ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण, प्रवीण और मनीषा ने कांस्य पदक जीतकर हमें गौरवान्वित किया। उन्होंने हरियाणा के सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल के सवाल पर कहा, आपके यहां फोगाट बहनें, रवि दहिया और नीरज चोपड़ा हैं। इन सबसे के बावजूद हम प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप हम टीम इंडिया के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, खिलाड़ी किसी भी राज्य से हों और कोई भी भाषा बोलते हों। वे टीम इंडिया का हिस्सा हैं। खेलमंत्री ने बताया कि हमारे पास देशभर में 16 हजार इंडोर स्टेडियम, खुले मैदान और हॉकी स्टेडियम हैं।

# महान एथलीट पीटी ऊषा ने रचा इतिहास, भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनीं

**नई दिल्ली।** भारत की महान एथलीट पीटी ऊषा ने शनिवार (10 दिसंबर) को इतिहास रच दिया। वह भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला अध्यक्ष बन गईं। चुनाव में उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। 1960 के बाद पहली बार कोई खिलाड़ी आईओए का अध्यक्ष बना है। महाराजा यादविंदर सिंह (1938-1960) पिछले ऐसे अध्यक्ष थे जो खिलाड़ी रह चुके थे।

पीटी ऊषा के नाम एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और सात रजत पदक हैं। वह 1982, 1986, 1990 और 1994 एशियाई खेलों में पदक जीती थीं। इसके अलावा उनके नाम एशियाई चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक हैं। 58 साल की पीटी ऊषा 1984 ओलंपिक में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं।

# कतर में समलैंगिक समुदाय के समर्थन में अमेरिकी पत्रकार ने पहनी थी शर्ट, हिरासत से छूटने के बाद मौत

**दोहा।**

फीफा विश्व कप 2022 एक बार फिर विवादों में घिर चुका है। यह टूर्नामेंट अपने उद्घाटन से पहले ही अलग-अलग वजहों से विवादों में रहा था। कतर में समलैंगिकता को लेकर सख्त कानून इनमें से एक रही हैं। इसी वजह से एक बार फिर कतर और फीफा विश्व कप विवादों में आ चुके हैं। कतर में अमेरिका के एक पत्रकार की मौत हो गई है। इस पत्रकार का नाम है ग्रांट वहल। ग्रांट वही पत्रकार हैं, जिन्होंने कुछ दिन पहले बताया था कि समलैंगिक समुदाय का समर्थन करने वाली शर्ट पहनने पर उन्हें कतर में हिरासत में ले लिया गया था। इस घटना के कुछ दिन बाद ही उनकी मौत हो गई है। उनकी मौत के कई मायने निकाले जा रहे हैं। वहीं, उनकी पत्नी का कहना है कि उन्हें बड़ा झटका लगा है।

**अर्जेंटीना-नीदरलैंड मैच के दौरान हुई मौत**

ग्रांट वहल अर्जेंटीना और



नीदरलैंड का मैच देख रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि 48 साल के ग्रांट को दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उनका निधन हुआ है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। अर्जेंटीना और नीदरलैंड का मैच काफी रोमांचक था, लेकिन इसी रोमांच की वजह से ग्रांट को दिला का दौरा पड़ा या इसकी वजह कुछ और थी। इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। ग्रांट ने मैच के दौरान ट्वीट किया था कि अभी यह क्या हो गया। इसके बाद ही उनकी मौत हुई है। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी डेविड बेकहम के अमेरिका में स्टार बनने पर ग्रांट ने किता लिखी थी। द बेकहम एक्सपेरिमेंट नाम की यह किताब काफी लोकप्रिय हुई थी। अमेरिकी फुटबॉल की तरफ से ग्रांट की मौत पर कहा गया पूरा यू.एस. सॉकर (फुटबॉल) परिवार यह जानकर बहुत दुखी है कि हमने ग्रांट वाहल को खो दिया है। सॉकर के प्रशंसक जानते थे कि उच्चतम गुणवत्ता वाली पत्रकारिता के लिए वह ग्रांट पर भरोसा कर सकते थे। साथ ही इस खेल, खिलाड़ी, कोच और कई हस्तियों से जुड़ी रोचक कहानियों के लिए भी उन पर भरोसा किया जा सकता था, जो फुटबॉल को किसी भी खेल से अलग बनाती हैं।

अपना आठवां फीफा विश्व कप कवर कर रहे ग्रांट ने बताया था कि वेल्स के खिलाफ अमेरका की टीम के मैच के दौरान उन्हें स्टेडियम के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि उनकी शर्ट में एक फुटबॉल बनी थी और उसके चारो तरफ इंद्रधनुष के रंग की आकृति थी। (इंद्रधनुष के रंग समलैंगिक समुदाय के प्रतीक हैं) इसके बाद उन्हें लगभग 30 मिनट तक हिरासत में रखा गया था और बाद में छोड़ दिया गया था।

### मेसी की अर्जेंटीना वर्ल्ड कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंची

# पेनल्टी शूटआउट में नीदरलैंड को 4-3 से हराया

**कतर।**

कतर में खेले जा रहे वर्ल्ड कप के दूसरे क्वार्टर फाइनल का भी फैसला शूटआउट में हुआ। लियोनल मेसी की टीम अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला क्रोएशिया से होगा। पहले क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया ने खिताब के दावेदार ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में हराया। 2014 के बाद यह पहला मौका है जब अर्जेंटीना की टीम वर्ल्ड कप के अंतिम 4 में पहुंचने में सफल रही है। इंजरी टाइम नीदरलैंड के लिए लकी रहा। 90 मिनट तक के खेल में मैच अर्जेंटीना के पक्ष में 2-1 से था। इंजरी टाइम के आखिरी मिनट (90+10वें मिनट) में बाउट बेघोर्स्ट ने दूसरा गोलकर अर्जेंटीना को चौंका दिया। उसके बाद मैच एक्सट्रा टाइम में गया। इसमें कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट पर हुआ।

**हाफ टाइम तक अर्जेंटीना हावी** - अर्जेंटीना की टीम ने मैच में शुरुआत से ही नीदरलैंड पर मजबूत पकड़ बना रखी थी। मैच के 35वें मिनट में मोलिना ने नीदरलैंड को 1-0 की बढ़त दिला दी। उन्होंने लियोनल मेसी के शानदार पास पर गोल कर टीम के लिए पहला गोल किया। हाफ टाइम तक नीदरलैंड की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और स्कोर अर्जेंटीना के पक्ष में 1-0 से रहा।



**दूसरे हाफ में नीदरलैंड की वापसी** - दूसरे हाफ में नीदरलैंड की वापसी हुई। हालांकि, हाफ टाइम के बाद पहला गोल अर्जेंटीना की ओर से ही दागा गया, पर उसके बाद नीदरलैंड ने शानदार खेल दिखाकर स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला दिया। मैच के 73वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी पर गोल किया। मैच एक्सट्रा टाइम में गया, पर दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के गोलकीपर एमी मार्टिनेज ने नीदरलैंड के मनसूबे पर पानी फेर दिया। उन्होंने नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डाइक और स्टीवन बर्गहाउस के शॉट को रोका। नीदरलैंड के लिए टिउन कूपमिएनर्स, बाउट बेघोर्स्ट और ल्यूक डी जॉन्ग ने गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। वहीं, अर्जेंटीना के लिए लियोनल मेसी, लियनार्डो पेरेडेज, गोंजालो मोंटियाल और लौटारो मार्टिनेज गोल करने में सफल रहे। एंजो फर्नांडीज गेंद को गोलपोस्ट में नहीं डाल पाए। मेसी का वर्ल्ड कप इतिहास में 10 गोल हो गए हैं। उन्होंने अपने देश के पूर्व दिग्गज गेब्रियल बतिस्तुता की बराबरी कर ली है। अब दोनों के वर्ल्ड कप में 10-10 गोल हो गए हैं। दोनों संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल दागने वाले अर्जेंटीनी प्लेयर बन गए हैं। माराडोना के नाम वर्ल्ड कप में 8 गोल हैं। मेसी ने इस वर्ल्ड कप में अब तक चार गोल दागे हैं।

**मैच में अर्जेंटीना और नीदरलैंड्स की स्टार्टिंग-11**

**नीदरलैंड टीम:** वर्जिल वान डाइक (कप्तान), एंड्रीज नोपर्ट (गोलकीपर), डेली ब्लाइंड, नाथन एके, जुरियन टिम्बर, डेनजेल डम्फ्रीज, मार्टन डी रून, स्टीवन बर्गविजन, फ्रेंकी डी जोंग, कोडी गैक्पो और मेम्फिस डेपे।

**अर्जेंटीना टीम:** लियोनल मेसी (कप्तान), एमिलियानो मार्टिनेज (गोलकीपर), क्रिस्टियन रोमेरो, लिसेंड्रो मार्टिनेज, निकोलस ओटामेंडी, नाहुएल मोलिना, मार्कोस एक्यूना, रोड्रिगो डी पॉल, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज और जूलियन अल्वारेज।

### उनादकट की 12 साल बाद टीम इंडिया में वापसी: बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में चोटिल शमी की जगह लेंगे

**मुंबई।** बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए जयदेव उनादकट मोहम्मद शमी का स्थान लेंगे। 12 साल बाद टीम इंडिया में उनकी वापसी हो रही है। जयदेव उनादकट ने 2010 में भारत के लिए एकमात्र टेस्ट दक्षिण अफ्रीका में खेला था और इसके बाद उन्हें मौका नहीं मिला। वीजा औपचारिकता पूरा होने के बाद वह बांग्लादेश के लिए रवाना हो जाएंगे। उनादकत चोट की वजह से सीरीज के लिए शामिल होने वाले दूसरे खिलाड़ी जयदेव उनादकट चोट की वजह से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल किए जाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा की जगह पर अभिमन्यु ईश्वरन को चटोग्राम बुलाया गया था।

सुझाव

# 3 योगासन जिनसे बच्चों के मन का डर दूर होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा



**योगा**-योग एक प्राचीन भारतीय जीवन-जीने की कला है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का कार्य होता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं विकसित किया जा सकता है। तीनों के स्वस्थ रहने से आप स्वयं स्वस्थ रहते हैं। योग के द्वारा न सिर्फ बीमारियों का निदान किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कष्टों को भी दूर किया जा सकता है। योग रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। योगा शरीर को शक्तिशाली एवं स्वस्थ बनाए रखता है साथ ही तनाव से भी दूर करता है जो रोजमर्रा की ज़िन्दगी के लिए आवश्यक है। योग आसन और मुद्राएं तन और मन दोनों को क्रियाशील बनाती हैं।

ऐसे तीन योगासन जिससे बच्चों के मन का डर दूर होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा

1. **वीरभद्रासन**- वीरभद्रासन मन को शांत रखता है। यह पाचन को ठीक करता है तथा बच्चों में डर और चिंता को दूर करने का कार्य करता है। इसे करना हो तो सबसे पहले सीधे तनकर खड़े हो जाइए। अब अपने दाएं पैर को 2 से 4 फिट तक आगे की ओर ले जाए। दाएं घुटने को थोा-सा मो दें और इस बात का ध्यान रहे कि बायां पैर सीधा हो तथा उसका तलवा जमीन से लगा हुआ हो। गहरी श्वांस भरते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर करें। अपने कंधों को आरामदायक स्थिति में रहने दें। अब श्वांस को धीरे-धीरे छोते हुए पहले की अवस्था में आ जाएं।



2 . **शवासन**- इस आसन कोकरना हो तो अपनी पीठ के सहारे लेट जाएं। पैर सीधे रखें। अपने दोनों हाथों को शरीर से कम से कम 5 इंच की दूरी पर इस तरह रखें कि दोनों हाथ की हथेलियां आसमान की ओर हो। अब शरीर के प्रत्येक अंग ढीला छो दें। आंखें बंद कर लें। पूरा ध्यान श्वांसों पर लगाएं।

3 . **वृक्षासन**- वृक्ष' का अर्थ पेड़ होता है। एकाग्रता और ध्यान में वृद्धि के लिए यह आसन किया जा सकता है। इसे करना हो तो सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैरों को एक दूसरे से कुछ दूरी पर रखें और हाथों को ऊपर उठाएं। इसे सीधा करके हथेलियों को आपस में मिलायें। इसके बाद दाहिने पैर को घुटने से मोड़ते हुए उसके तलवे को बाईं जांघ पर रख दें। बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए हथेलियां, सिर और कंधे को सीधा एक ही सीध में रखें। यह स्थिति वृक्षासन की है। कुछ समय तक शरीर का संतुलन बनाए रखें ,अब हाथ नीचे ले जाएं और मूल अवस्थो में लौट आएं।



# पानी की शुद्धता के क्या हैं फायदे



अगर यह कहा जाए कि रंगहीन, गंधहीन और स्वादहीन जल ही जीवन है तो यह गलत नहीं होगा. खाने के बिना इनसान कई दिनों तक जी सकता है, पर जल के बिना कुछ दिन भी नहीं रह सकता. पानी सिर्फ प्यास बुझाने के ही नहीं, खाना बनाने, घर की साफसफाई, स्नान से ले कर उद्योगधंधों व खेतीबाड़ी तक के लिए बेहद जरूरी है. सिर्फ पानी का होना ही पर्याप्त नहीं, इस का शुद्ध और हैल्दी होना भी बेहद जरूरी है. पानी में कई तरह के नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया, घुलनशील तत्व और ठोस अशुद्धियां मौजूद हो सकती हैं. ऐसे में अशुद्ध पानी का सेवन हमें बीमार कर सकता है. यह उलटी, डायरिया, टायफाइड, पोलिया, पीलिया आदि होने का कारण बन सकता है. गंदे पानी से स्नान करने से त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं.

## टीडीएस लैवल

पानी में कुल घुलित ठोस यानी टीडीएस लैवल का ध्यान रखना जरूरी है. पानी में कई तरह के खनिज जैसे मैगनीशियम, कैल्सियम, सोडियम आदि घुले होते हैं. इस के अलावा कम मात्रा में मगर खतरनाक घुलित ठोस पदार्थ भी होते हैं. जैसे आर्सेनिक फ्लूराइड और नाइट्रेट वगैरह. आमतौर पर पीने के पानी में टीडीएस लैवल 500 एमजी प्राप्त लिटर से अधिक नहीं होना चाहिए. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 100 से 150 का स्तर बेहतर बताया है.

## पानी शुद्ध करने के तरीके

पानी को शुद्ध करने का सब से पुराना और आसान तरीका है छानना. किसी कपड़े या छलनी से पानी को छान लिया जाता है. मगर इस तरीके से केवल ठोस पदार्थ ही बाहर निकलते हैं, घुलनशील गंदगी दूर नहीं होती.पानी को शुद्ध करने का दूसरा तरीका है उसे उबालना. कम से कम 15-20 मिनट तक पानी को तेज आंच पर उबाला जाता है. इस से उस में मौजूद नुकसानदेह बैक्टीरिया मर जाते हैं.रसायनों का प्रयोग कर के भी पानी को शुद्ध किया जाता है. आमतौर पर इस के लिए क्लोरीन और आयोडीन का इस्तेमाल होता है. इस से हानिकारक बैक्टीरिया आसानी से हटा दिए जाते हैं. पर इस पानी को भी पूरी तरह शुद्ध और हैल्दी नहीं कहा जा सकता. बहुस्तरीय शुद्धिकरण द्वारा भी पानी को साफ किया जाता है. पर इस में बिजली के प्रयोग के बगैर भी कई स्तरों पर पानी साफ किया जाता है. प्रीफिल्टर प्यूरीफिकेशन ऐक्टीवेटेड कार्बन प्यूरीफिकेशन, बैक्टीरिया का खात्मा और अंत में पानी का स्वाद भी बेहतर किया जाता है.

## आरओ सिस्टम

पिछले कुछ समय से बाजार में जल शुद्धिकरण की नई तकनीक आ गई है. थोड़ी महंगी होने के बावजूद यह लोगों को काफी पसंद आ रही है. इस में पानी पूरी तरह शुद्ध हो जाता है. आरओ यानी रिवर्स आसमोसिस प्रोसैस, जिस के तहत पानी को तेज दबाव में साफ किया जाता है. यह काफी प्रभावशाली तरीका है. आरओ सिस्टम के अंतर्गत मुख्य रूप से 5 चरणों में सफाई होती है. पानी में मौजूद ठोस और घुलनशील गंदगी व बैक्टीरिया की सफाई कर इसे मीठा भी बनाया जाता है. खासतौर पर यदि टीडीएस की मात्रा एक खास स्तर से बढ़ जाती है तो आरओ एक बेहतरीन उपाय है. मगर बाजार में उपलब्ध ज्यादातर आरओ प्यूरीफायर स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह मुफीद नहीं होते. पानी में पहले से टीडीएस की मात्रा कम हो तो आरओ के प्रयोग से टीडीएस ज्यादा ही कम हो जाता है. आरओ पीने के पानी से जरूरी मिनरलस भी बाहर कर देता है. लंबे समय तक इस के इस्तेमाल से रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है.अब बाजार में टीडीएस कंट्रोल तकनीक से लैस प्यूरीफायर उपलब्ध हैं. इन के प्रयोग से पानी में टीडीएस की मात्रा का बैलेंस बना रहता है.

## बेहतर स्वाद



बेहतर जल होने की वजह से कैंसर, रक्तचाप, हृदय की समस्याएं, त्वचा रोग जैसी बीमारियों से बचाव और ऊर्जा स्तर का सामान्य बने रहना। अब भारत में नई तकनीक आ गई है और बहुत सी मशहूर कंपनियां इस तरह के आरओ का निर्माण करने लगी हैं, जो पानी में आवश्यक मिनरल्स शामिल करते हैं और पीएच लैवल भी मैंटेन रखते हैं. आप को इस तरह के आरओ आसानी से बाजार में मिल जाएंगे.

# फिट रहना है जरूरी, इसलिए कुछ सुझावों पर गौर फरमाएं

**आलस त्यागें**: सब से पहले आलस को त्यागते हुए सुबहसवेरे अपने पास के पार्क तक पैदल चल कर जाएं. यदि मौसम जाने की अनुमति नहीं देता है तो ट्रेडमिल पर कुछ समय बिता सकते हैं. अपने पास के मैट्रो स्टेशन तक भी चल सकते हैं. अपने वाहन को अपने कार्यस्थल से थोड़ी दूर पार्क करें ताकि आप कुछ दूर पैदल चल सकें. औफिस में लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करें.



**ड्राइव करते समय ध्यान रखें**: ड्राइविंग पीठ दर्द प्रमुख कारणों में से एक है. खासकर उन के लिए जिन्हें लंबे समय तक यात्रा करनी पड़ती है. ड्राइव करते समय स्टीयरिंग व्हील से गलत दूरी बनाए रखने से गरदन, हाथों, कंधों, रीढ़ की हड्डी, पीठ, कलाइयों में परेशानी हो सकती है. इसलिए यह सुनिश्चित कर लें कि अपने स्टीयरिंग व्हील से सही ढंग से दूरी बना कर बैठना भी बहुत जरूरी है.

**जब औफिस में हों**: कार्यालय की कुरसी ऐसी होनी चाहिए जिस का निचला हिस्सा आप की पीठ के निचले हिस्से को सपोर्ट दे. कंप्यूटर स्क्रीन की ऊंचाई और आप में समानांतर होना चाहिए।

**शारीरिक कसरत**: कुरसी पर बैठे हुए ही कुछ हलके व्यायाम करने की कोशिश कर सकती हैं. सीधे बैठें और पैरों को फैलाते हुए उन की उंगलियों को ऊपर की ओर रखें. अब उन्हें 30 से 40 डिग्री के स्तर पर उठाने की कोशिश करें और फिर धीरेधीरे जमीन को छूएं बिना उन्हें नीचे तक लाए. इसे 10 से 15 बार दोहराएं. ऐसा करना न केवल आप की टमी को अंदर रखता है, बल्कि आप की पीठ के निचले हिस्से को भी मजबूत करता है.

सुझाव

# ऑफिस में रोज़ाना दिखना है स्टाइलिश तो फॉलो करें ये टिप्स

रोज़ाना अच्छे दिखने के चक्कर में हम कई सारे कपड़े खरीद लेते हैं, ताकि ऑप्शन्स की कमी ना पड़े. ज़्यादा कपड़े मतलब ज़्यादा खर्च. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, हम यहां आपको बताएंगे कि कैसे आप बिना ज़्यादा खर्च किए रोज़ाना स्टॉइलिश लुक पा सकती हैं.



रोज़ाना सुबह उठकर यही सोचना कि आज ऑफिस में क्या पहंनू? मेरे पास कपड़े नहीं हैं! ऐसा हर लड़की के साथ होता है. रोज़ाना सुबह 10 से 15 मिनट सिर्फ ये ही डिसाइड करने में निकल जाते हैं कि आज क्या पहना जाए. इस चक्कर में हम कई सारे कपड़े खरीद लेते हैं, ताकि ऑप्शन्स की कमी ना पड़े. ज़्यादा कपड़े मतलब ज़्यादा खर्च. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, हम यहां आपको बताएंगे कि कैसे आप बिना ज़्यादा खर्च किए रोज़ाना स्टॉइलिश लुक पा सकती हैं. यहां जाने 5 बेसिक ऑप्शन्स के बारे में जो आपकी फिजूल खर्च पर रोक लगा देंगे.

## 1. व्हाइट एंड ब्लैक शर्ट और टी-शर्ट

अपने वॉर्डरोब में एक सफेद और एक काली रंग की शर्ट और टी-शर्ट्स ज़रूर रखें. इन्हें आप किसी भी लोअर्स जैसे जींस, ट्राउज़र्स, सिगरेट पैंट, वाइड लेग्ड पैंट, स्कर्ट, जैगिंग या फिर पलाज़ो के साथ पहनें. जिस तरह आप एक बॉटम के साथ कई तरह की शर्ट्स और टी-शर्ट्स पहनती हैं ठीक वैसे ही इन दो शर्ट्स और टी-शर्ट्स के साथ डिफरेंट लोअर्स पहनकर एक्सपेरिमेंट करें.

## 2. ब्लू डेनिम

आपको कुछ भी पहनना हो जैसे शर्ट्स, टी-शर्ट्स, कुर्ता या फिर शॉर्ट कुर्ता, इन सबके साथ ब्लू डेनिम पहनें. इस डेनिम का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट ये है कि इससे कैजुअल और फॉर्मल दोनों लुक मिल जाते हैं. इस एक डेनिम को आप अपने ऑफिस में भी पहन सकती हैं और शाम को दोस्तों के साथ आउटिंग पर भी.

## 3. दो फुटवेयर

विंटर्स के लिए क्लोज़्ड शूज़ जैसे एक फॉर्मल बैली और बूट्स रखें. ताकी फॉर्मल मीटिंग के लिए आप बैली पहन सकें और जब भी अपने लुक को कूल बनाना हो तो बूट्स पहन लें. इसी तरह गर्मियों में भी एक ओपन सैंडल और दूसरी जूती अपने शू रैक में रखें. ताकि फॉर्मल लुक के लिए जूती पहन लें और बाकी दिन ओपन सैंडल.

## 4. एलबीडी

ऑफिस की पार्टीज़ के लिए हज़ारों खर्च करने के बजाय अपने पास एक एलबीडी (लिटिल ब्लैक ड्रेस) रखें. आप इस ड्रेस को ऑफिस के बाहर दोस्तों के साथ पार्टिज़ में भी पहन सकती हैं. इसके साथ फुटवेयर के तौर पर बैली, बूट्स, ओपन सैंडल, जूती या फिर हील्स कुछ भी पहन सकती हैं.

## 5. बेसिक कुर्तीज़

रंग-बिरंगी प्रिंटेड कुर्तियां खरीदने के बजाय अपने बॉर्डरोब में बेसिक कलर्स जैसे व्हाइट, येल्लो, ब्लैक, ब्लू कुर्तियां रखें. इन्हें आप अपने किसी भी लोअर्स के साथ पहनें. आप इसके साथ किसी भी तरह के फुटवेयर पहन सकती हैं, लेकिन बेस्ट लुक के लिए जूतियां पहनें.

# डैंड्रफ करे खत्म और घटाए वज़न, जानें दही के 5 फायदे

खाने का स्वाद बढ़ाना हो या शुभ काम की शुरूआत करना, दही का कई तरीकों से इस्तेमाल होता है. अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स के मुकाबले ये ज़्यादा पौष्टिक माना जाता है क्योंकि ये दूध, पनीर ये जल्दी पच जाता है. एक स्टडी के मुताबिक, दही में मौजूद पौष्टिक तत्व शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा कर दांत और हड्डियों को मजबूत बनाते हैं. इसके साथ ही दही खाने को जल्दी पचाने में काफी मदद करता है. यहां जानिए दही के ऐसे ही 5 फायदों के बारे में, जिन्हें जानकर आप दही रोज़ाना खाने लगेंगे.



## 1. इम्यूनिटी बढ़ाए

दही में मौजूद अच्छे बैक्टिरिया इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉंग बनाते हैं. ये महिलाओं को वेजिनल इंफ्केशन से बचाता है. इस फायदे के लिए दही को किसी भी फॉर्म में खाया जा सकता है. जैसे किसी फल या मसाले में मिक्स करने, लेकिन सबसे बेस्ट है कि आप इसे प्लेन ही खाएं.

## 2. ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल

अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में हुई रिसर्च के मुताबिक डेयरी प्रोडक्ट्स, खासकर दही का सेवन हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करता है. ये दिल की बीमारियों और स्ट्रोक को होने से भी बचाता है. इस स्टडी में पाया गया कि दूध और पनीर का सेवन भी रक्तचाप पर लाभकारी प्रभाव दे सकता है, लेकिन इन सबमें दही सबसे ज़्यादा फायदेमंद होता है.

## 3. डैंड्रफ करे कम

अगर आपके बालों में डैंड्रफ की परेशानी रहती है तो दही इसका सबसे आसान और असरदार उपाय है. दही में मौजूद लैक्टिक एसिड में एंटी-फंगल प्रॉपर्टीज़ मौजूद होती है, जिससे ये सिर से डैंड्रफ को खत्म करने में मदद करता है. इसके लिए एक कटोरी दही को अच्छे से फेंटकर स्कैप्ल पर लगाएं और एक घंटे बाद नॉर्मल पानी से धो लें.

## 4. वज़न करे कम

सभी न्यूट्रिशनिस्ट्स वजन कम करने वाले डाइट प्लैन में दही को ज़रूर शामिल करते हैं. दही में मौजूद कैल्शियम शरीर में कॉर्टिसॉल हार्मोन को बनने से रोकता है. ये हार्मोन हाइपर टेंशन, ओबेसिटी और कोलेस्ट्रोल का कारण बनता है. अगर आपने अभी तक कोई डाइट प्लैन नहीं बनाया है और वज़न कम करना चाहते हैं तो दही को रोज़ाना अपने खाने के साथ शामिल करें.

## 5. चेहरा बनाए ग्लोइंग

दही में मौजूद विटामिन ई, जिंक और फॉस्फोरस स्किन की रंगत को निखारता है. इसे आप अपने फेस पैक में मिलाएं या खाली दही से चेहरे की दो मिनट मसाज दें. सबसे बेस्ट फेस पैक हैं बेसन और नींबू में दही मिलाकर हफ्ते में दो बार चेहरे पर लगाएं.

रेसिपी

## चिल्ली गार्लिक नूडल्स



### सामग्री

तेल- 2 टेबलस्पून, लहसुन- 2 कली, साबुत लाल मिर्च-1 (कटी हुई), हरा प्याज-2 (कटा हुआ), प्याज- 2 टेबल स्पून, गाजर- 2 टेबलस्पून, हरी शिमला, लाल मिर्च- ड्ट (कटी हुई), चिल्ली,सोया सॉस- 1 टेबलस्पून, काली मिर्च-द टीस्पून, सिरका- 1 टेबलस्पून, चीनी- ड्ट टीस्पून, नमक- द टीस्पून, नूडल्स- 440 ग्राम या 2 पैकट (पके हुए), चिल्ली फ्लेक्स- ½ टीस्पून।

### विधि

चिल्ली गार्लिक नूडल्सएक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन और लाल मिर्च के भूनें। इसके बाद इसमें हरे प्याज और लाल प्याज डालकर फ्राई कर लें। इसमें गाजर, हरी शिमला मिर्च और लाल शिमला मिर्च डालकर चलाएं। इसके बाद इसमें चिल्ली सॉस, सोया सॉस, सिरका, काली मिर्च, चीनी और नमक डालकर पकाएं। इसमें नूडल्स डालकर अच्छी तरह मिक्स करने के बाद हरे प्याज और चिल्ली फ्लेक्स डालें। आपके चिल्ली गार्लिक नूडल्स बन कर तैयार है। अब आप इस गर्मा-गर्म नूडल्स को सॉस के साथ सर्व करें।

## बेसन चीला



### सामग्री

1 कप बेसन, 1/4चम्मच हल्दी,1/4 चम्मच अजवाइन, नमक स्वादनुसार,आधा कप पानी,आधा प्याज ( कटा हुआ), 2 बड़े चमच धनिये के पत्ते (कटे हुए), आधा टमाटर(कटा हुआ),1 इंच अदरक (कटा हुआ),1 हरी मिर्च ( कटी हुई), 5 चमच तेल 1 हरी मिर्च ( कटी हुई)।

### विधि

बड़े बाउल में 1 कप बेसन मिलाएं। फिर इसमें 1/4चम्मच हल्दी, 1/4चम्मच अजवाइन और नमक डालकर अच्छे से मिला लें। अब इसमें आधा कप पानी मिलाए और तब तक हिलाते रहे, जब तक यह स्मूद पेस्ट न बन जाएं। अब इसको 30 मिनट के लिए साइड पर रख दें। अब इस पेस्ट में आधा कटा प्याज ,आधा टमाटर, 2 बड़े चमच धनिया पत्ते, 1 इंच कटा हुआ अदरक और 1हरी मिर्च मिलाएं। फिर इसे अच्छे से मिस करें और फिर से स्मूद पेस्ट बना लें। एक गर्म तवे पर चमचे की मदद से इस पेस्टको फैलाएं। फिर चिल्ला के ऊपर तेल के कुछ चमच डालें और मध्यम आंच पर पकाएं। चीला को दोनों साइड से पकाएं। बस बनकर तैयार है आपका बेसन चीला। इसे मोड़कर हरी चटनी के साथ सर्व करें।

# किसी को अचानक आ जाए हार्ट अटैक, तो करें ये एक काम

मौका था ऑफिस की दिवाली पार्टी का. सभी कलीग्स पार्टी एंजॉय कर रहे थे. दिवाली के रंगोली कॉम्पिटिशन, डेकोरेशन, तम्बोला जैसे कॉम्पिटिशन में हिस्सा ले रहे थे, हंस रहे थे. इन सब के बीच मेरे एक कलीग को बहुत तेज़ खांसी हुई. पार्टी का माहौल था, शोर भी था, हमें लगा सिर्फ नॉर्मल खांसी होगी. इसीलिए उन्हें पानी दिया और उन्होंने दो मिनट रुककर आने को कहा. हम भी मान गए और फिर से पार्टी में शामिल हो गए.

जैसे ही हम थोड़े आगे आए...हमें किसी के गिरने की आवाज़ आई. हमने पीछे मुड़कर देखा तो हमारा वही कलीग कुर्सी से नीचे गिरा हुआ था. उनके पैर काफी सख्त हो गए थे, एक हाथ से वो अपनी छाती को दबा रहे थे और दूसरे हाथ से टेबल पकड़ी हुई थी. हम सभी ने भागकर उन्हें संभाला. उन्हें पकड़कर पानी पिलाने की कोशिश की, हाथ-पैर रगड़े. उन्हें उठाकर सोफे पर लिटाया.

दो मिनट बीते...चार मिनट बीते...उनकी हालत में ज़रा-सा भी सुधार नहीं आया. इस बीच हम डॉक्टर को फोन कर चुके थे, लेकिन डॉक्टर को आने में कम से कम 10 से 12 मिनट लगते क्योंकि पास का हॉस्पिटल लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर था. हम उन्हें खुद हॉस्पिटल लेकर जाते, इसके लिए ज़्यादा वक्त लगता. इसीलिए डॉक्टर को ऑफिस ही बुलाया. इस बीच हमारे वो कलीग बेहोश हो गए. बेहोशी में उनके दोनों घुटने मुड़े हुए और दोनों हाथ छाती पकड़े हुए थे. फिर भी हम उनके हाथ-पैरों को रगड़ते रहे, मुंह पर पानी की छींटे मारते रहे. छाती मलते रहे.

डॉक्टर आए, उन्होंने फटाफट हमारे कलीग को देखा. डॉक्टर ने 10 मिनट लगाए. चेक किया, हार्ट बीट सुनी, नब्ज़ देखी, आंखें बार-बार खोल के देखी. आखिर में हम सभी को बताया कि %।।द्द द्वह्य ड्ढश द्वशह्द्द%...हम सभी ज़ोर का झटका लगा! कि ये क्या हुआ अभी कुछ देर पहले तो हम सभी एक साथ पार्टी एंजॉय कर रहे थे और अब!

डॉक्टर ने वजह बताई हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा. लेकिन वो सिर्फ 26 का लड़का था, जिसे काम करते हुए सिर्फ दो साल ही हुए थे. हम सभी शॉक में थे कि सिर्फ 26 के लड़के को हार्ट अटैक कैसे आ सकता है! लेकिन ऐसा हुआ और हमारे बीच अब वो कलीग नहीं रहा.

जिस तरह से हमारे उस कलीग ने छाती पकड़ी हुई थी उससे हमें ये लगा था कि शायद से हार्ट अटैक हो सकता है. लेकिन हमें कभी यह मालूम ही नहीं हुआ कि अचानक आए दिल के दौरे में तुरंत राहत कैसे दी जाती है.

### यहां आपसे कुछ पॉइंट्स भी शेयर कर रहे हैं कि ऐसी सिचुएशन में क्या-क्या करना चाहिए.

1. मरीज़ को देखकर आप खुद घबराएं नहीं और फटाफट मदद के लिए आस-पास के लोगों और डॉक्टर को बुलाएं.
2. सबसे पहले चेक करें कि मरीज़ होश में है या नहीं.
3. अगर मरीज़ बेहोश है तो उसकी सांसे चेक करें. इसके लिए उसकी नाक के पास अंगुलियों या कानों से चेक करें कि सांसे चल रही है या नहीं.
4. मरीज़ की पल्स चेक करें.
5. अगर मरीज़ सांस भी ना लें और उसकी पल्स भी नहीं आ रही है तो उसे CPR दें.
6. CPR के लिए अपने बाएं हाथ को सीधा रखें उसके ऊपर दाएं हाथ को रख अंगुलियों को लॉक करें.
7. अब हाथों को छाती के बीचो-बीच लाएं और अपने पूरे प्रेशर से छाती को दबाएं.

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )